CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 25°C

लखनऊ, शनिवार 6 सितम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 306 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में मान्यता मिले: राष्ट्रपति मुर्मू पेज 2




भारतीय जर्सी को स्पॉन्सर करना अब और महंगा खेल टाइम्स



सरकारी स्कूलों को जिंदा रहने दें 'प्लीज' सम्पादकीय



रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत की यूएन में दो टूक राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने को तैयार पेज 2

# मां नंदा-सुनंदा की विदाई को उमड़ा आस्था का सागर

**अफजल 'फौजी'**

**नैनीताल।** मां नंदा सुनंदा महोत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार को मां नैना देवी मंदिर से डोला तय समय के अनुसार धार्मिक ध्वज के साथ 12:00 बजे निकाला गया।

इस दौरान मंदिर परिसर व क्षेत्र मां के जयकारों से गूंज उठा, वहीं हजारों की संख्या में भक्तों ने मां को विदा करने को लेकर डोले में शामिल हुए और डोला नैना देवी मंदिर से प्रारंभ होकर आर्य समाज में पूजा-अर्चना के बाद मल्लीताल बाजार से पंत पार्क, लोअर माल रोड से तल्लीताल बाजार वैष्णव देवी मंदिर में पूजा के बाद नया बाजार पिछाड़ी बाजार होते हुए वापस बड़ा बाजार चीना बाबा मंदिर होते हुए ठंडी सड़क में विसर्जन किया गया। भक्त मां को नाच गाकर और मां के जयकारों के साथ विदा कर रहे थे। डोला भ्रमण



### बैंडों के बेहतरीन गीतों की शानदार प्रस्तुति दी

मां नंदा देवी महोत्सव में नगर के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से बैंड द्वारा बेहतरीन गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई, भक्त झूमते नजर आए एवं करतब दिखाया गया। वही मां नंदा देवी महोत्सव का सीधा प्रसारण ताल चैनल व यूट्यूब के माध्यम से दिखाया गया।

अलग-अलग शहरों से आए बैंड बाजों व छोला नृत्य के ग्रुप ने भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया और पूरा शहर मां के जयकारों से गूंज रहा था। प्रातः से ही मां के भक्त मंदिर में पहुंच रहे थे और पूरा मंदिर परिसर मेला क्षेत्र में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा हुआ था। मां को विदा करने नैनीताल के अलावा -शेष पृष्ठ दो पर

### चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे

एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्रा ने बताया मां नंदा देवी महोत्सव के दौरान नगर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। पुलिस बल की तैनाती हर प्रमुख स्थल पर की गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। फायर व पुलिस के वाहन भी भीड़ के साथ ही चल रहें है। नैनी झील में सुरक्षा को लेकर एसडीआरएफ की टीम तैनात की हुई है। पूरे मेले को पुलिस अपने संचालन में नियंत्रण कर रही है। ड्रोन के माध्यम से भी नजर रखी जा रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए करीब डेढ़ सौ पुलिसकर्मी लगाए गए हैं।

### मां नंदा-सुनंदा के डोले का भव्य स्वागत

नंदा देवी महोत्सव के तहत तल्लीताल टोल टैक्स पर मां नंदा-सुनंदा के डोले का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर पारंपरिक ढोल-दमाऊं की थाप पर जयकारों के साथ स्वागत किया। नगर का माहौल धार्मिक उत्साह और आस्था से सराबोर हो उठा।

### उमड़ी भीड़ से बसों में सफर करना हुआ मुश्किल

नंदा देवी महोत्सव के दौरान दूर दराज से नैनीताल मां के दर्शन करने आए भक्तों को वापस जाने के लिए बसों में सफर करना मुश्किल हुआ। बसों में बैठने के लोग खिड़कियों से चढ़ने लगे।

# सीडीएस चौहान ने बताया ऑपरेशन सिंदूर का सीक्रेट

**गोरखपुर, वार्ता**

- **कहा: बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान ने अलग-अलग सबक सीखे**

**चीफ ऑफ** डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान ने अलग-अलग सबक सीखे।

भारत ने जहां लंबी दूरी तक मार करने वाले प्रिंसिजन हथियार और हमले के बाद नुकसान का आकलन करने की क्षमता पर ध्यान दिया, वहीं पाकिस्तान ने संभवतः अपनी एयर डिफेंस प्रणाली को मजबूत करने पर फोकस किया। जनरल चौहान ने याद दिलाया कि 2016 में उरी हमले के बाद भारतीय सेना ने जमीनी रास्ते से पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के कैंप तबाह किए। 2019 पुलवामा हमले के बाद भारतीय वायुसेना ने खैबर पख्तूनख्वा में एयरस्ट्राइक की थी। हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के पास पहले से ही और बेहतर प्रिंसिजन स्ट्राइक क्षमता मौजूद थी।जब राजनीतिक नेतृत्व से चर्चा हुई तो यह साफ हो गया कि सिर्फ ड्रोन और लोटरिंग म्यूनिशन से लक्ष्य हासिल नहीं होगा। बहावलपुर और मुरीदके में आतंकी ठिकाने तबाह करने के लिए एयर पावर का इस्तेमाल जरूरी था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने सेना को साफ निर्देश दिए थे कि आतंकी ठिकाने नष्ट करने हैं।

### नौ लाख शिक्षकों को योगी का तोहफा, मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। लोकभवन में इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिषदीय विद्यालयों के 66 व माध्यमिक शिक्षा विभाग के 15 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मॉनिटरिंग के लिए टैबलेट, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए प्रधानाचार्यों को टैबलेट व प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि बेसिक शिक्षा ने बाल वाटिका का एक नया रूप लाया है। इस सत्र में पांच हजार से अधिक बाल वाटिकाएं शुरू हो चुकी हैं।

### मुंबई में अनंत चतुर्दशी से पहले ब्लास्ट की धमकी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को गुरुवार देर रात व्हाट्सएप पर धमकी भरा मैसेज मिला, जिसमें दावा किया गया है कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी शहर में आ चुके हैं। आतंकी 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं। धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने शहर भर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया। क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। एंटी-टेररिज्म स्क्वाड (एटीएस) व अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है। शनिवार को गणेशोत्सव का अंतिम दिन (अनंत चतुर्दशी) है।

### भारत-अमेरिका से लेगा 5वीं जनरेशन के विमान इंजन

**नई दिल्ली।** टैरिफ वॉर की तल्खी के बीच भारत की विमान निर्माता कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के बीच जेट इंजन को लेकर कई रक्षा सौदे फाइनल स्टेज में हैं। एचएएल सूत्रों के मुताबिक सबसे बड़ा सौदा जेट जीई 414 इंजन का होने जा रहा है। यह इंजन भारत के 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान एम्का में लगेगा।

# मोदी की कूटनीतिक चाल से ट्रम्प हैरान, परेशान

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने मानी गलती: भारत-रूस को चीन के हाथों खोया

**वाशिंगटन, वार्ता**



- **टैरिफ वॉर: एससीओ समिट के बाद नरम पड़े ट्रम्प**
- **ट्रम्प ने पोस्ट में लिखा- ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो, एक तस्वीर भी शेयर की**

**अमेरिका की** तरफ भारत पर लगाए गए टैरिफ के बाद दोनों देशों के बीच तनाव देखने को मिल रहा है। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार भारत पर निशाना साधते नजर आ रहे थे, लेकिन चीन में हाल ही में संपन्न हुए एससीओ सम्मेलन के बाद अब ट्रम्प के तेवर नरम पड़ते दिख रहे हैं। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा कि लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को सोशल मीडिया ट्रुथ पर पोस्ट में एक तस्वीर भी शेयर की है। इस तस्वीर में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट में डोनाल्ड ट्रम्प ने लिखा कि लगता है कि हमने भारत और रूस को गहरे, अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो। ट्रम्प की यह टिप्पणी पर उस समय आई है जब पिछले दिनों चीन के तियानजिन में आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नजदीकियों ने विश्व का ध्यान खींचा था। भारत-अमेरिका संबंधों में खटास तब और गहरी हो गई जब ट्रम्प प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया और साथ ही रूस से कच्चा तेल खरीदने पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क भी लगा दिया। वहीं अपने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस पोस्ट को लेकर सवाल पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस समय इस पोस्ट पर मेरी कोई टिप्पणी नहीं है। इससे पहले तमाम पूर्व अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत के साथ संबंध सुधारने की नसीहत दी थी। इस कड़ी में पूर्व अमेरिकी एनएसए जॉन बोल्टन ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है, जिससे पीएम मोदी रूस और चीन के करीब चले गए हैं।

### ट्रम्प के करीबी पीटर नवारो के बयान पर भारत का पलटवार

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के करीबी और व्हाइट हाउस ट्रेड के सलाहकार पीटर नवारो के हालिया बयानों को सख्ती से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने साफ कहा कि नवारो के बयान न केवल गलत हैं, बल्कि भ्रामक भी हैं। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते गहरे हैं और इन्हें भ्रामक बयानों से प्रभावित नहीं किया जा सकता। साथ ही ब्लूमबर्ग की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को गुप्त पत्र भेजने वाली रिपोर्ट को गलत बताया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया में हो रहे प्रदर्शन पर भी विदेश मंत्रालय ने अपनी बात कही। जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। यह साझेदारी साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच मजबूत रिश्तों पर आधारित है।

# मुसीबत में अनिल अंबानी

## SBI, BOI के बाद BOB ने ऋण खाते को फ्रॉड घोषित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- **आरकॉम ने अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने की जानकारी दी**

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के ऋण खाते को फ्रॉड के रूप में वर्गीकृत कर दिया है।

एक नियामक फाइलिंग के अनुसार उनपर इस कार्रवाई के लिए एक दशक से पहले दिए गए ऋणों के कथित दुरुपयोग का हवाला दिया गया है। आरकॉम ने कहा कि उसे बैंक ऑफ बड़ौदा से 2 सितम्बर को एक पत्र मिला है जिसमें कंपनी और उसके प्रवर्तक अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के निर्णय की जानकारी दी गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने कंपनी को 1,600 करोड़ रुपये और 862.50 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा स्वीकृत की थी। आरकॉम की ओर से नियामकीय फाइलिंग में जारी बैंकों के पत्र के अनुसार, कुल 2,462.50 करोड़ रुपये में से 28 अगस्त तक 1,656.07 करोड़ रुपये बकाया थे। पत्र में कहा गया है, इस खाते को 5 जून 2017 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। आरकॉम नियंत्रण और अपनी देनदारियों को चुकाने के लिए कॉर्पोरेट दिवाला समाधान कार्यवाही से गुजर रही है। हालांकि, बैंक ऑफ बड़ौदा ने पत्र में कहा है कि वर्तमान में एनसीएलटी की ओर से अनुमोदित कोई सक्रिय समाधान योजना अस्तित्व में नहीं है।

### दंतेवाड़ा में मुठभेड़, छह माओवादी ढेर!

**दंतेवाड़ा।** मानसून ब्रेक के बाद बस्तर में नक्सलियों के खात्मे को लेकर फिर ऑपरेशन तेज हो गए हैं। नारायणपुर और दंतेवाड़ा के बॉर्डर इलाके में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ चल रही है, जिसमें छह नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिल रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के पास सूचना थी कि नक्सलियों की एक बड़ी टीम अबूझमाड़ के एक इलाके में जमा है और किसी बड़ी बैठक की तैयारी चल रही है।

# देश में बरसाती आफत का कहर जारी

## दिल्ली समेत राजस्थान व पंजाब के हालत बदतर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **एनसीआर में बाढ़, नोएडा के कई सेक्टर डूबे, अजमेर में बोराज तालाब टूटा, 1000 घरों में भरा पानी**
- **पंजाब में 43 मौतें, पाकिस्तान का पानी भारत में घुसा**

**नई दिल्ली।** बारिश से पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही आ गई है। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश के कारण यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इससे कई इलाकों में बाढ़ आ गई है।

नोएडा में सेक्टर-135 और सेक्टर-151 डूब गए हैं। कई इलाके में 3 से 4 फीट पानी भरा है। पाकिस्तान से आने वाले बाढ़ के पानी से भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर कई किलोमीटर लंबा बाड़ डूब गया है। पंजाब के फिरोजपुर में शुक्रवार को लोगों ने रेत से भरी बोरियां रखकर बांध बनाया। मध्य प्रदेश के राजगढ़ में शुक्रवार को एक कार पुल से कालीसिंध नदी में गिर गई। इसमें स्थानीय भाजपा नेता महेश सोनी के 26 साल का बेटा सवार था, जिसके नदी में बह जाने की आशंका है। दिल्ली में सिविल लाइंस स्थित मॉनेस्ट्री मार्केट और वासुदेव घाट -शेष पृष्ठ दो पर

## देश के 47 प्रतिशत मंत्रियों पर आपराधिक केस दर्ज

# 653 मंत्रियों में से 174 पर मर्डर, रेप जैसे गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




- **आरोपियों में भाजपा के 136, कांग्रेस के 45 मंत्री, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, नागालैंड व उत्तराखंड के किसी मंत्री पर कोई आपराधिक केस दर्ज नहीं**

**नई दिल्ली।** देशभर के 302 मंत्री (करीब 47प्रतिशत) खुद पर आपराधिक केस होने की बात स्वीकार कर चुके हैं। इनमें 174 मंत्री ऐसे हैं, जिन पर हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं।

वहीं, केंद्र सरकार के 72 मंत्रियों में से 29 (40प्रतिशत) ने आपराधिक केस होने की बात मानी है। यह जानकारी चुनाव सुधार संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स' (एडीआर) की रिपोर्ट में सामने आई है। एडीआर ने 27 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के कुल 643 मंत्रियों के शपथ पत्रों (एफिडेविट) का विश्लेषण किया। एडीआर ने यह भी कहा कि जिन शपथ पत्रों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है, वे 2020 से 2025 के बीच चुनावों के दौरान दाखिल हुए थे। इन मामलों की स्थिति बदल भी सकती है। केंद्र सरकार ने हाल ही में एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक मामलों में 30 दिन की गिरफ्तारी के बाद पद से हटाने की बात कही गई थी। भाजपा के 336 मंत्रियों में से 136 (40 प्रतिशत) पर आपराधिक केस हैं, वहीं 88 (26प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं। कांग्रेस के 61 मंत्रियों में से 45 (74 प्रतिशत) पर केस हैं, 18 (30 प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं। डीएमके के 31 में से 27 (87 प्रतिशत) मंत्री आरोपी हैं, 14 (45 प्रतिशत) पर गंभीर केस हैं। टीएमसी के 40 में से 13 (33 प्रतिशत) पर केस हैं, 8 (20 प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के 23 में से 22 (96 प्रतिशत) मंत्री आरोपी हैं, 13 (57प्रतिशत) पर गंभीर केस हैं। आम आदमी पार्टी के16 में से 11 (69प्रतिशत) मंत्री आरोपी हैं, 5 (31प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खड़गे-राहुल ने शिक्षक दिवस पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शिक्षक दिवस पर देशवासियों को बधाई दी है। खड़गे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा कि शिक्षकों को सच्चा राष्ट्र-निर्माता माना जाता है। उन्होंने कहा कि इस शिक्षक दिवस पर, हम इन राष्ट्र-निर्माताओं के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। हम भारत के पूर्व राष्ट्रपति, एक दार्शनिक और राजनेता, डा. एस. राधाकृष्णन को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनका ज्ञान, समर्पण और योगदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। गांधी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन।

### शिक्षण संस्थानों में आरक्षण समाप्त करने की साजिश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के बच्चों के हक को भी चुरा रही है और सरकारी संस्थानों को रणनीति के तहत बंद कर शिक्षा व्यवस्था को निजी हाथों में सौंप कर आरक्षण को समाप्त करने की साजिश कर रही है। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेंद्र पाल गौतम, आदिवासी कांग्रेस के प्रमुख डा. विक्रांत भूरिया तथा कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रमुख डा. अनिल जयहिंद ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग के बच्चों के संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रही है और उनके हित में जो फैसला न्यायालय से आया है उसको लागू नहीं किया जा रहा है।

# दुष्टों का संहार करके ही सुरक्षित रहेगा राष्ट्र: योगी

## सुरक्षा के माहौल में ही समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्य नाथ ने शुक्रवार कहा कि नागरिकों के संरक्षण और दुष्टों का संहार करके ही कोई राष्ट्र सुरक्षित रह सकता है और सुरक्षा के माहौल में ही समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

योगी शुक्रवार को लीन महंत दिग्विजयनाथ की 56वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों पर संगोष्ठी श्रृंखला के पहले दिन भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफअनिल चौहान का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने आचार्य चाणक्य के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई राष्ट्र वाह्य रूप से सुरक्षित हो और आंतरिक रूप से सुरक्षित न हो, तो उसे अराजक राष्ट्र माना जाता है। ऐसा अराजक राष्ट्र शीघ्र समाप्त होने के कगार पर होता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इसी तरह के अराजक राष्ट्र का उदाहरण है। आंतरिक अराजकता से वह पूरी तरह खोखला हो चुका है। अराजकता किसी भी राष्ट्र को दुर्गति की ओर ले जाती है। दुर्गति से अस्तित्व पर संकट होता है। भारत प्राचीनकाल से ही इस पर सजग और सतर्क रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैदिककाल से ही भारत में यह शिक्षा दी गई है कि धरती हमारी माता है और हम धरती के पुत्र हैं। कोई भी सुयोग्य पुत्र मां के साथ अराजकता बर्दाश्त नहीं कर सकता। भारत मां की आन, बान और शान के प्रति किसी ने दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ हर भारतीय खड़ा होगा।

### मुख्ययमंत्री योगी ने दी शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद, 'भारत रत्न' डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं प्रदेश वासियों को 'शिक्षक दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि भारतीय संस्कृति एवं वेदांत दर्शन को वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित कर 'आधुनिक भारत-शिक्षित भारत' के निर्माण में उनका अतुलनीय योगदान हम सभी के लिए पाथेय है। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश जारी किए।

# मनरेगा को कमजोर करना बड़ी रणनीति का हिस्सा: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मोदी सरकार ने योजना को पर्याप्त बजट का आवंटन नहीं किया: जयराम रमेश

कांग्रेस ने मनरेगा को ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वपूर्ण योजना बताते हुए कहा कि एक रणनीति के तहत दुनिया की इस सबसे बड़ी कल्याणकारी योजना को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां एक बयान में इस बात पर चिता व्यक्त की है कि मोदी सरकार ने इस योजना को पर्याप्त बजट का आवंटन नहीं किया है। रमेश ने कहा कि आज महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना-मनरेगा कानून बनने की 20वीं वर्षगांठ है। होना तो यह चाहिए था कि आज हम दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक कल्याण योजना की उपलब्धियों को याद करते, लेकिन इस सरकार में योजना के अनिश्चित भविष्य को लेकर चिता जतानी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय के नियमों के अनुसार किसी भी सरकारी योजना को वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में बजट का 60 प्रतिशत से अधिक खर्च करने की अनुमति नहीं है, लेकिन मंत्रालय ने सिर्फ पांच महीनों में ही 60 प्रतिशत बजट खत्म कर दिया है, जिससे देश की करोड़ों ग्रामीण परिवारों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। रमेश ने कहा कि यह संकट कोई अपवाद नहीं, बल्कि मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा है। मनरेगा को पिछले 11 वर्षों से पर्याप्त बजट नहीं मिला है। उच्च महंगाई के बावजूद पिछले तीन सालों से बजट लगभग स्थिर है। इससे योजना की मांग-आधारित दृष्टि का मजाक बन गया है और करोड़ों श्रमिकों को जरूरत पड़ने पर काम नहीं मिल पाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा मजदूरों को वेतन भुगतान 15 दिनों की वैधानिक समयसीमा के बाद भी देर से मिलता है और मुआवजा भी नहीं दिया जाता।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अलर्ट

**शाह टाइम्स बयूरो**

■ यमुना नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए राहत और बचाव कार्य तेजी पर

**लखनऊ।** पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ प्रभावित जिलों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। इनमें से ज्ड़ादातर जिले यमुना नदी के किनारे हैं, जिसका जलस्तर पिछले चार दिनों से लगातार बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों में खासकर राज्य के पश्चिमी हिस्सों में राहत और बचाव दल को हाई अलर्ट पर रखा गया है। अभी तक जिन 28 जिलों में बाढ़ की सूचना मिली थी, उनमें आगरा, अलीगढ़, बलिया, बारा. बंकी, बदायूं, बस्ती, चंदौली, फर्रुखाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई, कासगंज, कानपुर देहात, कन्नौज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मथुरा, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, सहारनपुर, शाहज. हांपुर, संत कबीर नगर, सीतापुर और उन्नाव शामिल थे। इनमें से आगरा, अलीगढ़, बाराबंकी, बस्ती, गौतमबुद्ध नगर, गोरखपुर, हरदोई, कन्नौज, मथुरा, पीलीभीत, सहारनपुर, संत कबीर नगर और सीतापुर में लोग बाघ से प्रभावित हैं। अधिकारियों की मानें तो 889 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य 319 बाढ़ आश्रय स्थलों का संचालन कर रहा था जहां 5,453 लोगों को स्थानांतरित किया गया था।

## योगी सरकार और पुलिस पर जमकर बरसे सपा प्रमुख

# अखिलेश की गाड़ी का 8 लाख का चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: भाजपा के लोग पूरा सिस्टम चला रहे, सरकार जनता से वसूली कर रही

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी गाड़ी का आठ लाख का चालान होने के बाद शुक्रवार को सरकार और पुलिस पर जमकर बरसे। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के लोग पूरा सिस्टम चला रहे हैं।

सरकार जनता से वसूली कर रही है। सुविधाएं नहीं दे रही है, लेकिन जमकर टैक्स वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी गाड़ी का आगरा एक्सप्रेस वे पर ओवर स्पीडिंग के कारण आठ लाख रुपये का चालान कर दिया। सरकार की तरफ से जो गाड़ी हमें दी गई है, वो चलने की हालत में नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर वो भी गाड़ी ढूढेंगे और विपक्षियों को देंगे। शिक्षक दिवस पर शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यादव ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षक जगत में जो पहचान बनाई है, उसको हम नमन करते हैं। आने वाले दिनों में समा. जवादी सरकार बनने पर क्वालिटी ऑफ एजुकेशन और रोजगार पर फोकस करेंगे। यह सरकार समाज, शिक्षक, शिक्षा को बर्बाद कर रही है। सरकार लोगों को पढ़ने नहीं देना चाहती है। समाज पढ़ेगा तो तर्क करेगा। शिक्षा से आत्मबल बढ़ता है। सपा प्रमुख ने कहा कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में नहीं है। ऐसा नहीं रहता, तो 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को आंदोलन नहीं करना पढ़ता। स्कूल बंद नहीं करने पड़ते। प्रतापगढ़ में डीफार्मा का फर्जी कोर्स चलाने वाले को जेल में डाल दिया गया, जबकि वो बीजेपी का करीबी है। उन्होंने ने कहा कि सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। आज से महज 493 दिन बचे हैं। इस बार वो वोट नही बघ्ने देंगे। इनके पास चुनावी तिकघे है। जुगाघ आयोग के जरिये यह सारा काम करते हैं। उन्होंने जीएसटी की दरों में बदलाव पर कहा कि ये सब चुनाव को देखकर किया गया है। मुनाफाखोरी कम नहीं हो रही है। ट्रंप के टैरिफ ने भाजपा के लोगों के मुंह पर ताला लगा दिया है।

### चीन का सामान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को पूरी तरह खत्म कर देगा

चीन का सामान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को पूरी तरह खत्म कर देगामेक इन इंडिया की बात करने वाले लोग हमारे बाजारों में चीन का माल भर दे रहे हैं। । आज पूरा बाजार चीन के माल से भरा पड़ा है। इस दौरान भाजपा विधायक केतकी सिंह के टोटी चोर वाले बयान पर उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर टोटी चोर होने का आरोप लगाया गया, मेरे घर को गंगाजल से धुलवाया गया। भाजपा भले इस बात को भूल जाए, लेकिन मैं नहीं भूल सकता। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी को जिम्मेदार ठहराया और कहा स्टिंग ऑपरेशन कराया गया, मैं इसे कभी नहीं भूलूंगा।



सेंसेक्स 8145667
निफ्टी 24950.50

सोना रु. 105751
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# शुरुआती तेजी के बाद सपाट बंद हुए शेयर

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को शुरुआती तेजी और उसके बाद बड़ी गिरावट से गुजरते हुये प्रमुख सूचकांक अंत में सपाट बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 7.25 अंक टूटकर 80,710.76 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 6.70 अंक की मजबूती के साथ कारोबार की समाप्ति पर 24,741 अंक पर पहुंच गया। एफएमसीजी, आईटी और रियलिटी सेक्टरों पर काफी दबाव रहा। वहीं ऑटो, धातु और बैंकिग सेक्टरों में तेजी रही। ऑटो कंपनियों में लिवाली से सेंसेक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.34 प्रतिशत और मारुति सुजुकी का 1.70 फीसदी की बढ़त में रहा। पावर ग्रिड (1.21 प्रतिशत) और रिलायंस इंडस्ट्रीज (1.11 प्रतिशत) में भी एक फीसदी से अधिक की तेजी रही। एफएमसीजी और आईटी पर दबाव के कारण आईटीसी का शेयर 2.01 प्रतिशत टूट गया, जबकि एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस में क्रमशः 1.55 फीसदी और 1.53 फीसदी की गिरावट रही। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच सेंसेक्स 294.41 अंक की तेजी के साथ 81,012.42 अंक पर खुला और 81,036.56 अंक तक मजबूत हुआ, लेकिन एक घंटे के भीतर यह लाल निशान में चला गया। एक समय यह गत दिवस के मुकाबले करीब 400 अंक नीचे 80,321.19 अंक तक उतर गया था, लेकिन बाद में फिर सुधार देखा गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 84.55 अंक चढ़कर 24,818.85 अंक पर खुला। इसका ग्राफ भी कमोबेश सेंसेक्स जैसा ही रहा। यह ऊपर 24,832.35 अंक और नीचे 24,621.60 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.19 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। बढ़त में रहने वाली अन्य कंपनियों में इटरनल, सनफार्मा, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और टाटा स्टील के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, हिदुस्तान यूनीलिवर, एलएंडटी, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और अडानी पोर्ट्स के शेयर लाल निशान में बंद हुये। एशियाई बाजारों में जापान की निक्केई 1.03 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.24 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 1.43 प्रतिशत उछल गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.29 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.27 फीसदी ऊपर कारोबार कर रहा था।

### जीएसटी घटने से जूता कारोबारी खुश

**आगरा।** जीएसटी काउंसिल की बैठक में आगरा के फुटवियर कारोबार को काफी राहत मिली है। 2500 रुपए तक की कीमत के फुटवियर पर अब 12 फीसदी की बजाय सिर्फ पांच फीसदी जीएसटी लगेगी। आगरा में जूता कारोबारियों की ये मांग लंबे वक्त से मांग चली आ रही थी। आगरा के जूता कारोबारी इस कदम का स्वागत कर रहे हैं तो राज्य सभा सांसद रामजी लाल सुमन ने कहा है कि ये जनता के दबाव में हुआ है। शू फैक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल अगस्त से 12 से 5 फीसदी जीएसटी की मांग कर रहे थे। 2 सितम्बर 2024 में एक महासभा की थी, जिसमें 26 प्रांतों के कारोबारी शामिल हुए थे। महासभा में जीएसटी कम करने को लेकर चर्चा हुई थी। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से भी मुलाकात हुई थी उन्होंने जीएसटी कम करने का आश्वासन दिया था।

# शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में मान्यता मिले: मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर यहां एक समारोह में देश भर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। श्रीमती मुर्मू ने इस मौके पर कहा कि भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करते हैं।

उन्होंने एक शिक्षक के रूप में अपने वक्त को याद किया और उस समय को अपने जीवन का एक बहुत ही सार्थक काल बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को सक्षम बनाती है। शिक्षा की शक्ति से गरीब से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी उन्नति के आसमान को छू सकते हैं। बच्चों की उड़ान को बल देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों का सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि उनके विद्यार्थी उन्हें जीवन भर याद रखें और परिवार, समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है। नैतिक आचरण का पालन करने वाले संवेदनशील, जिम्मेदार और समर्पित विद्यार्थी उन विद्यार्थियों से बेहतर होते हैं, जो केवल प्रतिस्पर्धा, किताबी ज्ञान और स्वार्थ में रुचि रखते हैं। एक अच्छे शिक्षक में भावनाएं और बुद्धि दोनों होती हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मां-नंदा....**

आसपास के ग्रामीण, हल्द्वानी, रामनगर काशीपुर, रुद्रपुर सहित अन्य शहरों से मां के भक्तों मां को विदा करने के लिए नैनीताल पहुंचे हुए हैं। और पूरा शहर मां नंदा सुनंदा के रंग में रंगा हुआ है। आयोजक श्री -राम सेवक सभा द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरण किया जा रहा था। गाड़ियों में सवार मां के भक्तों द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मां नंदा सुनंदा की शोभायात्रा में मेला अधिकारी एसडीएम केएन गोस्वामी, अधिशाषी अधिकारी रोहतांश शर्मा, विनोद जीना, एसपी क्राइम व यातायात डा. जगदीश चन्द्रा ने कंधा देकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान महोत्सव राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश बवाड़ी, मुकेश जोशी मंटू,प्रो. ललित तिवारी, मिथिलेश पांडे, मोहित लाल साह, हरीश राणा, आयुष भंडारी, विक्रम राठौर विक्की, तेज सिंह नेगी समेत कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, एडीएम विवेक राय, शैलेन्द्र नेगी, एसडीएम नवाजिश खालिक, मल्लीताल कोतवाल हरीश पंत, एसआई दीपक बिष्ट, तल्लीताल एसओ मनोज नयाल, समेत हजारों की तादाद में स्थानीय व दूर दराज से आए भक्त भी मौजूद रहे।

**देश में बरसाती आफत...**

इलाके यमुना नदी के पानी में डूब गए हैं। मॉनेस्ट्री मार्केट में दुकानों के सामने 2-2 फीट पानी भरा है। दुकानें बंद पड़ी हैं। हरियाणा के फरीदाबाद में बाढ़ का पानी आने से सड़क को जेस. ीबी मशीन से खोद दिया गया। ताकि पानी आसानी से दूसरी तरफ जा सके। हालांकि, सड़क खोदने से 13 गांव का रास्ता बंद हो गया है। हरियाणा के पंचकूला, हिसार, रोहतक और झज्जर में सभी स्कूल बंद हैं। फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और फरीदाबाद में भी कुछ स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गुरुग्राम की सिग्नेचर ग्लोबल सलोरा सोसाइटी में गुरुवार को पानी भर गया। इससे महिलाएं और बच्चे घरों में कैद हो गए। राजस्थान के अजमेर में गुरुवार रात भारी बारिश के बाद बोराज तालाब की दीवार ढह गई।

इससे एक हजार से ज्यादा घरों में अचानक सैलाब आ गया। लोगों ने छतों पर जाकर जान बचाई। पानी का बहाव इतना तेज था कि कई गाड़ियां बह गईं। मकान क्षतिग्रस्त हो गए। देर रात तक लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला। पंजाब में बाढ़ में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 43 हो गई। राज्य के 23 जिलों के 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1.71 लाख हेक्टेयर फसलें बर्बाद हो गई हैं। राज्य में अगले 5 दिन बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत मिल सकती है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# भाजपा ने शिक्षा और नौजवानें का भविष्य बर्बाद किया: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के एजेंडे में न तो शिक्षा है और न ही रोजगार। अगर सचमुच इस सरकार के एजेंडे में शिक्षा और नौकरी होती तो सातार्इस हजार प्राथमिक विद्यालय बंद न होते और उनहत्तर हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को लगातार आंदोलन न करना पड़ता।

उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में विश्वविद्यालयों और स्कूलों की स्थिति खराब हो चुकी है। सरकारी विश्वविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता गिरती चली गई है जबकि निजी विश्वविद्यालय नए-नए कोर्स शुरू कर बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के प्रयास कर रहे हैं। शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा





सरकार ने संस्थाओं का बहुत नुकसान किया है। शिक्षा संस्थानों को खत्म करने की साजिश चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पहले संस्थाओं का इस्तेमाल करती है और बाद में उन्हें बर्बाद कर देती है। यही कारण है कि छात्रों पर लाठीचार्ज हो रहे हैं और विश्वविद्यालयों में माहौल बिगाड़ा जा रहा है। भाजपा के लोग संस्थानों में फर्जीवाड़ा कर रहे हैं और छात्रों का भविष्य अंधकारमय बना रहे हैं। अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आयोग की जिम्मेदारी है कि न तो किसी का वोट छूटे और न ही फर्जी वोट बने, लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार, अधिकारियों और चुनाव आयोग की तिगड़ी बन गई है। आयोग अब भाजपा का जुगाड़ आयोग बन गया है और चुनावों में वोटों की डकैती हो रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने कई बार शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। कुंदरकी और मिल्कीपुर जैसे उपचुनावों में भाजपा ने वोटों की डकैती की है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में कुंदरकी में भाजपा को छत्तीस प्रतिशत वोट मिले थे लेकिन उपचुनाव में भाजपा ने कुल पड़े वोटों का सतहत्तर प्रतिशत हासिल कर लिया, जो साफ तौर पर डकैती है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बहुत सतर्क रहना होगा। शिक्षक सभा और अन्य सभी संगठन इस जिम्मेदारी को निभाएं कि एक भी वोट मतदाता सूची से कटने न पाए।

भाजपा की तिगड़ी से सावधान रहना होगा। कार्यकर्ताओं का दायित्व बढ़ गया है, अपना वोट बनवाना, वोट बचाना, वोट पड़वाना और वोट गिनवाना सभी कार्य संगठित ढंग से करना होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में हार के बाद अब समझ चुकी है कि उत्तर प्रदेश में भी उसका सत्ता से हटना तय है। उन्होंने कहा कि महंगाई, भ्रष्टाचार और मुनाफाखोरी इस सरकार की पहचान बन चुके हैं। चुनाव को देखते हुए नया जीएसटी लाया गया है लेकिन इससे जनता की परेशानियां और बढ़ेंगी।

# बारावफात पर निकाले गए जुलूस ए मोहम्मदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोरखपुर।** पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर मंडल तथा आसपास के क्षेत्रों में बारावफात का पर्व पूरे धूमधाम से आज मनाया जा रहा है। क्षेत्र के गोरखपुर जिले में इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के मौके पर शुक्रवार को मस्जिदो को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया।

इसके बाद नमाज फज्र से निकले जुलूस ए मोहम्मदी का इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल्लाह, कोषाध्यक्ष शकील अहमद , कन्वीनर हाजी कलीम फरजंद ने हजरत मोहम्मद मुस्तफा ने सभी को मुबारकबाद दी। जुलूस में परचम खुसाई के बाद निकले जुलूस का कमेटी के लोगों ने स्वागत किया। जिले के बहरामपुर गाजिया मस्जिद, इलाहीबाग, बुलाकीपुर, बड़े काजीपुर मदरसा हुसैनिया गाजी रौजा, घासी कटरा यतीम खाना जाफरा बाजार निजामपुर, तुर्कमानपुर, पीपरापुर आदि मोहल्ले से निकले जुलूस का सुबह आठ बजे से ही अध्यक्ष अब्दुल्लाह ने अपने साथियों के साथ जुलूस में आए सभी लोगों का स्वागत किया।

इसी प्रकार देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर के जनपदों में भी विभिन्न मस्जिदों में आये लोगों का स्वागत किया गया। बरावघत यानी हजरत मोहम्मद मुस्तफा का उर्दू कैलेंडर के अनुसार बाराबफात के दिन ही हजरत मोहम्मद मुस्तफा का जन्म हुआ था।

# योगी का ऐलान, शिक्षकों को मिलेगा कैशलेस इलाज, अन्य विभागों में उठे सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों और विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को बड़ा तोहफ़ा देते हुए कैशलेस इलाज की सुविधा देने का ऐलान किया है।

इस निर्णय से नौ लाख से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। सरकार का कहना है कि इससे शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कर्मचारी और उनके परिजन गंभीर बीमारियों की स्थिति में बिना आलथक बोझ के इलाज करा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि विद्यालय शिक्षा व्यवस्था में योगदान देने वाले सभी वर्गों को समान रूप से इस सुविधा में शामिल किया जाएगा। यह सुविधा सरकारी मान्यता प्राप्त अस्पतालों और निर्धारित मेडिकल संस्थानों में उपलब्ध होगी। हालांकि, इस घोषणा के बाद अन्य विभागों के कर्मचारियों में हलचल तेज हो गई है। सिंचाई, बिजली, लोक निर्माण, स्वास्थ्य और प्रशास. निक विभागों से जुड़े कर्मचारी सवाल उठा रहे हैं।

# पीईटी परीक्षाएं आज से शुरू, लाखों अभ्यर्थियों के लिए परिवहन विभाग की विशेष तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा यानी पीईटी का आयोजन आज से शुरू हो गया है। चार पारियों में होने वाली इस परीक्षा में पूरे प्रदेश से पच्चीस लाख के करीब अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा केंद्र कुल छब्बीस जिलों में बनाए गए हैं, जिनमें राजधानी लखनऊ और गाजियाबाद जैसे बड़े शहर मुख्य केंद्र हैं।

अकेले लखनऊ में लगभग एक लाख छब्बीस हज़ार परीक्षार्थी पहुंच रहे हैं, वहीं गाजियाबाद में भी करीब एक लाख अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षाओं के दौरान अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए परिवहन विभाग ने विशेष इंतजाम किए हैं। परिवहन



मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि बसों की संख्या बढ़ाई गई है और प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त डिपो से भी गाड़ियां चलाई जा रही हैं। महिला परीक्षार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए 'दामिनी हेल्पलाइन' को एक्टिव किया गया है, जिस पर जरूरत पड़ने पर अभ्यर्थी तुरंत संपर्क कर सकेंगी। परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहरों में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। रेलवे स्टेशनों और बस अढों पर भी अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की गई है ताकि आवागमन सुचारु रहे। अधिकारियों का कहना है कि यह अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा प्रक्रिया है, इसलिए सुरक्षा और सुविधा के लिहाज से कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। प्रदेशभर के परीक्षा केंद्रों पर आज सुबह से ही परीक्षालथयों का भारी जमावड़ा देखने को मिला। चार पारियों में होने वाली परीक्षा के चलते जगह-जगह अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की आवाजाही बढ़ी है। सरकार का दावा है कि बड़े पैमाने पर हो रही इस परीक्षा को बिना किसी अव्यवस्था के सम्पन्न कराने के लिए सभी स्तर पर नियंत्रण कक्ष और हेल्पलाइन नंबर सक्रिय किए गए हैं।

# शिक्षा के सवाल पर भाजपा पर बरसे अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार शिक्षा, शिक्षक और छात्र सभी की जिंदगी से खिलवाड़ कर रही है।

सरकार की मंशा गरीब के बच्चे को पढ़ाई से दूर रखने और आने वाली पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय करने की है। अखिलेश यादव शुक्रवार को समाजवादी पार्टी मुख्यालय लखनऊ में समाजवादी शिक्षक सभा द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि शिक्षक व्यक्तित्व निर्माण करता है, इसलिए शिक्षा को बचाना समा. जवादी पार्टी की प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां शिक्षा संस्थानों को बंद करने की ओर ले जा रही हैं। यह गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चों को पढ़ाई से वंचित करने की साजिश है।

# भूटान के प्रधानमंत्री ने रामलला के किए दर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** राम मंदिर से पांच सितम्बर को इतिहास का नया अध्याय जुड़ गया। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद पहले विदेशी प्रधानमंत्री के रूप में भूटान के पीएम दासो शेरिंग टोबगे ने अपनी धर्मपत्नी के साथ रामलला के दर्शन किए।

भूटान के प्रधानमंत्री शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे अपने तय कार्यक्रम के अनुसार भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से बिहार के गया से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। यहां पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रतिनिधि के रूप में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही समेत विदेश मंत्रालय, शासन, प्रशासन



और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। यहां से प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से सीधे राम मंदिर के लिए रवाना हुए। इस दौरान थोड़ी देर के लिए हाईवे पर यातायात प्रतिबंधित कर दिया गया। भूटान के पीएम सुबह 10.00 बजे राम मंदिर पहुंचे। करीब एक घंटे 40 मिनट के राम मंदिर प्रवास में उन्होंने रामलला और राम दरबार के दर्शन किए। इसके साथ ही कुबेर टीला, जटायु और सप्त मंडपम के मंदिरों में भी दर्शन पूजन किया। उन्होंने लोअर प्लिंथ के चारों ओर लगने वाले म्यूरल के साथ परकोटा की दीवार पर लगने वाले ब्रांज के म्यूरल को भी निहारा। इस दौरान अपने मोबाइल से रामजन्मभूमि परिसर की तस्वीरें कैद करते रहे। राम मंदिर की नक्काशी उनको बहुत अच्छी लगी। राम मंदिर में दर्शन और भ्रमण के दौरान वह काफी प्रसन्न थे। रामलला के दरबार में उन्होंने तीन बार साष्टांग प्रणाम किया। रामलला की आरती उतारी और पुष्प अर्पित किया। इसके बाद चरणामृत प्रसाद ग्रहण किया। राम मंदिर से प्रधानमंत्री होटल रामायणा पहुंचे।

# जिलानी खान के निधन पर अखिलेश ने जताया शोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने देश के प्रतिष्ठित उर्दू दैनिक इंकलाब लखनऊ के रेजिडेंट एडिटर रह चुके वरिष्ठ पत्रकार जिलानी खान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अखिलेश यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि जिलानी खान के निधन से उर्दू पत्रकारिता को अपूरणीय क्षति हुई है।

# शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल की ओर से समस्त आचार्यजनों गुरुओं एवं शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनंदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होते हैं। शिक्षक ही वह शक्ति हैं, जो एक साधारण बालक को जिम्मेदार नागरिक बनाने का सामर्थ्य रखते हैं।



आज का दिन हमें भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाख्रष्णन जी की शिक्षाओं और उनके आदर्शों की याद दिलाता है। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा साधन माना और सदैव ज्ञान, विवेक एवं नैतिकता को प्राथमिकता दी। राष्ट्रीय लोकदल मानता है कि शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और समाज को सही दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है। डॉ. राधाकृष्णन जी ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक नहीं पढ़ाता, बल्कि समाज की आत्मा का निर्माण करता है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में जब समाज अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब शिक्षक ही विद्यालथयों में संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना भर सकते हैं। शिक्षक दीपक की भांति स्वयं जलकर दूसरों के जीवन को आलोलि. कत करते हैं। ऐसे में समाज और सरकार की यह सामूहिक जिम्मेदारी बनती है कि शिक्षकों को उचित सम्मान और सुविधाएं मिलें। राष्ट्रीय लोकदल शिक्षकों के योगदान को नमन करता है।

# दो दिवसीय ऐतिहासिक जलविहार मेला प्रारंभ

## समाजसेवी अभिषेक गुप्त ने अलग-अलग जगह फीता काटकर किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खैराबाद।** नगर क्षेत्र मे वामन महोत्सव के उपलक्ष में लगने वाला ऐतिहासिक जल विहार मेला कल देर शाम शाम जलविहार मेला समिति के अध्यक्ष राम महेंद्र के महेंद्री टोला निवास पर वामन देव का पूजन भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अचिन मल्होत्रा ने किया तथा देर शाम मेहंदी टोला जोशी टोला किसानी टोला तथा माखुपुर में जलविहार मेले के उपलक्ष में सजाई गई झांकियो का फीता काटकर उद्घाटन पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि तथा समाजस. ेवी अभिषेक गुप्त ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी अभिषेक गुप्त ने कहा कि वामन महोत्सव के उपलक्ष में खैराबाद में अधिकांश मोहल्ले में वामन महोत्सव का आयोजन किया जाता है सुंदर झांकियां सजाई जाती है वास्तव में यह सब हमारी धरोहर है जिनको संजोकर रखना आने वाली नस्लों की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर मोहल्ला बाजदारी टोला से पूर्व निर्धारित मार्गो से गुजर कर पूरी रात भर सुंदर झांकियां पूरे नगर क्षेत्र में निकाली गई तथा कई स्थानों पर विगत वर्षो की भांति संगीत का कार्यक्रम भी कलाकारों के द्वारा आयोजित किया गया समाज सेवी अभिषेक गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका परिषद में विगत बरसों की भांति प्रशासन की टीम हेतु व्यवस्था की गई है ताकि कोई भी व्यवधान मेले में उत्पन्नध न होने पायें।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सचिन मल्होत्रा जलविहार मेला समिति के अध्यक्ष राम महेंद्र प्रवाल महेंद्र मनोज महेंद्र राजू टंडन दिनेश महेंद्र पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्त निरंकार गुप्त मनोज कुमार राणा सभासद राक. ेश सिंह गुप्ता सभासद आलोक बाजपेई सभासद दिलीप जोशी प्रभात मिश्र प्रसून मिश्र थाना अध्यक्ष अनिल सिंह कस्बा इंचार्ज अवधेश कुमार यादव सहित श्रद्धालु मौके पर मौजूद थे।

# शिक्षक दिवस पर सम्मान और शिक्षा का डिजिटल: पांतरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** शिक्षक दिवस पर राजधानी के लोकभवन सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में गुरुजनों के सम्मान के साथ ही शिक्षा जगत में डिजिटल पहल का नया अध्याय जुड़ा।

भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर आयोजित इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक और माध्यमिक शिक्षा से जुड़े कुल इक्यासी शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। इनमें छियासठ शिक्षक बेसिक शिक्षा विभाग से और पंद्रह शिक्षक माध्यमिक शिक्षा विभाग से थे, जिन्हें उनके उत्ख्रष्ट कार्यों के लिए चयनित किया गया था। मुख्यमंत्री ने इन गुरुजनों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न, शाल और पच्चीस हजार रुपये की धन. राशि प्रदान की।

समारोह में शिक्षा की दिशा को आधुनिक स्वरूप देने वाली कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ भी किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के बारह सौ छत्तीस राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्थापित दो-दो स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया तथा इस अवसर पर पांच विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रमाण पत्र मंच से प्रदान किया। साथ ही प्रदेश के दो हजार दो सौ चार राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को टैबलेट वितरित किये गए, जिनमें से कुछ को मुख्यमंत्री ने मंच पर बुलाकर भेंट किया। महोबा, प्रयागराज, चंदौली और गाजियाबाद के प्रधानाचार्यों को इस अवसर पर टैबलेट प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की ओर से नवाचारों पर आधारित सामग्री भी प्रस्तुत की गई। एससीईआरटी द्वारा तैयार की गई बाल कहानी संग्रह 'गुल्लक', बाल वाटिका की हस्त पुस्तिका और विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा किये जा रहे नवाचारों के संकलन 'उद्गम' पुस्तिका का विमोचन मुख्यमंत्री ने किया। 'उद्गम' के डिजिटल मंच का भी शुभारंभ किया गया, जिसके माध्यम से शिक्षकों के उत्ख्रष्ट प्रयासों को व्यापक रूप से साझा किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर और वृक्षारोपण पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदलशत की गई। समारोह की शुरुआत जनता गर्ल्स आलमबाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थी के भविष्य को दिशा देने वाले सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इनके नवाचार और परिश्रम शिक्षा को नई ऊंचाई देंगे। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि नकल माफिया पर सख्त कार्रवाई के बाद अब शिक्षा की पारदलशता सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थी को विद्वान बनाता है और गुरु उसे महान बनाता है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि सरकार गुणवत्तापूर्ण कंटेंट और स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाओं के माध्यम से बच्चों को समान शिक्षा उपलब्ध करा रही है, विशेषकर बालिकाओं के लिए यह प्रयास उल्लेखनीय है। कार्यक्रम में प्रभारी मुख्य सचिव दीपक कुमार, स्कूल शिक्षा की महानिदेशक कंचन वर्मा सहित प्रदेशभर से आए शिक्षक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक दिवस केवल गुरुजनों का सम्मान करने का अवसर नहीं बल्कि शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराने का भी दिन है।

# मतदाता सूची को एक माह में त्रुटिरहित बनाने के निर्देश, हर मतदेय स्थल पर बढ़ेंगी सुविधाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अयोध्या जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची को एक माह के भीतर त्रुटिरहित बनाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में धुंधली, काली या मानक के अनुरूप न पाई जाने वाली फोटो को तुरंत बदला जाए और मतदाताओं के नाम, मकान संख्या सहित अन्य त्रुटियों का सुधार कराया जाए। इसके लिए बीएलओ को मतदाताओं से फार्म-8 भरवाकर समयबद्ध कार्यवाही करने के आदेश दिए गए। रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अब प्रत्येक मतदेय स्थल पर बारह सौ मतदाता ही होंगे, जिससे चुनाव के दिन भीड़ और लंबी कतारों की समस्या खत्म होगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में अठारह और उन्नीस आयुवर्ग के मतदाताओं की संख्या कुल मतदाताओं के अनुपात में चार से साढ़े चार प्रतिशत होनी चाहिए, जबकि अयोध्या में यह अभी केवल एक प्रतिशत है। उन्होंने शिक्षा विभाग और महाविद्यालयों के सहयोग से युवाओं को मतदाता बनाने का आह्वान किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने महिला मतदाताओं की संख्या ललगानुपात के अनुरूप बढ़ाने और दिव्यांग मतदाताओं का चिन्हीकरण फॉर्म-8 के माध्यम से कराने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि चिन्हित दिव्यांग मतदाता सक्षम मोबाइल ऐप से चुनाव के दौरान आवश्यक सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही, पचासी वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं का शत-प्रतिशत सत्यापन कराने के निर्देश दिए। रिणवा ने सभी मतदेय स्थलों पर साफ पेयजल, महिला एवं पुरुषों के लिए अलग शौचालय, पर्याप्त बिजली, फर्नीचर तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए स्थायी रैम्प जैसी न्यूनतम सुविधाओं को सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बताया कि अयोध्या में अभी निन्यानबे प्रतिशत मतदेय स्थलों पर ये व्यवस्थाएं हैं और शेष को तुरंत पूरा कराया जाएगा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनिरुद्ध प्रताप सिंह, सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिक. ारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और वीआरसी ऑपरेटर मौजूद रहे।

# रोशनी से जगमग सड़कों पर ईद मिलादुन्नबी का जश्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी समेत उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। राजधानी में हजारों की भीड़ के बीच ऐतिहासिक शोभायात्रा निकली। चौक, हुसैनाबाद, अमीनाबाद और कैसरबाग जैसे इलाकों से गुजरते हुए जुलूसों में हरे झंडों की बहार और रोशनी से जगमग सड़कों ने माहौल को रौनक से भर दिया। सबसे बड़ा आकर्षण रहा रोल्स रॉयस कार की सवारी, जिसमें सज्जादानशीन ने जुलूस का नेतृत्व किया। जगह-जगह शरबत और तबर्रुक का वितरण किया गया और बच्चे नारे बुलंद करते हुए शोभायात्रा में शामिल रहे।

जुलूस के दौरान धार्मिक सौहार्द्र की अनूठी झलक भी देखने को मिली। चौक इलाके में एक ब्राह्मण परिवार के पंडितजी ने फूल बरसाकर जुलूस का स्वागत किया। इस दृश्य ने गंगा-जमुनी तहज़ीब को और गहराई से महसूस कराया। शहरवासियों ने स्वागत मंच सजाए और अपने-अपने मोहल्लों को रोशनी व रंगीन झालरों से सजाकर त्योहार की गरिमा को और बढ़ाया। सिर्फ लखनऊ ही नहीं, बल्कि आसपास के जनपदों में भी मिलादुन्नबी का उल्लास छाया रहा। सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर, बारा. बंकी, उन्नाव, रायबरेली और कानपुर की गलियां भी झंडों और रोशनी से जगमगाईं।

अमेठी, सुल्तानपुर और चित्रकूट में निकले जुलूसों ने हजारों लोगों को आकलषत किया। प्रयागराज में संगम किनारे शोभायात्राएं निकलीं, वहीं गोंडा और बहराइच के ऐतिहासिक मेलों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। त्योहार के दौरान प्रशासन सतर्क दिखा। पुलिस और प्रशास. निक अधिकारियों ने जुलूस मार्गों पर पैदल मार्च किया और सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी रखी। हर स्थान पर शांति और भाईचारे का माहौल बना रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत

## तेलीपुरा व मोढ़ीजट क्रासिंग पर हादसे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। पीएम के बाद परिजनों ने शवों को सुपुर्दे खाक कर दिया।

पहला हादसा तेलीपुरा रेलवे फाटक पर हुआ। क्षेत्र के गांव डाईडेरा गांव के रहने वाले दिनेश कुमार के बेटे देवेंद्र 9:30 बजे घर से मजदूरी करने जाने की बात कहकर निकले थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटी और एक बेटा हैं। इस दौरान फाटक पर ट्रेन की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। इसके बाद 10 बजे दूसरा हादसा मोढ़ीजट रेलवे फाटक पर हुआ। क्षेत्र के गांव रामहट के रहने वाले खेम सिंह के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे और एक बेटी हैं। सुबह छह बजे खेम सिंह दवाई लेने गजरौला जाने की बात कहकर घर से निकले थे। तभी मोढ़ीजट रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इस दौरान मृतक खेम सिंह की जेब में लोधीपुर से गजरौला जाने का टिकट भी मिला है। जानकारी मिलने के बाद दोनों हादसा स्थलों पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद दोनों शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में शिक्षिका को सम्मानित करते विधायक महेन्द्र सिंह व डीएम निधि गुप्ता वत्स।

# देश के विकास में शिक्षक का अहम् योगदानः डीएम

## शिक्षक दिवस पर तीस अध्यापक सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ठ कार्य करने वाले तीस शिक्षकों को सम्मानित किया गया। हसनपुर विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी बच्चों को नैतिकता, अनुशासन व नवाचार के मार्ग पर अग्रसर करने की है।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में हसनपुर विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, डीएम निधि गुप्ता वत्स ने तीस शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विधायक महेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र की रीढ़ होता है। एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान है। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि शिक्षक द्वारा जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को दी जाती है वही देश के भविष्य में योगदान देती है। उन्होंने कहा कि गुरू का स्थान बच्चे के जीवन में सर्वोपरि है। कार्यक्रम में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, बीएसए डा. मोनिका सिंह, सईद रजा, मृदालिनी, मनोज कुमार, मनीष अरोड़ा, मुकेश कुमार, पंकज कुमार, विपिन कुमार मौजूद रहे।

# नाबालिग को लेकर युवक फरार, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** प्रेम प्रसंग में युवक नाबालिग को लेकर फरार हो गया। पीड़ित पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी मजदूर की 14 वर्षीय बेटी को युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया तथा मौका पाकर वह बहला फुसलाकर उसे लेकर फरार हो गया। जब नाबालिग घर नहीं मिली तो परिजनों को शंका हुई। मामले में डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी मोहम्मद समीर पुत्र हनीफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

# युवती के भाई व बॉय फ्रैंड में बीच सड़क पर मारपीट

## बॉयफ्रैंड के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बॉयफ्रेंड के साथ बाइक पर घूम रही युवती को उसके भाई ने पकड़ लिया। बॉयफ्रेंड व युवती के भाई के बीच मारपीट हो गई। बॉयफ्रेंड के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवती को सेफ हाउस अमरोहा भेज दिया गया है। नगर के मोहल्ला निवासी एक युवक अपनी गर्लफ्रेंड को बाइक पर लेकर घूम रहा था। इस दौरान बहन को अजनबी युवक के साथ बाइक पर घूमता हुआ देखकर उसके भाई का खून खोल उठा। युवती के भाई ने दौड़कर बहन व उसके बॉयफ्रेंड को पकड़ लिया। उसके बाद बहन के बॉयफ्रेंड व युवती के भाई के बीच मारपीट होने लगी। जिससे वहां पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस की मौके पर पहुंच गई। पुलिस दोनों को कोतवाली ले आयी। पुलिस ने युवती के बॉयफ्रेंड के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जबके युवती को सेफ हाउस अमरोहा भेज दिया गया है।

# राजनीतिक स्वतंत्रता से नहीं होगा देश का भला

## सपाईयों ने मनाई राधाकृष्णन की जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न सर्वपल्ली राधा कृष्णन के शिक्षा के क्षेत्र में दिये गये योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

जिला कार्यालय पर सपाईयों द्वारा पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनायी गयी। जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में राधाकृष्णन ने जो अलख जगाई उसे आज भी जलाए रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने कहा कि आज देश का समाज दो भागों में बंट चुका है। जिसमें दस प्रतिशत लोग सोशक तथा 90 प्रतिशत शोसित हैं। इज्जत और रोटी की लड़ाई समाजवाद की असली लड़ाई है। पीडीए वर्ग के लोग अपनी संस्कृति जीवित रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री जगराम सिंह, भूपेन्द्र सिंह, संतराम सिंह यादव, मुख्तार नकवी, सर्वेश सैनी, अजय मलिक, राधेलाल, महेश यादव, जिताम्बर यादव, अतीक अहमद, रिजवान हैदर, साजिद अली मौजूद रहे।



# एक नजर

### फुले दम्पति को भारत रत्न की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला सैनी नगर में शुक्रवार को आल इंडिया सैनी सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज के लोगों ने शिक्षा और सामाजिक सुधार में क्रांति लाने वाले फुले दंपत्ति, प्रथम मुस्लिम शिक्षिका फातिमा शेख और पिछड़ों-दलितों की आवाज बुलंद करने वाले शहीद जगदेव प्रसाद कुशवाहा को भारत रत्न देने की जोरदार मांग उठाई। बैठक में जिनमें राजपाल सैनी, कृपाल सैनी, हरपाल सैनी, समर सैनी, टीकम सैनी, चमन सैनी, महेंद्र सैनी, मदन सैनी, पियूष सैनी, रमेश सैनी, कल्याण सैनी और सावित्री सैनी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### नौकरी के नाम पर पांच हजार ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर पांच हजार रूपये ठग लिये गये। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर गूजर निवासी प्रिंस पुत्र प्रदीप कुमार के पास सुबह नौ बजे एक अज्ञात नम्बर से कॉल आयी। फोन करने वाले ने स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर प्रिंस को अपने झांसे में ले लिया तथा 1150 रूपये की डिमांड की। बताये गये नम्बर पर पैसे डाल दिये गये। इसके बाद तीन हजार नौ सौ रूपये तथा इसके बाद एक बार और 4100 रूपये की कोशिश की गयीं तब युवक को ठगी का अहसास हुआ। युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।

### शिक्षक दिवस पर वाईएमएस में कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के वाई.एम.एस. पीजी कॉलेज में शुक्रवार को शिक्षक दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्रबंधक रियाज अहमद सैफी व प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर की। प्रबंधक रियाज अहमद सैफी ने कहा कि शिक्षक ही वह आधार हैं, जिनकी मेहनत और मार्गदर्शन से विद्यार्थी जीवन की हर परीक्षा में सफल होते हैं। शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता संजय सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. शीबा फरीदी, डॉ. मनु सिंह, डॉ. त्रेता देवी, सीमा परवीन, शमा अख्तर, सतेंद्र, मोबीन अहमद, अंजू, दीपक त्यागी, मयंक त्यागी, सोहन सिंह, सोनू सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# शिक्षिका समेत तीन पर जहर देकर प्रेमी की हत्या का आरोप

## न्यायालय ने दिए रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षक की मौत के मामले में नया मोड़ सामने आया है। परिजनों ने प्रेमिका शिक्षिका पर जहर देने का आरोप लगाते कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर न्यायालय ने आरोपी शिक्षिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिये हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नौगांवा सादात क्षेत्र के बीलना गांव में अशरफ का परिवार रहता है। उनके बेटा फैसल नौगांवा सादात के एक इंटर कॉलेज में संविदा पर पढ़ाता था। पिता अशरफ के मुताबिक हाई स्कूल और इंटर के टॉपर फैसल को स्कूल में ही पढ़ाने वाली महिला अध्यापक ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। उससे निकाह भी कर लिया था। महिला शिक्षिका ने फैजल के साथ बैंक में संयुक्त खाता भी खुलवाया। फैसल को मिलने वाली सैलरी और ट्यूशन पढ़ने से इकट्ठा हुए दस लाख रुपये भी महिला शिक्षिका ने ले लिए थे। जबकि शिक्षिका ने फैसल से एक प्लॉट खरीदवा कर अपने नाम करा लिया। आरोप है कि फैसल ने महिला शिक्षिका से अपने रुपये और हिसाब किताब मांगा तो उसने नौगांवा सादात पुलिस से हमसाज होकर फैजल के खिलाफ दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया। इस मुकदमे में फैसल जेल भी गया था। जबकि महिला शिक्षिका का फैजल के साथ अमरोहा, नैनीताल, देहरादून, मुरादाबाद, दिल्ली जैसी जगह पर भी घूमने जाती थी। दुष्कर्म के झूठे मुकदमे को लेकर फैसल ने कई बार शिक्षिका को समझने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मानी। लिहाजा फैसल मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। 19 अप्रैल 2025 को फैसल स्कूल पहुंचा और शिक्षिका को समझाने की कोशिश की। इसके बाद महिला शिक्षिका ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर फैसल को काबू करके जान से मारने की नीयत से जबरदस्ती जहर दे दिया। इस दौरान स्कूल के अंदर की सीसीटीवी फुटेज तो है, लेकिन बाहर की नहीं है। बाद में फैसल गंभीर अवस्था में पीलाकुंड गांव में मिला। उसने अपने मोबाइल से अपनी मां को फोन करके कहा था कि यह लोग मुझे मार देंगे। इसके बाद फैसल का फोन बंद हो गया। अस्पताल में भर्ती करने पर फैसल की मौत हो गई। पिता अशरफ का आरोप है कि फैसल को महिला शिक्षिका ने अपने साथियों के साथ मिलकर जहर देकर मारा है। इस मामले में पीड़ित परिवार ने पुलिस की आलाधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने न्यायालय की शरण ली। इस दौरान फैसल के पिता अशरफ ने न्यायालय में कई महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत किए। जिसके आधार पर न्यायालय ने नौगांवा सादात पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

# आम के हरे पेड़ों का कटान बेरोकटोक जारी

## वन विभाग ने एक के खिलाफ कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बिना अनुमति अवैध रूप से आम के हरे पेड़ों को काट रहे माफिया विभाग की टीम को देखकर फरार हो गये। वन विभाग ने एक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करवाया है। संबंधित विभागों की मिली भगत के चलते याकूबपुर उर्फ अगापुर क्षेत्र में आम के हरे भरे पेड़ों का कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सूत्रों की बात पर यदि विश्वास किया जाये तो रात के अंधेरे में संबंधित विभागों के कर्मचारी माफियाओं को आम के हरे भरे पेड़ काटने की खुली छूट दे देते हैं। और बाद में हल्का-फुल्का जुर्माना डालकर मामले को रफा दफा कर देते हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव याकूबपुर उर्फ आगापुर में शनिवार की रात लकड़ी माफिया अवैध रूप से आम के हर भरे पेड़ों को काट रहे थे। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। लेकिन माफिया टीम को देखकर वहां से फरार होने में कामयाब हो गये। माफिया आम की काटी गई लकड़ी को भी छोड़कर मौके से फरार हो गये। वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से काटी गई लकड़ी को अपने कब्जे में ले लिया। कार्यवाहक वन क्षेत्राधिकारी सुमित राठी ने बताया विशाल पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम रामपुर भूड़ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# मरीजों की सुविधा को लगवाए पंखे

## भारतीय समाज सेवा ने सीएचसी अधीक्षक को सौंपे पंखे



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय समाज सेवा समिति गजरौला द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गजरौला में मरीजों की सुविधा हेतु पंखे लगवाए गए। सीएचसी अधीक्षक डॉ.योगेन्द्र सिंह ने समिति द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की।

भारतीय समाज सेवा समिति की ओर से पदाधिकारियों के प्रति. निधिमंडल ने शुक्रवार को सीएचसी कार्यालय पहुंचकर अधीक्षक डॉ. योगेन्द्र सिंह को पंखे सौंपे। सदस्य हरिओम कश्यप ने कहा कि समिति पिछले 29 वर्षों से समाज सेवा में कार्य करती आ रही है। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। इस मौके पर समिति के सदस्य पत्रकार नितिन शर्मा, शिक्षाविद् समीर प्रभाकर, दिनेश शर्मा, संजीव शर्मा, विक्रांत चौहान, सरताज अहमद आदि मौजूद रहे।

# समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्त्वपूर्ण

## कारमेल स्कूल में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर में नवादा रोड स्थित कारमेल पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंधक विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस का महत्व समझाते हुए बताया कि समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा व उप प्रधानाचार्य आरपी सिंह ने विद्यार्थियों को गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं अनुशासन की भावना को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति व महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के रूप में हर वर्ष 05 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व अनेकों अभिभावक भी उपस्थित रहे।

### बिहारी सिंह कॉलेज में मना शिक्षक दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज रहरा में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को मनाया गया। शुक्रवार को विद्यालय के निदेशक ब्रहमदत्त त्यागी व संरक्षण डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निदेशक ब्रहमदत्त त्यागी ने बताया डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्ण के बताये हुए रास्तों पर चलना। चाहिये। स्टाफ व छात्र छात्राओं ने डॉक्टर राधा कृष्ण के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान विद्यालय समिति द्वारा सभी शिक्षक शिक्षकों को शिक्षा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्याम सुंदर मौर्य, राजपाल सिंह, बृजेश सिंह, मुनीम कुमार, रामपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार, श्रीमती रेखा सिंह, श्रीमती रेखा ठाकुर मौजूद रहे।

### ई रिक्शा चालक को सांप ने डसा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** लघु शंका करने के लिए बैठा ई रिक्शा चालक को सांप ने डस लिया। गंभीर हालत में हॉयर सेंटर रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी अशोक पुत्र नंहुआ रविवार की सुबह करीब 10:00 बजे पड़ोसी गांव अल्ली में अपनी ई-रिक्शा से ईटे डालकर घर लौट रहा था। रास्ते में ई रिक्शा चालक लघु शंका करने के लिए सड़क किनारे बैठ गया। लघु शंका करने के लिए बैठते ही वहां मौजूद एक सांप ने उसकी टांग में काट लिया। सांप के डसते ही ई रिक्शा चालक अशोक की चीख निकल गई।

# सिक्खों का है बहुत पुराना इतिहासः लालपुरिया

## नौवें गुरु श्री तेगबहादुर सिंह महाराज का शहीदी दिवस आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हिन्द की चादर कहे जाने वाले सिक्ख धर्म के नौवें गुरु श्री तेगबहादुर सिंह महाराज जी के शहीदी दिवस पर शुक्रवार को गुरुद्वारा श्री दशमेश पातशाह साहिब जी, अफजलपुर लूट (महमंदी) में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष व सदस्य केन्द्रीय संसदीय बोर्ड भाजपा डॉ.सरदार इकबाल सिंह लालपुरिया एवं अंतर्राष्ट्रीय संत/पंच प्यारे धरम सिंह जी के 13वें वंशज बाबा गुरप्रीत सिंह जी पधारे। मुख्य अतिथि डॉ. इकबाल सिंह लालपुरिया ने कहा की सिक्खों का बहुत पुराना इतिहास है। बहुत सारे सिख पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बसें हुए है, यहां पर पंजाबी शिक्षा की बहुत जरुरत है। उन्होंने पंजाब में आई बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिये आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने जिला पंचायत सदस्य डॉ. सोरन सिंह चौधरी को ग्लोबल पंजाबी एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया, जिससे की यहां के लोगो को भी पंजाबीयत से जोड़ा जाये। डॉ. सोरन सिंह ने इस जिम्मेदारी के लिये मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। धनौरा विधायक राजीव तरारा ने भी संगत को सिख धर्म के बारे में बताया। कार्यक्रम में हजारों की संगत मौजूद रही। गुरु का अटूट लंगर बरसा। इस मौके पर मुख्य रूप से सरदार जगजीत सिंह, डॉ.शैली चौधरी, चमन सिंह, सरदार जोरावर सिंह, सरदार सुरेंद्र सिंह, सचिन चौधरी, सतेंद्र प्रधान, सौरभ, बचन सिंह, सुखवीर सिंह, मुकुल चौधरी, उपेंद्र शर्मा, पंकज चौहान आदि मौजूद रहे।

# रोडवेज की टक्कर से टैम्पू चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हाइवे पर एक रोडवेज बस ने टैम्पू को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में टैम्पू चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसमें बैठीं तीन महिलाएं घायल हो गईं। टक्कर इतनी तेज थ कि टैम्पू सड़क किनारे स्थित खाई में भी पलट गया था। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने बस चालक के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जानकारी के अनुसार टैम्पू चालक सोनू सैनी पुत्र बांके लाल सैनी निवासी कांशीराम नगर थाना मझौला जिला मुरादाबाद अपने टैम्पू द्वारा बजघाट से घर आ रहा था। टैम्पू मे प्रेमवती पत्नी भजनलाल, ज्ञानवती पत्नि राकेश व श्यामकली पत्नी विनोद निवासीगण कांशीरामनगर थाना मझौला जिला मुरादाबाद बैठी थीं। रात करीब 12:15 बजे जब टैम्पू मौहम्मदाबाद के सामने पहुंचा तो रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से टैम्पू सड़क किनारे खाई में पलट गया और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में सोनू सैनी की मौके पर मृत्यू हो गयी, जबकि प्रेमवती, ज्ञानवती एंव श्यामकली गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका उपचार अलग अलग अस्पतालों में चल रहा है।

### ढाई लाख में वाहनों की नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोतवाली में हुई वाहनों की नीलामी में ठेकेदारों ने जमकर बोली लगाई है। रविवार को कोतवाली में नयाब तहसीलदार लोकेश कुमार व प्रभारी निरीक्षण प्रेमपाल की मौजूदगी में 6 बाइको एक होंडा सिटी व एक छोटा हाथी की बोली 39000 से शुरू की गई। जिसमें कई ठेकेदारों ने इसे अपनी प्रतिष्ठा समझ लिया। निर्धारित 39000 से शुरू हुई बोली ढाई लाख रुपये में अतुल कुमार त्यागी के नाम छूट गई। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले इन वाहनों की नीलामी हुई थी। इसमें गड़बड़ी किये जाने की शिकायत आला अधिकारियों से की गई थी। जिसके बाद उस बोली को निरस्त कर दिया गया था।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आई जमीयत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ में अपना सब कुछ गवा चुके पीड़ितों के लिए जमीयत उलेमा हिन्द मसीहा बनकर सामने आयी है। इस समय पंजाब भीषण बाढ़ को झेल रहा है। हजारों लोग वहां बेघर हो चुके हैं। पंजाब के लोगों के पशु भी बाढ़ के पानी में बह चुके हैं। वहां चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है। पंजाब के लोगों के सामने खाने पीने की समस्या भी आकर खड़ी हो गई है। इस सब को देखते हुए जमीयत उलेमा ए हिंद पंजाब के लोगों की मदद करने के लिए सामने आई है। जामियाहिंद के जिला सदर मुफ्ती खुर्शीद अहमद नक्शबंदी की सरपरसती में पंजाब रिलीफ इकट्ठा किया जा रहा है। हसनपुर जमीयत उलेमा हिंद के सदर कारी इरशाद अहमद ने बताया पंजाब रिलीफ के लिए खाने पीने का सामान इकट्ठा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संभल बस स्टैंड वाली मस्जिद में जिन्हें आटा दाल चीनी तेल रिफाइंड वगैरा देना है वह वहां पहुंचा दें। और जो भी अन्य जरूरत का समान है वहां पहुंचा दे। एक या दो दिन में सामान लेकर बाढ़ से पीड़ित लोगों को पहुंचाने के लिए वाहन जायेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब में आये सैलाब से प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए समाज के जिम्मेदार लोग आगे आये।

### बाइकें भिड़ीं, युवक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** सड़क पर खड़े टैम्पो को बचाने के चक्कर में बाइक आमने सामने टकरा गयी जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ी अजीज निवासी महावीर सिंह बेटे अवधेश के साथ जिवाई स्थित फैक्ट्री में काम करने जा रहे थे। इस बीच गांव पूरनपुर के रहने वाले पुष्पेन्द्र जब अपनी बाइक रोड पर लेकर पहुंचे तो सड़क पर खड़े टैम्पो से बचने के प्रयास में दोनों बाइक भिड़ गयीं। जिसमें पुष्पेन्द्र घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

# सौ करोड़ से ऊपर के निवेश प्रस्तावों को मिलेगी 15 दिन में जमीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अंतर्गत अब तक 33000 से अधिक औद्योगिक भूखंडों का सर्वेक्षण किया गया है, जिनमें से लगभग 25 प्रतिशत खाली पड़े हैं।

खाली पड़े करीब आठ हजार भूखंडों पर जल्द उद्योग बसाने का फैसला लिया गया। वहीं 100 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को 15 दिनों के भीतर जमीन की सुविधा दी जाएगी। ग्रेटर नोएडा में शुक्रवार को प्रदेश के सभी औद्योगिक प्राधिकरणों की उच्चस्तरीय कार्यशाला में ये फैसले लिए गए। इन्वेस्ट यूपी की समन्वय बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने की।




बैठक में प्रदेश के सभी प्रमुख औद्योगिक विकास प्राधिकरणों (आईडीए) और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद ने भाग लिया। बैठक में औद्योगिक भूमि आवंटन में तेजी और भूमि अधिग्रहण से संबंधित चुनौतियों पर चर्चा हुई।

इस दौरान प्राधिकरणों को सौर विनिर्माण, डाटा सेंटर, लाजिस्टिक्स, आईटी व आईटीईएस और खाद्य प्रसंस्करण जैसे उभरते उद्योगों के लिए क्षेत्र-विशेष लैंड बैंक तैयार करने का निर्देश दिया गया। 100 करोड़ से ऊपर की 132 से अधिक परियोजनाओं (जिनका कुल मूल्य 1.68 लाख करोड़ से अधिक है) से जुड़े जमीन संबंधी मुद्दों को हल करने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाएगी। ताकि उनका जल्द से जल्द क्रियान्वयन हो सके। इनमें इलेक्ट्रॉनिक्स, सौर विनिर्माण, लाजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण, वेयरहाउसिंग, सीमेंट और डाटा सेंटर जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। यह भी प्रस्तावित किया गया कि 25,000 एकड़ से अधिक के विशाल लैंड बैंक को हर महीने अपडेट किया जाए, जिससे सभी को जमीन उपलब्धता की जानकारी एक क्लिक पर मिल सके।

## प्रेम प्रसंग में छात्र की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

**चन्दौसी।** 25 अगस्त को कैथल में 16 वर्षीय छात्र सुमित की गला रेतकर हत्या कर दी गई, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई, एएसपी संभल राजेश कुमार श्रीवास्तव तथा एएसपी अनुज चौधरी मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। जांच में सामने आया कि हत्या का कारण प्रेम प्रसंग था। पुलिस ने अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी सनोज अभी भी फरार है। जानकारी के अनुसार सनोज पूर्व में बाइक चोरी और अन्य आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। जमानत पर बाहर आने के बाद उसने खेतों में ठेके पर काम कराना शुरू किया, जिसमें ज्यादातर महिलाएं काम करती थीं। इन्हीं में सुमित की बहन भी शामिल थी। बताया गया कि सनोज ईको वाहन भी किराए पर चलाता था।

वहीं, सुमित की बहन आरोपी का नाम स्पष्ट रूप से नहीं ले रही, जबकि पकड़े गए आरोपी उसकी संलिप्तता की पुष्टि कर रहे हैं।

# फ्लैश वॉलेट लोन एप के नाम पर रंगदारी मांगने वाला गिरोह का किया पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** थाना रजपुरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फ्लैबवॉलेट लोन एप के माध्यम से भोले-भाले लोगों को लोन रिकवरी के नाम पर झांसा देकर रंगदारी मांगने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस ने इस गिरोह के पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्त लोगों को फर्जी तरीके से लोन उपलब्ध कराने और उसके बाद रिकवरी के नाम पर डराने-धमकाने की साजिश रचते थे। पीड़ितों से रकम वसूलने के लिए यह गिरोह अलग-अलग तरीकों से दबाव बनाता था। थाना



रजपुरा पुलिस की टीम को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर छापेमारी की गई और पांचों को धर दबोचा गया। आरोपियों के कब्जे से कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद हुए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस गिरोह की गतिविधियों की जांच की जा रही है और इनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि ऐसे ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

किसी भी संदिग्ध लोन एप या कॉल के जाल में न फंसकर तुरंत पुलिस को सूचित करना चाहिए।

## मजदूर ने पत्नी और उसके प्रेमी व साली पर जानलेवा हमला करने का लगाया आरोप

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र मे रहने वाले एक मजदूर ने अपनी पत्नी उसके प्रेमी और साली पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है, वही घायल मजदूर को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पत्नी, उसके प्रेमी और बहन समेत तीन के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज किया है। बता दें कि थाना कटघर क्षेत्र डियर पार्क इलाके के रहने वाले ओम प्रकाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका भाई हरपाल मजदूरी करता है। वह गोविंदनगर सी ब्लॉक में किराये पर रहता है। उसकी साली प्राची भी वहीं रहती है। हरपाल का आरोप है कि उसकी पत्नी रेखा का विकास नामक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है, जिसका वह विरोध करता है तो पत्नी आए दिन मारपीट करती है। आरोप है कि बुधवार रात करीब दस बजे हरपाल की पत्नी रेखा और उसकी बहन प्राची घर से गायब हो गईं, दोनों विकास के कमरे पर पहुंच गई। गुरुवार सुबह हरपाल भी वहां पहुंच गया, उसकी पत्नी, साली और पत्नी के प्रेमी ने उसे वहां से भगा दिया जहां से वह घर पहुंच गया। आरोप है कि गुरुवार दोपहर पत्नी रेखा, साली प्राची ने विकास को पकड़ कर उसे पीटना शुरू कर दिया।आरोप है कि इस बीच पत्नी के प्रेमी विकास ने सरिया और ईंट से हरपाल के ऊपर वार किया और वह बेसुध होकर वहीं गिर गया। मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दे दी। बाद में हरपाल का भाई ओमप्रकाश भी वहां पहुंच गया,गंभीर रूप से घायल हुए हरपाल को उपचार के लिए जिला अस्पल पहुंचाया।वहीं पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है, जिसमें पत्नी, उसका प्रेमी और साली हरपाल पर हमला करते हुए साफ नजर आ रहे हैं। इस संबंध में एसएचओ कटघर संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरा. ेपी पत्नी रेखा, साली प्राची और विकास के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## शिक्षक दिवस पर साक्षी सेवा समिति ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**चन्दौसी।** साक्षी सेवा समिति चन्दौसी की शाखा साक्षी चन्दौसी स्टार परिवार द्वारा शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित लक्ष्मीदेवी हरप्रसाद सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष दमयंती सिंह और कोषाध्यक्ष विजयलक्ष्मी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य रामपत सिंह को शॉल ओढ़ाकर, शील्ड और उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय की शिक्षिकाओं लक्ष्मी पाठक, अर्चना चौधरी, पायल, लक्ष्मी, अंजलि चौहान को भी पटका पहनाकर, शील्ड और उपहार प्रदान किए गए।

भारतीय संस्कृति के संवाहक और महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस मनाकर उनके आदर्शों को याद किया जाता है। शिक्षा से ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग संभव है। इस अवसर पर दमयंती सिंह, विजयलक्ष्मी, सुधा शर्मा, मीरा दुबे, जयश्री, सुनीता शर्मा, वर्षा सिंधी आदि मौजूद रहीं।

# नागफनी इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के नागफनी थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है। परिवार के लोगों ने कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

आरोप है कि पैसों के विवाद के चलते युवक की हत्या की गई है, उसे पार्टी के बहाने घर पर बुलाया गया और उसके बाद आरोप है की खाने में कुछ देकर उसकी हत्या कर दी गई। बता दे की नागफनी थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक अरुण अरोड़ा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, परिवार वालों ने कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक की भाभी ज्योति अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके देवर अरुण अरोरा को कुछ लोग काम के बहाने बाहर बरेली लेकर गए थे और फिर रात को नागफनी थाना क्षेत्र के दौलत



बाग इलाके में किसी के यहां पार्टी में ले गए और वहां से कॉल किया कि उनके देवर अरुण की हालत काफी खराब हो गई है।

उसे ले जाओ। महिला ज्योति अरोड़ा ने आगे बताया कि उन्होंने अरुण के भाई वरुण को वहां पर भेजा तो अरुण बेसुध हालत में पड़ा था उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के भाई वरुण ने भी अपने भाई अरुण की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।आरोप है कि अरुण ने कुछ लोगों से ब्याज पर पैसा लिया था।

## ईद मिलादुन्नबी पर निकल रहे जुलूस का हाजी उस्मान ने किया जोरदार स्वागत



**कांठ।** शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी पर जगह-जगह धार्मिक जुलूस का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को धर्म के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया नगर पंचायत उमरी कला में निकल रहे जुलूस का चेयरमैन मोहम्मद उसमान अली ने मंगल के बाजार, स्थित कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया उन्होंने जलपान की व्यवस्था का भी माकूल इंतजाम किया और जुलूस में सहभागिता करते हुए जुलूस निकाल रहे लोगों का उत्साह बर्धन किया। इस मौके पर काफी लोग मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने चलाया 'एक्स' पर हैशटैग अभियान

**कांठ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रदेशीय कार्यसमिति द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के क्रम में जनपद मुरादाबाद में बेसिक शिक्षकों द्वारा जिला अध्यक्ष डॉ नीरज कुमार शर्मा व जिला मंत्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक्स (ग) पर रुकाला कानून वापस लो अभियान चलाया गया। पूर्व विदित है कि 1 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए टेट परीक्षा संबंधी निर्णय से संपूर्ण देश में लगभग 10 लाख से अधिक शिक्षकों की नौकरी पर संकट के बादल छा गए हैं। इस निर्णय से शिक्षकों में भारी निराशा व चिंता का माहौल है।

## बच्चों से मारपीट करने में तीन फंसे

**कांठ।** बच्चों से मारपीट करना और धमकाना तीन को भारी पड़ गया पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी ओम राज पुत्र रामगोपाल सिंह का आरोप था कि 4 सितंबर को शाम 4:00 बजे रोहित मोहित पुत्रगण हरिओम ओमकार पुत्र बाबू राम ने उसके बच्चों के साथ लाठी डंडों से मारपीट की और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में निशा रजनी लोकेश घायल हो गए पीड़ित थाने पहुंचा और हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

# पर्यूषण पर्व का नवमा दिन उत्तम आकिंचय धर्म के रूप में मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रातकाल जैन समाज द्वारा बेदी में विराजमान सभी प्रतिमाओं का शुद्ध जल से अभिषेक किया गया उसके बाद शुद्ध जल से श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा जी की शांति धारा की गई आज विशेष पूजा रही अंतरिक्ष पार्श्वनाथ भगवान नमीनाथ भगवान नेमिनाथ भगवान नव अष्टांग सम्यक दर्शन दस लक्षण धर्म सोलह कारण आदि उसके बाद कौशल जैन प्रकाश डालते हुए बताया कि इस संसार में परिग्रह रूपी पिशाच ने संसार प्राणी को सर्वाधिक दुख दिया है जो परिग्रह को तजता है।

वही सिद्ध शिला में बास करता है हमें संसार में रहकर यह चिंतन करना चाहिए कि इस पृथ्वी का अणु मात्रा भी मेरा नहीं है मैं आकिनचय हूं चेतन आत्मा ही मेरा है आज मंदिर में उपस्थित रहे राकेश जैन स कौशल जैन विनोद जैन संजय जैन शशांक जैन प्रतीक जैन समीर जैन राजीव जैन अभिषेक जैन राकेश कुमार जैन एडवोकेट, आदीश कुमार जैन एडवोकेट, पारूल अग्रवाल (जैन) एडवोकेट, विपुल जैन रजत जैन तंदुल जैन अक्षय जैन रीता जैन सीमा जैन रेखा जैन शिल्पी जैन चारू जैन शगुन जैन मिशिता जैन कल्पना जैन पावनी जैन रेनू जैन मानसी जैन शशि जैन पूजा जैन सुरभि जैन लवी जैन नेहा जैन खुशी जैन निधि जैन अरभ जैन सर्वांग जैन तनिष्क जैन यश जैन आदि मौजूद रहे।

# वीरेंद्र चौधरी उत्कृष्ट राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2025 से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में इंस्टीट्यूट फॉर सोशल रिफॉर्म्स एंड हायर एजुकेशन ट्रस्ट उत्तर प्रदेश और इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में भारतरत्न सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय स्तर का सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन स्मारक उत्कृष्ट राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह 2025 आयोजित किया गया । जिसमें देश भर के विभिन्न राज्यों से चयनित 70 उत्कृष्ट टीचर्स , लेक्चरर्स , प्रोफेसर्स को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और समाज सेवा को जीवन का आधार बनाने वाले




प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर विकास खंड छजलेट , मुरादाबाद के प्रधानाचार्य वीरेंद्र चौधरी को भी उत्कृष्ट राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2025 से नवाजा गया । चौधरी बीरेंद्र के द्वारा शिक्षण के साथ पर्यावरण संरक्षण , गौरैया संरक्षण ,नित्य गुमनाम वीरो की वंदना ,बालि. का शिक्षा , स्वच्छता अभियान आदि सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में देश भर के कई हजार टीचर्स, प्रिंसिपल्स, लेक्चरर्स, प्रोफेसरों ने आवेदन किया था जिसमें से चयनित केवल 70 उत्कृष्ट टीचर्स को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । वीरेंद्र चौधरी को सम्मान मिलने पर छजलेट ब्लॉक के टीचर्स ने बधाई दी। बताते चले कि वीरेंद्र चौधरी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलेट के ब्लॉक अध्यक्ष होने के साथ ही वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भी हैं। वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि अपने कार्य के लिए सम्मान मिलना आपको गौरवान्वित महसूस कराता है और आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देने के साथ जिम्मेदारी का भी अहसास करवाता है उन्होंने आयोजक मंडल का पुरस्कार देने के लिए हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ईदमिलादुन्नबी का जुलूस निकाला

**चन्दौसी।** शुक्रवार को नगर में ईदमिलादुन्नबी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मस्जिदों में सुबह से ही नमाज अदा करने के बाद लोगों ने मुल्क में अमन, चौन और खुशहाली की दुआएं मांगी। नगर की मस्जिदों और मदरसों में कुरानख्वानी व तकरीर के कार्यक्रम आयोजित हुए। जुलूस-ए-मोहम्मदी भी निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया। बच्चों और नौजवानों ने हरे झंडे थामे हुए नारे-ए-तकबीर बुलंद किए। संभल गेट में ईदमिलादुन्नबी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद गिरीशचंद्र, सपा पूर्व जिलाध्यक्ष रजत कुमार यादव, कवि माधव मिश्र, ए.के. सिंह, ओमप्रकाश राव, संजय मदान आदि मौद रहे।

# रहमत ब्लड डोनेशन कैंप का हुआ आयोजन

### शिविर में लोगों ने किया रक्तदान, चेयरमैन ने रक्तदाताओं को हेलमेट देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रहमत ब्लड डोनेशन कैंप का हुआ मोहम्मद याकूब चेयरमैन नगर पंचायत पाकबड़ा के कार्यालय पर किया गया था। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया और सभी रक्तदाताओं को हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। त्त ब्लड बैंक द्वारा लगाए गए इस शिविर का उद्देश्य रक्तदान को बढ़ावा देना और लोगों की जान बचाने में मदद करना था। रक्तदान के फायदे:- हृदय स्वास्थ्य में सुधार: रक्तदान करने से हृदय रोगों



के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है। नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण: रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त कोबिकाओं का निर्माण होता है, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2025

आगामी त्यौहरों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी :-

**रेलगाड़ी सं. 05742/05741 न्यू जलपाईगुड़ी-गोमती नगर-न्यू जलपाईगुडी साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाडी** — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05742 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05741 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 07.00 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09.25 | ---- |
| 06.23 | 06.25 | बाराबंकी जं. | 10.18 | 10.20 |
| 07.15 | ---- | गोमती नगर | ---- | 09.40 |

चलने के दिन : 05742 न्यू जलपाईगुड़ी से प्रत्येक रविवार दिनांक 28.09.25 से 02.11.25 तक एवं 05741 गोमती नगर से प्रत्येक सोमवार दिनांक 29.09.25 से 03.11.25 तक।
ठहराव : सिलीगुड़ी जं., ठाकुरगंज, अररिया कोर्ट, पूर्णिया, कटिहार जं., नवगछिया, खगड़िया जं., बेगूसराय, बरौनी जं., हाजीपुर जं., सोनपुर, छपरा जं., सीवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., मनकापुर जं., अयोध्या धाम जं. और बाराबंकी जं. स्टेशन
स्थान : सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 05734/05733 किशनगंज-अमृतसर-किशनगंज साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05734 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05733 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 09.10 | किशनगंज | 17.30 | ---- |
| 00.10 | ---- | अमृतसर | ---- | 04.25 |

चलने के दिन : 05734 किशनगंज से प्रत्येक वीरवार दिनांक 02.10.25 से 13.11.25 तक एवं 05733 अमृतसर से प्रत्येक शनिवार दिनांक 04.10.25 से 15.11.25 तक।
ठहराव : बारसोई, कटिहार, नवगछिया, मानसी जं., खगड़िया जं., बेगूसराय, बरौनी जं., हाजीपुर जं., सोनपुर, छपरा जं., सिवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, इटावा, अलीगढ जं., खुर्जा जं., हापुड, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट, लुधियाना, जालंधर सिटी और ब्यास स्टेशन
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकॉनामी), शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 05325/05326 गोमती नगर-लोकमान्य तिलक ट.-गोमती नगर साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05325 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05326 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 00.15 | गोमती नगर | 10.45 | ---- |
| 05.50 | ---- | लोकमान्य तिलक ट. | ---- | 07.55 |

चलने के दिन : 05325 गोमती नगर से प्रत्येक शनिवार दिनांक 27.09.25 से 01.11.25 तक एवं 05326 लोकमान्य तिलक ट. से प्रत्येक रविवार दिनांक 28.09.25 से 02.11.25 तक।
ठहराव : बादशाहनगर, लखनऊ शहर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, खंडवा जंक्शन, भुसावल जंक्शन, नासिक रोड, इगतपुरी और कल्याण स्टेशन
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 05023/05024 गोमती नगर-खातीपुरा-गोमती नगर साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी स. 05023 | | स्टेशन | रेलगाड़ी स. 05024 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23.55 | गोमती नगर | 11.45 | ---- |
| 12.10 | 12.20 | दिल्ली जं. | 00.25 | 00.35 |
| 17.30 | ---- | खातीपुरा | ---- | 18.50 |

चलने के दिन : 05023 गोमती नगर से प्रत्येक मंगलवार दिनांक 23.09.25 से 04.11.25 तक एवं 05024 खातीपुरा से प्रत्येक बुधवार दिनांक 24.09.25 से 05.11.25 तक।
ठहराव : बादशाह नगर, डालीगंज, सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली छावनी, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर जं. और बांदीकुई जं. स्टेशन
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

**रेलगाड़ी सं. 04195/04196 आगरा छावनी-जोगबनी-आगरा छावनी साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 22 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04195 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04196 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 05.00 | आगरा छावनी | 07.10 | ---- |
| 17.25 | 17.35 | लखनऊ | 16.55 | 17.05 |
| 18.45 | ---- | जोगबनी | ---- | 21.00 |

चलने के दिन : 04195 आगरा छावनी से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 12.09.25 से 28.11.25 (26.09.25 को छोड़कर) तक एवं 04196 जोगबनी से प्रत्येक शनिवार दिनांक 13.09.25 से 29.11.25 तक (27.09.25 को छोड़कर)।
ठहराव : धौलपुर, ग्वालियर, डबरा, दतिया, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, पुखरायाँ, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, बुढ़वल, कर्नलगंज, गोंडा, मनकापुर, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी, सिवान जं., छपरा जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी जं., थाना बिहपुर, नवगछिया, कटिहार, पूर्णिया जं., अररिया और फारबिसगंज स्टेशन
स्थान : शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 08763/08764 दुर्ग जं.-सुलतानपुर जं.-दुर्ग जं. साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08763 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08764 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 07.20 | दुर्ग जं. | 12.50 | ---- |
| 07.00 | ---- | सुलतानपुर जं. | ---- | 10.00 |

चलने के दिन : 08763 दुर्ग जं. से प्रत्येक शनिवार दिनांक 13.09.25 से 29.11.25 तक एव 08764 सुलतानपुर ज. से प्रत्येक रविवार दिनाक 14.09.25 से 30.11.25 तक।
ठहराव : राजपुर जं., उस्लापुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी जं., मैहर, सतना जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा जं., रागौल, भीमसेन जं., कानपुर सेंट्रल और लखनऊ स्टेशन
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकॉनामी), शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 01491/01492 पुणे जं-हज़रत निज़ामुद्दीन-पुणे जं. साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01491 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01492 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 17:30 | पुणे जं. | 23:55 | ---- |
| 20:00 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 21:25 |

चलने के दिन : 01491 पुणे जं. से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 26.09.25 से 28.11.25 तक एवं 01492 हजरत निज़ामुद्दीन से प्रत्येक शनिवार दिनांक 27.09.25 से 29.11.25 तक।
ठहराव : लोनावला, कल्याण जंक्शन, भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, उधना जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बारसी टाऊन और मथुरा ज. स्टेशन.
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.-गोरखपुर जं.-छत्रपति शिवाजी महाराज ट. त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 132 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01079 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01080 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22.30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 00.40 | ---- |
| 04.10 | 04.15 | लखनऊ | 19.50 | 19.55 |
| 10.00 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 14.30 |

चलने के दिन : 01079 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से प्रतिदिन दिनांक 26.09.25 से 30.11.25 तक एवं 01080 गोरखपुर जं. से प्रतिदिन दिनांक 28.09.25 से 02.12.25 तक।
ठहराव : दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सड़क किनारे खड़े युवक को ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** कस्बा निवासी वार्ड नंबर नौ 28 वर्षीय आकाश गुप्ता पुत्र प्रेम कुमार गुप्ता बड़ा बाजार के समीप एमएफ हाईवे किनारे स्थित एक दुकान से खरीदारी कर वापस घर जा रहे थे की तेज रफ्तार आ रहा ई रिक्शा ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक के सिर में गंभीर चोट आई सूचना पर पहुंचे।

परिजनों ने आकाश को निजी वाहन से कस्बे के स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचा जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बदायूं जिला अस्पताल को रेफर कर दिया बदायूं इलाज के दौरान अस्पताल में रात्रि के वक्त आकाश की मौत हो गई जिसे देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। कस्बे में बिना नंबर एवं बिना ड्राइविंग लाइसेंस के तथा नाबालिकों द्वारा ई रिक्शा का संचालन बैखौफ बेधडक नियमों के विपरीत किया जा रहा है जिससे कस्बे के एक 28 वर्षीय युवक आकाश गुप्ता पुत्र प्रेम कुमार गुप्ता की तेज रफ्तार ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मारी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आकाश गुप्ता गुरुवार की शाम को मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे स्थित एक दुकान से घरेलू सामान की खरीदारी कर वापस घर जा रहे थे अनियंत्रित तेज ई रिक्शा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनके सर में गंभीर चोट आई सूचना पर पहुंचे परिजन घायल आकाश को निजी वाहन से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां डॉक्टर उन्हें प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल बदायूं को रेफर कर दिया। जहां जिला अस्पताल में इलाज के दौरान रात्रि में आकाश गुप्ता की मौत हो गई। यह देख परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा घर पर पहुंचे शव को देख पर परिजनों सहित मोहल्ले में कोहराम मच गया शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया है।

# सपा ने पीडीए की बैठक में शिक्षकों को किया सम्मानित



**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर अध्यापक मोहर सिंह जाटव, अतुल वर्मा, राकेश कुमार, राजेश यादव, डा. राकेश प्रजापति को शिक्षक सम्मान से नवाजा गया। सुरेंद्र पाल सिंह यादव ने शिक्षकों का सम्मान करते हुए अध्यापकों को देश का भविष्य बताया। श्री यादव ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने जनता के अधिकार छीन लिए हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई से किसान, नौजवान, व्यापारी और बेरोजगार परेशान है। एड. राहुल यादव ष्भीष्मष ने कहा कि केवल समाजवादी पार्टी ही है जो शिक्षकों के हितों की बात करती है। राहुल यादव ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज को ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राजेंद्र गुरुजी, जिला उपाध्यक्ष मोहर सिंह पाल, महिला सभा की जिला महासचिव रूपा यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख खजाना देवी, काजी शाहनवाज खान, सुरेन्द्र सागर, के.के. पाल, चन्द्रकेश यादव, सुबोध कुमार सिंह, सतपाल सिंह दरोगा जी, डा. राकेश प्रजापति, नरेंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह, राजपाल सिंह यादव, ईशपाल सिंह यादव, अमरनाथ दिवाकर, कप्तान सिंह यादव, प्रधान मेवाराम, जुगेंद्र सिंह यादव, विकास यादव, प्रधान उदयवीर सिंह, भूरे यादव, सौरभ चौहान, जगतपाल यादव, चिरंजी लाल मीणा, पप्पू मौर्य, गोपी यादव, अर्जुन कश्यप आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत, इलाज में लापरवाही का आरोप





**राजीव सक्सेना, शाह टाइम्स**

**उघैती।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई।महिला की मौत से परिजनों कोहराम मच गया। महिला की मौत की सूचना पर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।उघैती थाना क्षेत्र के गांव रफतपुर बंजारा के मजरा रहटनी निवासी धर्मेंद्र यादव की पत्नी नीरज (36) संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों को कोहराम मच गया। महिला की मौत की सूचना मिलने के बाद पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने मौके पर पहुंच कर हंगामा कर दिया।मायके पक्ष के लोगों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया।घटना की सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। महिला की शादी 20 वर्ष पहले धर्मेंद्र के साथ हुई थी। जिसमें धर्मेंद्र से महिला के तीन बच्चे हैं जिसमें दो लड़की व एक लड़का है लड़की मनु (16)संध्या (12)लड़का अखिल (14)वर्ष का है।महिला की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

इस संबंध में थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया महिला की मौत की सूचना मिली थी।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।फिलहाल तहरीर नहीं मिली है तहरीर आने पर अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी।

# सरकार की आमद मरहवा से गूंजा सारा शहर



**आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स**

**सहसवान।** सहसवान नगर और देहात क्षेत्रों में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व मनाया गया मुहल्ला चाहशीरी के मदरसा गुलामाने रसूल से प्रारम्भ होकर एक विशाल जुलूस दर्जनों झाकियों और धार्मिक नारों के साथ निकाला गया जुलूस निकालने से पूर्व नगर के मुहल्ला शहबाजपुर, कटरा, गोपालगंज, हरनातकिया, दहलीज, मिर्धाटोला, चाहशीरी, काजी मुहल्ला, मोहिउद्दीनपुर, पट्टी यकीन मुहम्मद से लोग डीजे पर झाकियों के साथ मदरसा गुलामाने रसूल पहुंचे मदरसे से स्कूली बच्चों ने जुलूस में भाग लिया विशाल जुलूस मदरसा गुलामाने रसूल से प्रारम्भ होकर मुहल्ला चौधरी, तहसील गेट, पठानटोला, बाजार विल्सनगंज, नवादा, शहबाजपुर पहुंच कर समाप्त हो गया जुलूस में धार्मिक झंडो के साथ राष्ट्रीय ध्वज भी लहराया गया जगह जगह लोगो ने लंगर लगाकर फल,पानी,जूस,बिरयानी,खजूर,मेवाएं ,शरबत बाटे नगर पालिका की तरफ से जगह जगह पानी का इंतिजाम किया गए सफाई कर्मी जगह जगह सफाई करते दिखे जुलूस में पालिक. ाध्यक्ष मीर हादी अली उर्फ बाबर मियाँ, मीर हैदर अली,हाजी निसार हुसैन, आतिफ निसार जैनू, बिंटू भैय्या, सय्यद खालिद भाई, नसीम मास्टर साहब, दवीरूल हसन पूर्व प्रिन्सपल,डॉ कक्कू भाई वरिष्ठ अधिवक्ता रोशन यासीन, वासित अली, हाफिज इरफान, जमशेद अली, शरीफ उद्दीन, मौलाना सलीम अख्तर साहब, हाफिज माजिद साहब,हाफिज अशफाक हुसैन, हाफिज रफीक, हाफिज राहत अली, हाफिज खलीक उर रहमान उर्फ बाबू,हाफिज आरिफ, हाफिज कारी शाहिद रजा, वाहिद हुसैन, इख्तियार अली, आदि मौजूद रहे। पुलिस क्षेत्र अधिकारी कर्मवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक राज बहादुर सिंह पुलिस फोर्स महिला पुलिसकर्मी सहित तैनात रहे।

# चन्दोई में ईद मिलादुन्नबी का जश्नः दर्जनों झांकियों के साथ निकला पुरसुकून माहौल में जुलूस





## पत्ती पत्ती फूल फूल या रसूल या रसूल की सदाएं गूंजती रही

**कामिल खान, शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इस्लामनगर।** थाना क्षेत्र के गांव चंदौई में मोहम्मद साहब का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां निकाले जुलूस- ऐ-मोहम्मदी में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर हुजूर की आमद मरहबा रसूल की आमद मरहबा के नारे लगाए, पत्ती पत्ती फूल फूल या रसूल या रसूल की सदाएं गूंजती रही। जुलूस में आकर्षक का केंद्र रही झांकियां। जुलूस का गांव में भ्रमण के दौरान जगह-जगह बहुत ही खूबसूरत अंदाज में इस्तकबाल किया गया। मोहम्मद साहब के पैगाम को लोगों को बताया गया ,शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में आपसी प्रेम और भाईचारे के बीच त्यौहार मनाया गया ।जुलूस नूरी मस्जिद से शुरू होकर मैंन रोड बैंक जाकर समाप्त हुआ।जुलूस के समापन पर अमन चौन की दुआएं मांगी गई। जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। हाफिज मुशाहिद रजा ने बताया कि आखरी नबी हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर के मौके पर बहुत ही अदब ओ एहतराम के साथ जुलूस निकाला गया।

इससे पहले बृहस्पतिवार की रात बडी मस्जिद में खिताब करते हुए मौलाना मुजाहिद रिजवी ने कहा कि अल्लाह ने अपने महबूब नबी को दुनिया में भेज कर हम सब पर बहुत बड़ा एहसान किया ।उन्होंने कहा कि नबी ए करीम की उम्मत सभी उम्मतों में अफजल है। थाना प्रभारी नरेश पाल सिंह के साथ अन्य कई थाने का फोर्स मौजूद रहा। इस दौरान लाला खान अफजल खान जफर खान आरिफ खान बब्बू शाह, सफी अहमद, मुशर्रफ खान,मोहम्मद हनीफ, लईक खान ,मुशाहिद खान, अफाक खान, अच्छन खान, शोयब खान युवा नेता, कौशर खान,रिजवान खान हजारों अकीदतमंदो ने हिस्सा लिया।

# निर्धरित रास्तों से निकला जुलूसे मुहम्मदी, रास्तों में हुआ इस्तकबाल, होती रही नात्ख्वानी व तकरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** मदरसा इस्लामिया स्कूल में सुबह 8 बजे नगर के मुस्लिमों ने इकठ्ठे होकर एक दुसरे को ईद मीलादुन्नबी की मुबारक बाद पेश की द्य इसके बाद ये सभी लोग व मदरसे के बच्चों ने एक साथ मिलकर मस्जिदों व मदरसों से होते हुए जुलूसे मुहम्मदी निकाला द्य मो बनया में हिन्दू वर्ग के लोगों ने जुलूस का इस्तकबाल कर एकता सौहार्द की मिसाल दी। ईद मीलादुन्नबी पर सुबह से मुस्लिमों में अपने सरकार की विलादत से बड़ा ही जोश था। सुबह सुबह सभी लोग नए नए कपडे पहनकर खुशबु लगाकर मदरसा इस्लामिया स्कूल में इकठ्ठा हुए द्य मदरसे में अन्य मस्जिदों के इमाम व उलेमाओं ने लोगों को मुहम्मद साहब की जिन्दगी के बारे में बताया व नेक राह पे चलने की हिदायत की द्य इसके बाद सभी लोग हाथों में जश्ने ईद मीलादुन्नबी के झंडे लेकर नात्ख्वानी करते हुए कब्रिस्तान चांद मस्जिद मस्जिद एक मीनारा चाँद तारा मस्जिद दरगाह हजरत सूफी सिब्ते अहमद मस्जिद रफीकुल औलिया मदरसा फैजाने हुजूर नयी बस्ती जंगपुरा मदरसा हाफिज शहजाद खा मो बनिया होकर इस्लामिया स्कूल वापस आये जिसके बाद मदरसे में फातिहा हुई और मुल्क में अमन चौन के लिए मखसूस दुआएं की गयीं। इस मौके पर हाफिज इशरत हाफिज अबरार हाफिज इरशाद हाफिज मौलाना शमीम खा हाफिज अबरार अहमद अब्दुल गफ्फार मुन्ने पहलवान हबीब एहसान खान शराफत दानिश नन्ने दरोगा , आफाक अहमद मंसूरी सुलेमान अंसारी आले अहमद कुरैशी शफी मुहम्मद निसार अहमद मंसूरी मोइनुद्दीन कुरैशी जाबिर सैफी हबीब फारूकी आदि सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विद्या भारती पुरातन छात्रा परिषद का शिक्षक दिवस पर भव्य सम्मान समारोह



**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** बदायूं स्थित द्रोपदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर विद्या भारती पुरातन छात्र परिषद की नगर इकाई बिसौली द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन नगर संयोजक प्रशांत गर्ग, नगर सह संयोजक शिवम शंखधार और जिला संयोजक सुमित गोयल के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक मनीष सिंघल भी उपस्थित रहे। जिन्होंने बिसौली से आई हुई नगर इकाई को गीता और अंगवस्त्र भेट किए और नगर विधायक को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान और आदर - सत्कार किया। विद्यालय के सभी शिक्षकों, आचार्यों एवं प्राचार्यों को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस की गरिमा को बढ़ाते हुए नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने ओजस्वी विचारों से छात्र-छात्राओं को भविष्य के लिए प्रेरित किया और उन्हें शुभकामनाएँ दीं। जिला संयोजक सुमित गोयल ने अपने वक्तव्य में विद्या भारती द्वारा संचा. लित विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता और समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विद्या भारती के शैक्षणिक संस्थान किस तरह समाज में नैतिक शिक्षा और संस्कृति के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

विद्यालय के व्यवस्थापक मनीष सिंघल ने भी इस अवसर पर अपनी गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और नगर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता और बिसौली की नगर इकाई का भारी सम्मान और आदर-सत्कार किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षक समाज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए, छात्रों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। इस अवसर ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को उजागर किया और शिक्षा जगत में विद्या भारती की भूमिका को और मजबूत किया।

## मोहम्मद साहब का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** गत वर्ष की भांति परंपरा गत ढंग से मोहम्मद साहब के जन्म दिन पर हर्षौल्लास के साथ कस्बा द्वंद पुर में जुलूस निकाला गया। यह जुलूस स्थानीय जमा मस्जिद से शुरू होकर गांव में मुख्य मार्गो से होते हुए जामा मस्जिद पर समाप्त किया गया। इस दौरान गांव में सुबह से ही लोगों में उत्साह व चहल पहल देखने को मिली। जुलूस में स्थानीय संभ्रांत डॉक्टर तारिक , रहीस अहमद , आसिफ अली , इसरार अहमद सिद्दीकी , कल्लू मिस्त्री , राजू , मोहम्मद उमर , आकिल , हसनयन , सद्दाम आदि मौजूद रहे। इस त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को बिसौली पुलिस क्षेत्राधिकारी , थाना फैजगंज बेहटा प्रभारी रामेंद्र सिंह , स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी , उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह , हेड कांस्टेबल प्यारे लाल , अंशुल कुमार , आकाश ढाका आदि मुस्तैद रहे।

# नगर में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से निकाली गई गणेश विसर्जन शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार को कस्बा बिसौली में धूमधाम से हर्षोल्लास पूर्वक बैंड बाजा के साथ भगवान श्री गणेश शोभायात्रा निकाली गई। हम आपको बता दें कि बीते 27 अगस्त को भगवान श्री गणेश गाजे बाजे के साथ प्रतिष्ठित मंदिर एवं पंडालो में गणेश जी की मूर्तियां पधारीगई जिनकी लगातार 9 दिन तक आरती वंदना एवं पूजा अर्चना की गई आज भादो माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को विसर्जन किया जाएगा जिसके उपलक्ष्य में किया जाएगा आज शुक्रवार को भगवान श्री गणेश विसर्जन शोभा यात्रा झांकी धूमधाम से बैंड बाजा एवं सुन्दर सुन्दर झांकियों के साथ नगर के विभिन्न मार्गो से निकाली गई जहां भगवान श्री गणेश के भक्तों ने एवं नगर वासियों ने शोभा यात्रा का जगह-जगह फूलों की व्यवस्था कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के उद्घोष के जयकारे लगाए गए शोभायात्रा को देखने वालों की हजारों की संख्या में फिर देखने को मिली वहीं दर्शकों ने बताया कि शोभा यात्रा में मौजूद सुन्दर सुन्दर झांकियों ने मन मोह लिया वहीं सुरक्षा की दृष्टि से बिसौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह एवं कस्बा चौकी इंचार्ज विदेश कुमार शर्मा व पीएससी सुरक्षा बल के साथ भारी पुलिसबल मौजूद रहा।

# अर्धरात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल, दो की हालत नाजुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** गुरूवार अर्धरात्रि को कस्बा बिसौली दबता. ेरी रोड बाई जी मंदिर के पास बाइक सवार तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने रौंदा दो लोगों की हालत गंभीर एक को लगी मामूली चोट हम आपको बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव परवेज नगर निवासी रामवीर पुत्र पान सिंह दिल्ली से वापस अपने घर जा रहे थे तभी बिसौली पहुंचकर रामवीर ने नगर में गांव परवे. जनगर पहुंचने का कोई साधन न होने का कारण अपने पिता पान सिंह फोन कर बताया कि मैं घर से बाइक लेकर बिसौली आ जाएं जिस समय घर पहुंच सकूं तभी पिता पान सिंह ने गांव के ही धर्मेंद्र पुत्र जगदीश को साथ लेकर रामवीर को लेने बिसौली आए तभी वापस लौटते वक्त दबतोरी रोड पर बाई जी मंदिर के पास सामने आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाईक सवार तीनों लोगों जबरदस्त मार दी जिसमे दो लोग बेहद गंभीर तरीके से जख्मी हो गई तथा एक व्यक्ति को हल्की चोट आई है वहीं सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 108 ने घायल तीनों लोगों को बिसौली साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार कर रामवीर और धर्मेंद्र की गंभीर अवस्था को देखते हुए बदायूं जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया एवं पान सिंह को हल्की चोट होने के चलते उन्हें घर भेज दिया गया वही बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन अर्धरात्रि होने के चलते मौका पाकर फरार हो गया घटना की सूचना पाकर घायलों के परिजन भी मौके पर आ पहुंचे परिजनों ने बताया कि बिसौली कोतवाली पुलिस को हादसे की सूचना दे दी गई वही पुलिस सूचना के माध्यम से घटना की जांच पड़ताल में जुटी घायल धर्मेंद्र के परिजनों ने बताया कि धर्मेंद्र और रामवीर की हालत नाजुक बताई जा रही है जिनका उपचार प्राइवेट हॉस्पिटल बरेली में किया जा रहा है।

# शान ओ शौकत के साथ निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी



**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** पैगंबर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद स.अ.व. की यौम ए पैदाइश की खुशी में शुक्रवार को जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का जुलूस नगर व क्षेत्र में धूमधाम से निकला। नगर की बड़ी मस्जिद में कुरान ख्वानी से जश्न का आगाज हुआ। महफिल - ए - मिलाद के बाद मौलाना इफ्तिखघर अहमद अशरफी, हाफिज शरीफ जामी, मौलाना अफलाक रजा उवैसी, हाफिज शादाब रजा उबैसी, मौलाना बिलाल रजा, हाफिज अब्दुल मुकतदर अहमद, कारी अब्दुल गफ्फार, सैयद शायर अली, हाफिज फुरकघन, हाफिज मजहर खांन ने नबी की अजमत बयान की। जुलूस में शामिल नबी के दीवानों के काफिले का जगह-जगह फूलों से इस्तकबाल किया गया। इस दौरान सरकार की आमद मरहबा, दिलदार की आमद मरहबा, खुशियां मनाओ आ गए सरकार जैसे नारों से नगर गूंज गया। उलेमाओं ने अपनी तकरीर में कहा कि अल्लाह ने 1500 साल पहले इसी मुबारक महीने में हजरत मोहम्मद साहब को दुनिया से जाहिलियत को अंधेरे से बाहर निकालने के लिए भेजा था। उन्होंने कहा कि हजरत सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पूरी दुनिया के लिए एक आदर्श बनकर आए। उन्होंने दुनियां को शांति का पैगाम दिया, उनके जैसा कोई नहीं था और न दुनिया में आगे आएगा। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी खासतौर पर अलर्ट दिखाई दिया। सभी जगहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, हाजी रफीक खां, मशहूद खां हमदम, मदरसे के सदर इरशाद खान, सपा नेता काजी शाहनवाज खान, सपा नगर अध्यक्ष वाजिद खान, चेयरमैन पुत्र राशिद मंस. ूरी, हाजी तस्लीम खा, हाजी हबीब खां, संयोजक मुन्ने खां, जहीर ऑटो, शेर मो. सिद्दीकी, जाकिर खान, बब्बू खान, शफी मो., इसहाक सैफी, असलम सैफी, डा. अमीर उद्दीन, सभासद सफीक अहमद, बाबू फारूकी, शौकत अली खां, शहजाद खान, जाकिर सैफी, इमरान सैफी आदि मौजूद रहे।

# बहेड़ी में अकीदत के साथ निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। इस अवसर पर धार्मिक स्थलों और घरों को बेहत. रीन तरीके से सजाया गया। शुक्रवार की सुबह लोगों ने फातिहा ख्वानी कराकर हुजूर मोहम्मद मुस्तफा सललल्लाहो अलैह वसल्लम की आमद का जश्न मनाया। इस दौरान जुलूस में भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

जुलूस नैनीताल रोड स्थित शिमला जनरल स्टोर से शुरू होकर कोतवाली पुराना रोड, ट्रक यूनियन, पंजाबी कॉलोनी, होली चौराहा, मोहल्ला गोदाम और माथुर रोड होते हुए शिमला जनरल स्टोर पर समाप्त हुआ। इस दौरान सरकार की आमद मरहबा के नारों से बहेड़ी नगर गूंज उठा। यह है हमारे नबी की शान बच्चा बच्चा है कुर्बान आदि नारे नगर की गलियों में गूंज उठे।

नगर की सभी मस्जिदों में मीलादे पाक की महफिलें सजाई गईं, और रसूले पाक की आमद का जश्न मनाया गया। मस्जिदों में जोहर की नमाज का वक्त 3 बजे किया गया था। नगर के मोहल्ला बाजार वाली मस्जिद में कारी अतीक रजा, मोती मस्जिद में हाफिज अनवार अहमद कादरी और पंजाबी कॉलोनी स्थित कादरी मस्जिद में शेरे कादरियत मौलाना मुख्तार अहमद का खुसूसी खिताब हुआ। उन्होंने दोनों आलम के लिए रहमत बनकर आए अल्लाह के आखिरी नबी के तशरीफ लाने के बारे में बताया। फातिहा के बाद लोगों ने जुमे की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में गए। नमाज के बाद मस्जिदों में देश की सलामती की दुआ की गई। इस अवसर पर पूरा नगर रोशनी से जगमगा उठा, और लोगों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर जश्न मनाया। जुलूस के दौरान एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव, सीओ अरुण कुमार, कोतवाल संजय तोमर सहित पुलिस बल मौजूद रहा।



## भूसी से भरा ट्रक डिवाइडर पर चढ़कर पलटा, चालक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** बीती देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर रबर फैक्ट्री कॉलोनी गेट के सामने एक बड़ा हादसा टल गया।

मिली जानकारी के अनुसार ड्राइवर जगरूप सिंह बंगाल से ट्रक में भूसी भरकर पंजाब जा रहे थे। थाना क्षेत्र के रबड़ फैक्ट्री कालोनी गेट के सामने पीछे से ओवर टेक कर रहे एक अन्य ट्रक चालक ने साइड मार दी जिससे भूसी से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया और दूसरे रोड पर पलट गया। गनीमत रही कि उस समय ट्रक के नीचे कोई वाहन नहीं आया वरना बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रक पलटने के बाद भूसी से भरी बोरियां सड़क पर बिखर गईं जिससे दोनों ओर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने रात में ही क्रेन मंगाकर ट्रक व भूसी भरी बोरियो को रोड से हटवाया। कड़ी मशक्कत के बाद रोड को सुचारु रूप से चालू कराया गया। इस हादसे में ड्राइवर जगरूप सिंह को हल्की चोट आई है।

## एक नजर

### कस्बे में राधा जी की छठी महोत्सव पर भंडारे का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी। कस्बे** में राधा जी की छठी महोत्सव के उपलक्ष्य में नगरवासियों द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

यह आयोजन राज कपूर गुप्ता की दुकान के सामने बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। भंडारा दोपहर लगभग 12 बजे शुरू किया गया और शाम तक चला।भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु नगरवासी और आसपास के लोग सम्मिलित हुए। सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और एक-दूसरे को छठी महोत्सव की बधाई दी। आयोजन स्थल पर माहौल पूरी तरह धार्मिक और भक्तिमय रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भक्ति-गीत गाकर वातावरण को और भी आध्यात्मिक बना दिया। भंडारे में आए सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाकर स्वयं को धन्य महसूस किया और आयोजकों को धन्यवाद दिया।

### 1500 साला ईद मिलादुन्नबी के मौके पर काजी-ए-हिंदुस्तान ने पंद्रह करोड़ दूरूद शरीफ का नजराना पेश किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान हसन खान (सलमान मियां) ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर काजी ए हिंदुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजा खा कादरी की सरपरस्ती व सदारत में मिलाद शरीफ की महफिल सजी, जोकि यह महफिल आला हजरत के जमाने से चली आ रही जिसको हुजूर हुजूर हुज्जतुल इस्लाम और हुजूर मुफ्ती ए आजम से लेकर हुजूर ताजुश्शरिया ने इस महफिल को अपने घर में सजाया, और अब इसको काजी ए हिंदुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजा खां कादरी खुद मिलाद शरीफ की महफिल सजा रहे हैं। मिलाद शरीफ का प्रोग्राम बड़े ही शानदार और रूहानी माहौल में सम्पन्न हुआ।

जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां) प्रोग्राम का आगाज तिलावत-ए-कघ्रआन से हुआ, इसके बाद नात-ख्वान-ए-कराम ने अपनी खघ्बसूरत आवाज में नात-ए-रसूल पेश की, जिससे महफिल महक उठी। उलमा-ए-किराम ने अपनी तकघ्रीरों में सीरत-ए-रसूल पर तकरीर की, और नबी ए पाक की सुन्नतों को अपनी जिन्दगी में अमल करने के लिए जोर दिया। महफिल के आखिर में काजी ए हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रजा खघन ने कौमो मिल्लत व मुल्कभर में खुशहाली की दुआ की गई। इस प्रोग्राम में बड़ी तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत कर अपने महबूब नबी से मोहब्बत का इजहार किया। इस मौके पर सय्यद अजीमउददीन, सय्यद कैफी, सय्यद शारिक बुखारी, सय्यद रिजवान, अब्दुल सत्तार उर्फ मुन्ना मियां, मौलाना शम्स रजा, अब्दुल्लाह रजा खां, मोइन खान, मुहम्मद रजा, बख्तियार खान, दानिश अजहरी, मुहम्मद रजा, फैजान अहमद रजा आदि मौजूद रहे।

### नवाबगंज में बड़े ही जोशो खरोश के साथ निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे में शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बड़े ही शान ओ शौकत के साथ निकाला गया। जुलूस का जगह-जगह दूसरे समुदाय के लोगों ने फूलों की बारिश कर स्वागत कर आपसी सौहार्द की मिसाल पेश की।



अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन की जेरे सरपरस्ती में शुक्रवार को कस्बे की जामा मस्जिद से सुबह 8:30 बजे शुरू हुआ जुलूस-ए-मोहम्मदी अपने निर्धारित मार्गों से होता हुआ हनुमान मंदिर विजौरिया रोड पहुंचा, जहां से अतुल शर्मा चौक से होकर एसडीएम मार्ग से पटेल चौक पहुंचा, जहां से बाईपास मार्ग से होता हुआ खारिजा मार्ग से सराय गेट तक जाकर वापस जामा मस्जिद जाकर खत्म हुआ। जुलूस को मेन-मेन चौराहों पर रोककर उलेमाओं मुफ्ती फरियाद हुसैन, कारी मो. नईम, मौलाना आबिद हुसैन, कारी हाशिम रजा आदि ने खिताब किया, जिसमें उन्होंने हुजूर हजरत मोहम्मद साहब के जीवन पर रोशनी डाली, और उनके बताए रास्तों पर चलने का आवाहन किया। जुलूस का दूसरे समुदाय के सपा नेता अनिल गंगवार, रमेश चन्द, राहुल कुमार आनन्द, भाजपा नेता संतोष गुप्ता, सचिन रस्तोगी, आशीष गुप्ता, राजीव गुप्ता आदि ने फूलों की बारिश कर स्वागत किया।

इसके साथ ही इस वर्ष कस्बे के बाईपास मार्ग पर कई व्यापारियों ने जलपान के स्टाल लगाए, जिसमें मो. शोएब उर्फ शानू ने अपने युवा साथियों के साथ जुलूस में शामिल लोगों को हलवा, कोलड्रिंक, पानी आदि का वितरण किया, जिसकी लोगों ने जमकर तारीफ की। जुलूस में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर मो. असलम अंसारी, पूर्व सदर निसार अहमद अंसारी, हाजी रफीक आलम, हाजी परवेज अंसारी, आदिल हुसैन अंसारी, तसव्वर हुसैन अंसारी, डॉक्टर इरफान सिद्दीकी, अनवार अहमद, मो० ताहिर अंसारी, आसिम खां, मो. यूनुस मंसूरी, मास्टर मो. जाहिद, मो. शकील के साथ ही डिप्टी सीएमओ डॉक्टर फिरासत हुसैन अंसारी, सपा नेता प्रो. राशिद अंसारी, मो. अरशद अंसारी, पूर्व सभासद अंसार अहमद पिंडारी, हाजी हामिद अली, अधिवक्ता मुराद अहमद अंसारी, हाजी रईस अहमद अंसारी, हाजी ताजुद्दीन अंसारी, रिफाकत अली अंसारी, डॉक्टर अकरम अंसारी, कासिम अंसारी, जमील अहमद एड सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे। जुलूस का दोपहर को जामा मस्जिद में ही समापन हुआ। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी पुनीत कुमार मेहरा पुलिस बल के साथ जुलूस में शामिल रहे।

### शानो शौकत के साथ निकाला गया ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** ईदमिलादुन्नबी के अवसर पर शीशगढ़, जाफरपुर,धर्मपुरा, बूँची,मानपुर आदि में शुक्रवार को जुलूसे मोहम्मदी शानो शौकत व शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया। शीशगढ़ कस्बे में जुलूसे मोहम्मदी में लगभग 30 अंजुमनों ने हिस्सा लिया।



जुलूस विलासपुर बस अड्डा से शुरू होकर मोहल्ला गौड़ी होकर नगर पंचायत कार्यालय होते हुए बरेली मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप तक पहुंचकर वापस होते हुए मोहल्ला पड़ाव चौराहे पर पहुंचा। जहां मौलाना मुफ्ती तौफीक अहमद नईमी, हाफिज अशीरुद्दीन, हाफिज आफाक अहमद ,हाजी हकीम आफताब अहमद आदि की जोरदार तकरीरें हुई। जिनमे हुजूर की पैदाश पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वाहन किया। जुलूस में तेज वारिस होने पर भी आशिक ए रसूल जमे रहे मौलाना तौफीक अहमद नईमी ने अपनी तकरीर में अमेरिका को भारत विरोधी बताया तथा पचास फीसदी टैरिक लगाए जाने की निन्दा नहीं की। वहीं जुलूसे मोहम्मदी का नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन नीलोफर ने पुष्प वर्षा कर जोर दार स्वागत किया। नगर पंचायत कार्यालय पर जुलूस में शामिल लोगों के लिए नाश्ते पानी की विशेष व्यवस्था की गई थी।

चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी गुड्डू ने अपने समर्थकों को अकीदतमंदों की सेवा में लगा रखा था। अंत में हाजी गुड्डू ने जुलूस में शामिल अकीदतमंदों का आभार जताया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पूरे समय तक जुलूस में डटे रहे। जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न हो जाने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## सर्वश्रेष्ठ शिक्षक बनकर छात्र हित में करें कार्य: आरके सक्सेना

■ शिक्षक दिवस पर रिछा के मिशन ग्लोबल एकेडमी समेत तमाम स्कूलों में हुए कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** मिशन ग्लोबल एकेडमी सिंधौरा (रिछा) में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण किया गया।घ्कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना एवं प्रबंधक जितिन कुमार सक्सेना के द्वारा पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षक सर्वपल्ली डॉ० राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करके अपने शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान की भावनाओं की अभिव्यक्ति की।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के रोल भी प्ले किए।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना ने सभी शिक्षकों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक बनकर छात्र हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया, तथा छात्रों से आवाहन किया कि केवल शिक्षक दिवस को ही नहीं बल्कि प्रत्येक दिवस को शिक्षक दिवस मानते हुए अपने शिक्षकों की बातों का अक्षरशः पालन करें।



इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बीके कश्यप, उप प्रधानाचार्य मोबिन मालिक, निदेशक अमित देओल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक जितिन सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सिदरा खान, राफिया मुख्तार, लता गंगवार, नेहा, काजल, रुचि मिश्रा, गीता कश्यप, कहकंशा, सूरजपाल, संजय सक्सेना, आशुतोष वर्मा, ऋषभ कुमार, सत्यपाल, अनामिका सक्सेना, साजिया नाज, रामेंद्र पाठक, कैफी, मुस्कान, मोहम्मद असलम, हरीश कुमार, विपिन सिंह, अनम, जेबा आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

इसके अलावा बेस एकेडमी में प्रबंधक अतीक अहमद, प्रधानाचार्य मोहम्मद इसरार, एचएमआई इंटरनेशनल स्कूल में प्रबंधक रिजवान अहमद, देहली पब्लिक स्कूल में मैनेजर मोहम्मद शारिक, डायरेक्टर एसपी शर्मा के नेतृत्व में शिक्षक दिवस मनाया गया। देहली पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य खतीब अहमद, आरसी मौर्य आदि भी शामिल थे।

## रिछा और देवरनियां में शान से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

■ हर तरफ सरकार की आमद मरहबा के नारों की गुंज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौमे बिलादत का जशन ईद मिलाद उन नबी शुक्रवार को पूरी शानो-शौकत के साथ मनाया गया, और जूलूसे मोहम्मदी निकाला गया। रिछा में पुष्प वर्षा करके जुलूस का स्वागत किया गया।

कस्बा रिछा में जुलूस मोहम्मदी सुबह नौ बजे मदरसा फैजुल रसूल, मदरसा दारुल उलूमघ शाहे उम्म, मोसरी मस्जिद, बिलाल मस्जिद आदि से निकाला गया। मदरसा दारुल उलूमघ शाहे उम्म से निकले जुलूस का नेतृत्व मदरसे के प्रबंधक मुईन उद्धीन ने किया। जुलूस रिछा-जहानाबाद मार्ग और कस्बे के मेन बाजार होता हुआ वापस अपने-अपने मदरसों पर जाकर समाप्त हुआ। नगर पंचायत रिछा



चेयरमैन के पुत्र एडवोकेट सैफ तनवीर, सभासद जुल्फिकार अहमद आदि के साथ जुलूस में शामिल उलमाओं को मलाएं पहनाईं, और पुष्प वर्षा करके जुलूस का स्वागत किया। जुलूस में मुख्य रुप से जामा मस्जिद के इमाम, हाफिज तनवीर, मदरसा दारुल उलूम शाहे उम्म के प्रबंधक मुईन उद्धीन, मुफ्ती तहसीन आदि प्रमुख थे।

उधर कस्बा देवरनियां और मुंडिया जागीर में भी जुलूस शानो शौकत के साथ निकाला गया। देवर. नियां में जुलूस जामा मस्जिद से शुरू होकर थाने वाले मियां की मजार पर आकर समाप्त हुआ।

इसमें नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कलीम अंसारी, चेयरमैन प्रतिनिधि मोहम्मद अजीम अंसारी उर्फ टीटू, आला हजरत डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर सुनैन खांघ उर्फ सेठी, पूर्व चेयरमैन शिप्रा यादव के पति व प्रबंधक हाफिज इकराम रजा खां, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि हसनैन रजा खां, किसान नेता मुस्तफा खां उर्फ लल्ला खां, सपा यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय सचिव मोहसिन उद्धीन, सभासद जीशान आदि प्रमुख शामिल रहे। चेयरमैन ने जुलूस का स्वागत किया।

## जोश और जज्बे के साथ उठा जुलूस-ए-मोहम्मदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** कस्बे में जोश ओ खरोश के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी निक. ला गया। जुलूस का अनेक स्थानों पर इस्तकबाल हुआ।

शुक्रवार को सुबह बाद नमाज ए फज्र सलातो सलाम के बाद जैसे ही सुन्नियों की शाही जामा मस्जिद से ऐलान हुआ वैसे ही लोग दीवानाबार मस्जिद की सिम्त दौड़ पड़े।

अल्लाह हो अकबर के नारे के साथ जुलूस आगे बढ़ता गया, जुलूस जैसे-जैसे आगे बढ़ता गया वैसे वैसे भीड़ भी बढ़ती गई। कई सुन्नी युवा जुलूस में शामिल भीड़ को नियंत्रित करते देखे गए, भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा।



जुलूस जैसे ही सुन्नी बाहुल्य मोहल्ला फकीर हज्जाम स्थित अजहरी चौक पर पहुंचा तो युवाओं के जोश और वलवले में उबाल आ गया और देखते ही देखते फलक शिगाफ नारों से फजाएं गूंज उठीं। लगभग एक घंटा अजहरी चौक पर उलेमा की तकरीर के बाद जुलूस आगे बढ़कर चौधरी मोहल्ला पहुंचा, जहां फूलों की बारिश से जुलूस में शामिल लोगों का इस्तकबाल किया गया। तत्पश्चात जुलूस मोहल्ला गढ़ी के लिए रवाना हुआ, तब तक युवाओं का जोश काफी हद तक बढ़ चुका था। जुमा की नमाज के लिए कुछ देर जुलूस ठहरा और बाद में मोहल्ला तारबा. लन होता हुआ बजरिया रोड पर आया और मुख्यमार्ग पर पहुंचा जहां कुछ देर तकरीरी प्रोग्राम के बाद जुलूस सीधा चराग मियां के मजार पर पहुंचकर तमाम हुआ। जुलूस की कयादत जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना मिस्बाही, हाफिज इरशाद नूरी, इरशाद अजहरी, राहत हुसैन अंसारी, बंद खान नूर, इम्तियाज इदरीसी, शमीम अहमद आदि ने किया। इधर जुलूस की पूर्व संध्या पर सुन्नी जामा मस्जिद में जुलूस-ए-मोहम्मदी के उपलक्ष्य में एक जलसा हुआ जिसे मौलाना खुर्शीद मिस्बाही ने खिताब किया।

## हिंदू समुदाय ने भी किया जुलूस का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** शहर की गंगा जमुनी तहजीब को जिंदा रखते हुए कस्बे के हिंदू समुदाय ने भी जुलूस पर जमकर पुष्प वर्षा की।

जुलूस जैसे ही मुख्यमार्ग पर पहुंचा कि पहले से ही प्रतीक्षारत हिंदू समुदाय के लोगों ने जुलूस पर पुष्पवर्षा शुरू कर दी, जिससे माहौल में हिंदू-मुस्लिम सौहार्द का रंग भर गया।

स्वागत करने वालों में अनुपम पंडित, राकेश चंद्र गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, राहुल गुपा, अनुभव शर्मा, हरिशंकर मौर्य, विजय यादव, राजेंद्र यादव, डॉक्टर पीके विश्वास, वीरपाल सागर, लेखराज मौर्य, बबलू सैनी, राजा रस्तोगी, रवि शर्मा, विक्रांत जोशी, गौरव सक्सैना, राजेंद्र कश्यप, सतीश कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप, सर्वेश सागर, सुरेन्द्र सागर, लालता प्रसाद मौर्य, उमाकांत जोशी, आशीष देवल आदि शामिल रहे।

## सुब्हानी मियां की कयादत में निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

■ लब्बैक या रसूलल्लाह लब्बैक की सदाएं हुई बुलंद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पैगम्बर-ए-इस्लाम की यौमे पैदाईश का जश्न रिमझिम बारिश में भीगते हुए मनाया गया। रिवायत कायम रखते हुए अंजुमन खुद्दामे रसूल के तत्वाधान में कोहाड़ापीर से दरगाह सरपरस्त हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी), सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) और अंजुमन खुद्दाम ए रसूल के सदर सय्यद आसिफ मियां की कयादत में निकला। कायदे जुलूस हजरत सुब्हानी मियां ने दोपहर तीन बजे सुबुर रजा को परचम-ए-रिसालत सौंपकर हरी झंडी दिखाकर जुलूस रवाना किया। जो अपने कदीमी रास्तों कोहाड़ापीर, कुतुबखाना, कुमार सिनेमा, नॉवेल्टी, इस्लामिया स्कूल, करोलान, बिहारीपुर ढाल के रास्ते दरगाह आला हजरत पर आकर खत्म हुआ। जुलूस का रास्तो में जगह-जगह फूलों से इस्तकबाल किया गया। रंग-बिरंगी पोशाक पगड़ी व जुब्बा पहने लोग अंजुमन की शक्ल में सरकार की आमद मरहबा-दिलदार की आमद मरहबा, खुशियां मनाओ सरकार आ गए आदि नारों के साथ चले। सबसे आगे बाग अहमद अली की फैजान ए रसूल चली।

नासिर कुरैशी ने बताया कि जुलूस शुरू होने से पहले स्टेज पर मुफ्ती जईम रजा ने तिलावत ए कुरान से आगाज किया। मौलाना सूफी मुनव्वर नूरी ने नात ओ मनकबत का नजराना पेश किया। मुफ्ती सलीम नूरी ने अपनी तकरीर में कहा कि पैगम्बर ए इस्लाम ने दुनिया भर में अमन-ओ-शांति की शिक्षा दी। मुसलमान ही नहीं समूची इंसानियत की भलाई के काम किए। पशु पक्षियों के हुकूकघ तय किए। इसलिए इस दिन को सभी मानवतावाद दिवस और विश्व शांति दिवस के रूप में मनाएं। जुलूस में खिताब करते हुए मुफ्ती बशीर उल कघदरी ने खिताब करते हुए कहा कि नबी के किरदार से आज का मुसलमान भटक गया है। नबी की तालीम थी कि रास्ते में पत्थर हो काटे उसको हटा दें। इस्लाम का पैगाम भी यही है पड़ोसियों का हक अदा करो। रास्ते तंग न करो। अच्छा किरदार वाला वही है जो लोगों के लिए आसानी पैदा करे। बीमारों, बूढ़ों, बच्चों, महिलाओं की मदद करना ही नबी को सच्ची खिराज होगी। बुराई से बचते हुए नमाज की पाबंदी करें।

मंच पर पहुंचने पर हजरत सुब्हानी मियां व मुफ्ती अहसन मियां व सय्यद आसिफ मियां व सभी अंजुमनों के सदर की दस्तारबंदी अंजुमन खुद्दामे रसूल के सचिव शान रजा ने कर फूलों से इस्तकबाल किया। जुलूस में मुख्य रूप से अंजुमन अनवारे मुस्तफा, अंजुमन गुलशन ए रजा, अंजुमन गौसुल वरा, अंजुमन आशिकाने रजा, अंजुमन जानिसारने रसूल, अंजुम कुर्बान ए रसूल, अंजुमन रजा-ए-मिल्लत, अंजुमन फैजुल कुरान शामिल रहीं। मुफ्ती मुजीब और मुफ्ती कलीम उर्रहमान कघदरी ने भी पैगंबर ए इस्लाम को खिराज पेश किया। जुलूस की व्यवस्था कारी कलीम उर्रहमान कघदरी, राशिद अली खान, मोहसिन हसन खान, परवेज नूरी, शाहिद नूरी, हाजी जावेद खान, अजमल नूरी, ताहिर अल्वी, औररंगजेब नूरी, शारिक बरकाती, राशिद हुसैन, अब्दुल माजिद, मंजूर रजा, मुजाहिद बेग, इशरत नूरी, आसिम हुसैन, सय्यद माजिद रजा, काशिफ सुब्हानी, आदिल रजा, सुहैल रजा, तारिक सईद, जावेद खान, अरबाज रजा, काशिफ रजा, हस्सान खान, अश्मीर रजा, इमरान खान आदि ने संभाली।

### सय्यद आसिफ मियां दरगाह की चादर लेकर कलियर शरीफ रवाना

विश्व विख्यात दरगाह साबिर पाक कलियर शरीफ में उर्स मनाया जा रहा है। कुल शरीफ की रस्म 06 सितम्बर को अदा की जाएगी। कुल में शामिल होने के लिए दरगाह का प्रतिनिधि मंडल दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की ओर से सय्यद आसिफ मियां चादर लेकर आज रवाना हुए।

नासिर कुरैशी ने बताया कि सय्यद आसिफ मियां जुलूस खत्म होने के बाद दरगाह की चादर और अमन का पैगाम लेकर रवाना हुए। कुल में शिर. कत कर मुल्क में खुशहाली और मिल्लत की तरक्की के लिए दुआ करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में कारी रईस, मौलाना सलीम रजवी, कारी अब्दुर्रहमान खान, शाहिद फरीदपुरी, फहीम मियां, एडवोकेट शाहब आदि शामिल रहे।

## कस्बे व थाना क्षेत्र में ईद मिलादुननबी पर निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पैगम्बर-ए-इस्लाम की 1500वीं साला विलादत के मौके पर पूरे कस्बे में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी बड़े ही शान-ओ-शौकत और अकीदत-ओ-मोहब्बत के साथ मनाया गया।

यह दिन सिर्फ मुसलमानों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी इंसानियत के लिए रहमत और मोहब्बत का पैगाम लेकर आया। सुबह से ही कघ्स्बे की फिजाओं में नात-ओ-सलाम की सदाएं गूंजने लगीं। मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों पर महफिल-ए-नात का सिलसिला जारी रहा। घर-घर, दुकानों और गलियों को झंडियों, रंग-बिरंगी लाइटों और परचमों से सजाया गया। हर तरफ एक रूहानी और पुरनूर माहौल कायम था। सुबह करीब 9 बजे जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद, कघदरी मस्जिद समेत सभी मस्जिदों और मदरसों की अंजुमनें अपने-अपने इलाकघें से जुलूस की शक्ल में निकल पड़ीं। बच्चे, नौजवान और बुजुर्ग सबने इसमें शिरकत की।नात-खघ्वानी, तिलावत-ए-कघ्रआन और सलाम की गूंज से सड़कों का माहौल रोशन हो उठा। जुलूस मुख्य मार्ग से होते हुए लोधीनगर चौराहे पर पहुंचा। वहाँ पर उलमा-ए-किराम ने तकारीर पेश कीं और नबी-ए-करीम की सीरत से इंसानियत को मिलने वाले सबकघ पर रौशनी डाली। इसी के साथ दोपहर के बाद थाना क्षेत्र के गांव रुकुमपुर, माधौपुर माफी, रसूला चौधरी, इस्लामनगर, ठिरिया, धनतिया में भी जूलूस शान्ति और शौहर्द के साथ निकाला गया। जुलूस के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर वरुण कुमार,चौकी प्रभारी अनूप सिंह, एसआई पंकज कुमार, एसआई मांगेराम दल-बल के साथ मुस्तैद रहे। जुलूस में सभी मस्जिदों के इमाम व तमाम अंजुमनों के अलावा एडवोकेट इमरान अंसारी, आबिद खान,सरदार अजहरी, राजा भाई, असद अंसारी, मोहम्मद शरीफ, अमान अंसारी, फैजुल अंसारी, नावेद कादरी, असजद अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिले भर में शानो शौकत के साथ मनाया गया ईदमिलादुन्नबी

## हुजूर की आमद मरहबा की सदाओं से गूंजी आंवला की फिजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** बरेली के आंवला में जश्ने ईद मिलादुन्नबी जुलूस का आगाज बारहबुर्जी मस्जिद पर सुबह 8 बजे परचम कुशाई के साथ किया गया, साथ में सीरत कमेटी के सभी औधेदार के अलावा शहर के सभी जिम्मेदार लोग साथ रहे।

**जुलूस ए मोहम्मदी के मौके पर चेयरमैन सैयद आबिद अली ने 15 परिंदों को आजाद करके दिया शांति का पैगाम दिया**

बारहबुर्जी मस्जिद से शुरू हुए जुलूस के दौरान नगर पालिका चेयरमैन सैयद आबिद अली ने 15 परिंदों को आजाद करके एक नया शांति का पैगाम दिया। जुलूस में शामिल मौलानाओं ने बताया की हजरत मोहम्मद साहब ने प्रथा डाली थी कि जो गुलाम हैं उन्हें आजाद करो, लड़कियों को बराबरी का हक देने जैसी परंपरा की शुरुआत की थी,

मुस्लिम समाज से सीरत कमेटी ने अपील है कि हजरत मोहम्मद साहब के बताए हुए रास्ते पर चलकर आपसी भाईचारे एवम वतन परस्ती का सबूत देना है, जुलूस में बहुत ही खूबसूरत अंजुमने भी शामिल हुई, गंगाजमुनी तहजीब को कायम रखते हुए जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में मौजूद लोगों के ऊपर दूसरे समुदाय के अमन पसंद लोगों ने पुष्पवर्षा करके सभी का दिली इस्तकबाल किया।जश्ने ईद



मिलादुन्नबी का जुलूस जोशो खुलुश के बारहबुर्जी मस्जिद से शुरू होकर मोहल्ला किला, सरकारी अस्पताल, मोहल्ला कुरेशियांन, गंज त्रिपोलिया, भूमि विकास चौराहा, स्टेट बैंक चौराहा, पक्का कटरा, भुर्जी टोला, पुलिस चुकी होते हुए घेर अन्नू खां में जाकर समाप्त हुआ।

इस मौके पर सीरत कमेटी के सरपरस्त चेयरमैन सैय्यद आबिद अली, सीरत कमेटी के सदर अफसर खां के अलावा तारिक खा, वकील खा,व सैकड़ो की तादाद में लोग मौजूद रहे।

## सांसद ने जिलेभर के जुलूस-ए-मोहम्मदी में की शिरकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने जश्ने ईद उल मिलादुन्नबी के मौके पर ग्राम अजीतपुर रामपुर शहर में विभिन्न जगहों पर पटवाई में शाहबाद में व सैफनी के प्रोग्राम में शिरकत करके लोगों से गले मिलकर ईद उल मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी।

सांसद नदवी ने नबी ए करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जिंदगी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे नबी के आने से पहले समाज में भाईचारा नहीं था और एक दूसरे से लोग बहुत नफरत करते थे लड़कियों के पैदा होने पर उनको जिंदा ही दफन कर दिया करते थे। समाज में बहुत अधिक बुराइयां फैली हुई पैगंबर साहब के आने से पहले अरब में अज्ञानता और अंधविश्वास



का बोलबाला था। लेकिन उनके आगमन से धार्मिक सामाजिक और वैचारिक परिवर्तन हुए नवी ने एक अल्लाह होने का पैगाम दिया। समानता और मानवीय अधिकारों पर जोर दिया जिससे एक संगठित समाज की नीव पड़ी पैगंबर साहब अल्लाह के आखिरी नबी थे और कुरान के माध्यम से ज्ञान और मार्गदर्शन दिया पैगंबर के आगमन के बाद धार्मिक परिवर्तन सामाजिक परिवर्तन सामाजिक न्याय समाज में न्याय महिलाओं के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा जैसी क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आए और महिलाओं के अधिकारों में वृद्धि हुई। गुलामी प्रथा को समाप्त किया गया और सभी मनुष्यों को समानता का दर्जा दिया। पैगंबर साहब ने ज्ञान और विज्ञान पर जोर दिया जिससे लोगों की सोच में बदलाव आया नैतिकता मानवता पर आधारित ठीक नई शिक्षा प्रणाली शुरू की। हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के आने से दुनिया में एक नई सभ्यता का उदय हुआ जिसने अंधविश्वासों को समाप्त करके ज्ञान न्याय और एकता पर आधारित समाज की स्थापना हुई। इस दौरान मीडिया प्रभारी महबूब पाशा एडवोकेट, डॉक्टर मकतूब अहमद, नसीम मियां प्रतिनिधि नगर पालिका शाहाबाद, डॉक्टर अब्दुल सलाम प्रतिनिधि नगर पालिका रामपुर, डॉक्टर सईद अख्तर, हाफिज नूरी, इंतजार अली, गुलाम मोहम्मद, अंबेडकर बहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर सागर, शाहाबाद विधानसभा अध्यक्ष बदन सिंह यादव, नरेश यादव, आसिफ अली, नासिर शेख, अरशद अली एडवोकेट, उस्मान अली आदि उपस्थित रहे।

# जुलूस-ए-मोहम्मदी में उमड़ा जन सैलाब

■ **नारा-ए-तकबीर अल्लाह हू अकबर हिन्दुस्तान जिन्दाबाद के नारों से गूंजा नगर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर सहित क्षेत्र मे शुक्रवार को जुलूसे मोहम्मदी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नगर समेत क्षेत्र मे निकाला गया जुलूसे मोहम्मदी जुलूस मे युवक नाराए तकबीर अल्लाह हो अकबर व हिन्दुस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाते चल रहे थे जुलूसे मोहम्मदी का जगह जगह नगर वासियो ने फूलो की वर्षा कर स्वागत किया पूर्व चौयरमेन अहमद मुल्ला सहित लोगो ने जगह-जगह लगंर का भी वितरण किया नगर मे जुलूस का आगाज मदरसा रिजविया से किया गया ।

हाफिजो ने कुरआन की तिलावत के साथ जुलूसे मोहम्मदी का आगाज किया जो कि काशीपुर मार्ग मेन मार्केट मेन चौराहा जामा मस्जिद चांद मस्जिद रजा पार्क होते हुए भूवरा भोले शाह बाबा के मजार पर पहुंचा ओर सलामी दी।

मजार पर सलामी देने के बाद जुलूस मोहल्ला चाऊपुरा पहुंचा वहा से मोहल्ला इस्लाम नगर व मझरा खुशहालपुर ईदगाह पर होते हुए पुन मदरसा रिजविया जाकर समाप्त हुआ जुलूस की सदारत शाही इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम कर रहे थे जुलूस मे यूवक नारे लगाते चल रहे थे हिन्दुस्तान जिन्दाबाद यह देखो मेरे नबी की शान बच्चा बच्चा है।

कुर्बान वही हाफिज कुरान की तिलावत करते हुए चल रहे थे मदरसे के क्षात्र नातिया कलाम पड़ते चल रहे थे जगह जगह जुलूस पर फूलो की वर्षा की गई।

सुरक्षा की द्रष्टी से चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ चल रहे थे जुलूस मे मुख्य रूप से नगर की चांद मस्जिद के शाही इमाम मुफ्ती खुर्शीद





आलम,,हाफिज मोहम्मद नाजिम, हाफिज मोहम्मद आरिफ, हाफिज मोहम्मद उस्मान, कारी अब्दुल कय्यूम, हाफिज मोहम्मद अकील, हाफिज मोहम्मद तारिक, मोहम्मद इरशाद, सिद्दीकी, मोहम्मद आजम सिद्दीकी, मोहम्मद आसिफ, असपाक, अबरार, शाहरुख अंसारी सभासद मेहफूज, मेहमूद मास्टर, सलीम अहमद, मोहम्मदआरिफ अंसारी,सभासद इरशाद अंसारी, प्रधान साजिद अंसारी, पूर्व प्रधान हामिद अंसारी, मोहम्मद हनीफ अंसारी, तौहीद अंसारी, शाहनवाज अंसारी, हाजी शरीफ अहमद, शहावेज अंसारी, अफ्फान अंसारी मोहसिन अंसारी, सोफयान अंसारी, सोनू, शुऐब शहावेज आलम, जुनेद आलम मेहफूज अंसारी, सहित हजारो की संख्या मे लोग शामिल रहे।

## हम एकता मंच की टीम ने जुलूस ए मोहम्मद का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नगर अध्यक्ष नादिर खघं बबलू के नेतृत्व में हम एकता मंच की टीम ने पान दरीबा पर कैम्प लगाया। जुलूस ए मोहम्मद का इस्तकबाल किया। मिठाई, बिस्कुट और पानी तकसीम कर जुलूस में शामिल लोगों को राहत पहुंचाई। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीक खघं ने कहा कि हजरत मुहम्मद मुस्तफा सल्ललाहु अलैहि वसल्लम ने पूरी दुनिया को अमन और एकता का पैगाम दिया और अपने अच्छे सुलूक और मोहब्बत से लोगों के दिलों को जीता। आपने सभी इंसानों से बराबर का सुलूक किया। राष्ट्रीय महासचिव मास्टर फिरोज खघन ने कहा कि हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स.) ने पूरी दुनिया को इंसा. नियत और मोहब्बत का पैगाम दिया। आप अपने दुश्मनों के साथ भी अच्छा सुलूक करते थे। सभी की फिक्र करते



थे और सब के लिए दुआ करते थे इसीलिए आप मोहसिन, रहबर,सादिक और अमीन कहलाए। हम एकता मंच भी इंसानियत और भाईचारे को बढ़ावा देने का काम कर रहा है।

नगर अध्यक्ष नादिर खघं बबलू ने कहा कि हम सबको हुजूर (स) के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए । इंसानियत और मोहब्बत के पैगाम को आम करना चाहिए। हुजूर के बताए हुए रास्ते पर चल कर और आपकी सुन्नतों पर अमल करने वाला ही सच्चा आशिक ए रसूल है। इस मौके पर नावेद खान,मंजू खघं राजू,आहिल खां आदि मौजूद रहे।

## मिलक मे ईद मिलादुन्नबी की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** इस्लाम समुदाय के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी के मौके पर आज नगर क्षेत्र में जुलूस-ए-मोहम्मदी धूमधाम के साथ निकला गया। नगर के नसीराबाद, रौरा खुर्द, रौरा कलां, जामा मस्जिद, सराय और ग्रामीण क्षेत्र के भैंसोड़ी शरीफ, धर्मपुरा, बेहटा, सिर्रा, नवादिया, जालिक नगला, इस्लामनगर, क्योंरार,धनेली पूर्वी आदि से अलग-अलग जुलूस ए मोहम्मदी सुबह 8:00 बजे से शुरू होकर नवादिया चौराहा स्थित नया गांव पर एकत्र हुए और वहां से एक साथ जुलूस नगर के मेंन रोड होते हुए तीन बत्ती चौराहा से वापस दरगाह हजरत नन्हे शाह बाबा पर पहुंचकर सलातो सलाम के बाद खत्म हुआ।

जुलूस में शामिल उलेमा इकराम हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में नातिया कलाम पढ़ने चल रहे थे साथ ही नबी की शान में तकरीर पर मौजूद लोग झूम उठे बीच-बीच में लब्बैक या रसूल अल्लाह, सरकार की आमद मरहबा के नारो की सदाये गूंज रही थी। इस दौरान बारिश मैं माहौल और सुहावना कर दिया बारिश में भीग कर भी नबी के चाहने वालों का जोश काम नहीं हुआ जुलूस के दौरान विभिन्न अंजुमन और संगठनों ने लंगर



ख्वानी और सबील लगाई।

इस अवसर पर इमाम याकूब साहब जामा मस्जिद, इमाम अब्दुल वाहिद, हाफिज अब्दुल कादिर, हाफिज रियासत हुसैन, मौलाना जमील अहमद, मौलाना आसिम, जाकिर हुसैन एडवोकेट, इकरार हुसैन, मोहम्मद अहमद कादरी, नन्हे कादरी, शाकिर कुरैशी, मोहम्मद असलम, नाजिम बारसी, जीशान रजा खान, ड़ा अकील अहमद, जमील अहमद कादरी, नाजिद खान, अकरम रजा खान, इरफान हुसैन, आरिफ अल्वी, समीर राजा आदि थे सुरक्षा की दृष्टि से उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया, सीओ राजवीर सिंह परिहार, कोतवाल धनंजय सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद था।

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया ईद मिलाद-उन-नबी का त्योहार

■ **रामपुर की सभी तहस. ीलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश की खुशी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए जुलूस ए मोहम्मदी निकाला इस दौरान जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया तथा जगह जगह लंगर तक्सीम किया गया।

शुक्रवार को जनपद की सभी जगह पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर अलम का जुलूस निक. ाला गया जिसमें मस्जिद के इमामों ने उनकी पैदाइश से लेकर उनके जिन्दगी के बारे में बयान किए।

इस दौरान मिलक नगर में भी जुलूस



ए मोहम्मदी निकाला गया जिसमें क्षेत्र के नया गांव, नसीराबाद, इस्लाम नगर, जालिफ नगला, क्योरार, भेंसोड़ी, धर्मपुरा, रौरा कला, रौरा खुर्द, नवदिया आदि जगह के लोग जुलूस लेकर नगर में आये। जुलूस हाईवे स्थित नया गांव से शुरू होकर हाईवे से गुजरता हुआ तीन बत्ती चौराहे से होता हुआ नन्हे शाह बाबा की दरगाह पर जाकर समाप्त हुआ। इसी क्रम में ग्राम पंचायत दुगनपुर में भी जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया ।

इस दौरान प्रधानपति साबिर रजा, अशरफ अली, शवी अहमद, निसार मंसूरी गुच्छन, सज्जाद मलिक आदि शामिल रहे। इस दौरान हजारों लोग शामिल रहे तथा सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा।





## ईदमिलादुन्नबी जुलूस में पहुंचे विधायक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** शुक्रवार नगर सहित गामीण क्षेत्रों में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विधायक शफीक अहमद अंसारी ने भी जुलूस में शिरकत की ईद मिलादुन्नबी का जुलूस जामा मस्जिद से शुरु हुआ और नगर के विभिन्न मार्ग कोतवाली रोड,बिलासपुर रोड, हाथ चौराहा,मो रसूलपुर, होकर मेन बाजार से हो कर गुजरा जिसमे लोगो का जनसैलाब उमड़ पड़ा इस दौरान आशिके रसूल लोग गांवों व दूरदराज से एकत्र हुए इस दौरान लोगो द्वारा लगाए गए नारे हुजूर का दामन नही छोड़ेंगे हुजूर की आमद मरहबा सभी की जुबान पर था इस दौरान कारी शब्बन खा व नाजिम मौलाना के साथ ही जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद अहमद खतिबि ने जगह जगह तकरीर की गई नगर मदरसों के बच्चों ने जुलूसे मोहम्मदी में तरह तरह की नाते सुनाई गई इस दौरान फराग अहमद खां,मोलाना इमरान रजा,अमीर अहमद,सय्यद फरीद मिया,अजीम जमाली,इस्लाम अंसारी, जमील अंसारी सभासद,अनवर हुसैन अध्यक्ष,अजीज मिया,जुलूसे मोहम्मदी में पुलिस प्रशासन मुस्तेद रहा उपजिलाधिकारी अमन दयोल,सीओ अतुल कुमार पांडे व कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक मौजूद रहे।

## धमोरा, कमोरा समेत पांच गावों में निकाला जुलूस-ए- मोहम्मदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर।** जिले भर में बीते दिन शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया। जिसके चलते शहर से लेकर गांव तक के गली मोहल्लों को लाइटों और मोमबत्तियों से सजाए गया।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर धमोरा कमोरा लखनाखेड़ा समेत कई गांवों में जश्ने ईद मिलादुन्नबी को बड़े ही एहत्राम के साथ मनाया और लोगों ने अपने घरों को लाइट व मोमबत्तियों से सजाया साथ ही लोगों ने एक दूसरे को मिठाइयां बांटीं। जबकि जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर धमोरा व कमोरा गांव में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। जिसमें जुलुस के काफिला धमोरा स्थित जामा मस्जिद से मुफ्ती मुबारक हुसैन की कयादत में निकला। इस दौरान सभी गावों के लोग जुलुस में भारी संख्या में एकत्र रहे। इस दौरान जुलुस को चौक चौराहों को सजाया गया और लोग सरकार की आमद मरहबा दिलदार की आमद मरहबा के नारों की गूंज गांव गली मोहल्लों जमकर रही। जुलुस में मोलाना इमाम मुफ्ती मुबारक हुसैन मरकजी ने



तकरीर की। जिसमें हुजूर की शान का वाक्य बयान किया। जिसके बाद मौलाना साहब ने लोगों को हुजूर के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

जुलुस के दौरान जगह जगह चौक चौराहों पर लंगर और मिठाईयों का इंतेजाम रहा। इस दौरान कमोरा व धमोरा , पैगंबरपुर गांव की सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहा। ताकि जुलुस के दौरान कोई शरारती तत्व गड़बड़ी न करे। इस लिए पुलिस ने निगरानी के लिए ड्रोन का भी सहारा लिया। इस दौरान जुलुस में कमेटी मेंबर गुलबेज खान, सुभान मियां, जुनैद खान, अजीम खान, मुर्शलिन खान, वासिद अंसारी, गुलामने रसूल कमा. ेरा गांव से , हाजी शहीद मालिक, जावेद मालिक, इरफान अल्वी, मुनीम मोहम्मद उमर, शगिर अहमद, राकिब अहमद,समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर मुहम्मद साहब की यौमे पैदाइश के मौके पर अजीतपुर से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया जो हाफिज शाह जमालुल्लाह पर समाप्त हुआ। इस दौरान जगह-जगह लंगर तक्सीम किया गया। इस मौके पर उस्मान मियां, गुड्डू एडवोकेट, मेहरबान मियां, बंटी पाशा, नासिर प्रधान, गुलाम साबिर आदि मौजूद रहे।

## सैफनी मेंअकीदत और धूमधाम से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** सहित पूरे क्षेत्र में शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी का त्योहार बड़ी अकीदत और धूम धाम से मनाया गया।शुक्रवार को नगर के मदरसा नुरुल उलूम से बाइक कार ट्रक्टर ट्रॉली से हाथो में झंडे लिए बहुत सारे लोग इकठा हुए और नवी की आमद मरहबा के नारे लगाते हुए जया प्रदा चौक पर पहुँचे बहा से बड़ी मस्जिद डेरा मोहल्ला मझरा मोहल्ला होते हुए छितौनी मार्ग से अम्बेडकर प्रतिमा से कोठी मोहल्ला गुलाब नगर से भूरे शाह बाबा की दरगाह पर पहुँचा जहां पर शहर इमाम कारी अतीकुर्रहमान ने लोगो को तकरीर करके ईद मिलादुन्नवी के बारे में बताया और बाद में मुल्क की अमन शांति की दुआ की।उन्होंने बताया कि। इस्लामी कैलेंडर का बेहद खास दिन माना जाता है। हर साल 12 रबी-उल-अव्वल को मुस्लिम



समुदाय बड़ी अकीदत के साथ यह दिन मनाता है। इस मौके पर मस्जिदों में कुरआन की तिलावत होती है, नात-ए-पैगम्बर पढ़ी जाती है। ईद मिलादुन्नबी दुनिया भर के मुसलमान बड़े हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाते हैं। इस दिन को इस्लामी कैलेंडर में खास महत्व दिया गया है। इस्लामिक मान्यता के अनुसार पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश 12 रबी-उल-अव्वल को मक्का में हुई थी। इसी वजह से मुसलमान हर साल इस दिन को मोहब्बत और अकीदत के साथ याद करते हैं। पैगम्बर मोहम्मद साहब को रहमतुल्लिल आलमीन यानी पूरी कायनात के लिए रहमत कहा गया है।उनकी शिक्षाएं इंसानियत, अमन और भाईचारे का पैगाम देती हैं।ईद-ए-मिलाद जिसे मिलाद उन-नबी भी कहा जाता है।यह पर्व पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है।यह पर्व मुसलमानों के लिए केवल उत्सव ही नहीं।बल्कि प्रेम और शांति का दिन भी है।नबी-ए-पाक की हदीसों को याद करने का दिन ईद मिलादुन्नबी पर सबसे पहले लोग अपने दिलों को मोहब्बत और शुक्र से भरते हैं।मस्जिदों में कुरआन की तिलावत की जाती है। नात-ए-पैगम्बर पढ़ी जाती है और जुलूस निकाले जाते हैं. मोहल्लों और गलियों को हरे झंडों और रोशनियों से सजाया जाता है बच्चे और बड़े सभी इस जश्न में शामिल होते हैं।इस दिन नबी-ए-पाक की हदीसों को याद किया जाता है ताकि लोग अपनी जिंदगी को बेहतर बना सकें।गरीबों और जरूरतमंदों को खाना खिलाना और दान करना भी इस मौके का अहम हिस्सा है।

हमें सोचना चाहिए कि हम पैगम्बर की बताई राह पर कितना चल पा रहे हैं। उन्होंने हमेशा सच बोलने, अमानतदारी निभाने, पड़ोसियों का ख्याल रखने और कमजोरों की मदद करने की शिक्षा दी।इसलिए असली मकसद यही है कि हम उनकी तालीमात को अपनी जिंदगी में अपनाएँ और उसी रास्ते पर चलें। इस दौरान इंतजार हुसैन कारी अकबर अली शमीम इस्तेखार अली मोहमद फैसल जाबिर अली आदि मौजूद रहे।

## बिड़पुरा में धूमधाम से निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ग्राम बिड़पुरा से कस्बा केमरी तक जुलूस-ए-मोहम्मदी बड़े ही उत्साह और अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस की सदारत दरगाह आला हजरत के सेवक एवं जिला अध्यक्ष कारी मुस्तकीम रजा ने की। यह आयोजन तहफ्फुज-ए-सुन्नियत दरगाह आला हजरत बरेली शरीफ की ओर से सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा नेता इरशाद अली, बीडीसी मेंबर बबलू रजा, गुलाम साबिर, मिजले शफीक उर्फ पुली, पूर्व प्रधान इदरीस, मौजूदा प्रधान असगर अली, नासिर, जीशान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल रहे। मस्जिद बिड़पुरा के



इमाम हाफिज यामिन ने नात-ए-पाक पेश की। इसके बाद कारी मुस्तकीम रजा ने जुलूस-ए-मोहम्मदी की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मोहब्बत और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं।

कारी मुस्तकीम रजा, जो भारतीय साथी न्याय संघ उत्तर प्रदेश के प्रवक्ता भी हैं, ने लोगों से आह्वान किया कि एडवोकेट असगर रजा की कघ्यादत में भारतीय साथी न्याय संघ प्रदेश में शानदार कार्य कर रही है, और समाज के गरीबों व वंचितों के लिए आवाज बुलंद कर रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि अधिक से अधिक लोग संगठन से जुड़कर न्याय और इंसाफ की लड़ाई को मजबूती प्रदान करें।

जुलूस अमन, अनुशासन और भाईचारे के माहौल में सकुशल सम्पन्न हुआ।

## जिलेभर में अकीदत व ऐतराम के साथ मनाई गई ईद मिलादुन्नबी

# फिज़ा में बुलंद हुए अल्लाहो अकबर के नारे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पैगंबर-ए-इस्लाम की यौमे विलादत (जन्मदिन) की खुशी में मुस्लिम कमेटी के संयोजन में शहर में जुलूस- ए-मोहम्मदी जोश-ओ-खरोश के साथ निकाला गया। नारा-ए-तकबीर अल्लाह-हू-अकबर, आका की आमद मरहबा व लब्बैक या रसूल अल्लाह के नारों से फिजा गूंज उठी। इस्लामी परचम संग जुबां पर नाते नबी के नजराने लिए आशिकाने रसूल का कारवां देर रात नगर पालिका स्थित टाउनहॉल पहुंच दुआ के साथ संपन्न हुआ।

जश्ने ईद-ए-मिलादुन्नबी को लेकर सुबह से ही लोगों में जोश और जज्बा देखने को मिला। रसूले खुदा की दुनिया में आमद का जश्न मनाने के लिए लखदख कपड़े पहन घरों से निकले बच्चे इस्लामी परचम उठाकर सड़कों पर निकल आए। इसके बाद फिजा में हर तरफ नबी की शान में नारों की गूंज सुनाई दी।

वहीं, मुस्लिम कमेटी अमरोहा के संयोजन में शहर के जामा मस्जिद चौराहे से जुलूस-ए-मोहम्मदी की शुरुआत हाजी खुर्शीद अनवर, फैज आलम रायनी, इकबाल अहमद खां व आरिफ मलिक ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर की। तिलावत के फराइज हाफिज गुलाम मुर्तजा ने अंजाम दिए। जुलूस में शामिल बच्चे इस्लामी झंडे थामे हुए चल रहे थे। गाड़ियों से नाते नबी का नजराने पेश किए जा रहे थे। जहां तक नजर गई वहां तक सिर ही सिर दिखाई दिए। नारों का जवाब देते हुए जुलूस में चल रहे लोगों की जुबां पर बस जिक्रे नबी था। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक नबी की यौमे पैदाइश का जोश और जज्बा देखते लायक बनता था। जुलूस में मुफ्ती तैय्यब कादरी नईमी की कयादत में मदरसा जामिया नूरिया अशरफूल उलूम के सफेद इस्लामी लिबास पहने तालिबेइल्म आकर्षण का केंद्र रहे। सबसे आखिर में मुस्लिम कमेटी की गाड़ी चल रही थी। जिसमें सवार जुबैर इब्ने सैफी, अजहर शहाब आदि शायर नात पेश कर रहे थे। नातों के दरमियान इस्लामी नारे लगाए जा रहे थे। जुलूस का कई स्थानों पर फूलों की बौछार कर इस्तकबाल किया गया। अलीजान मंजिल में उवैस मुस्तफा रिजवी ने आशिकाने रसूल के काफिले का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। वहीं, अंजुमन रजाकाराने हुसैनी ने बड़ा बाजार चौराहे पर व अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी ने कोट चौराहे पर जुलूस का इस्तकबाल किया। तयशुदा रास्तों से गुजरते हुए जुलूस देर रात टाउनहाल पहुंचा। जहां हाफिज गुलाम मुर्तजा ने मुल्क में अमन-चैन व कौम की सलामती की खुसूसी दुआ कराई। इस दौरान मंसूर अहमद एडवोकेट, मास्टर असलम उस्मानी, हाजी अब्दुल कयूम राईनी, मरगूब सिद्दीकी, यासिर अंसारी, कमर नकवी, शफीक अहमद गामा, मुराद आरिफ एडवोकेट, डा.अफसर परवेज, हाजी इकरार अंसारी, हसन आरिफ अंसारी, परवेज आरिफ टीटू, हाजी नसीम खां, इंजीनियर दानिश सिद्दीकी, फहीम शाहनवाज, अदनान मसरूर, हाजी नासिर फारूक, खालिद सिद्दीकी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सदर विधायक महबूब अली, पूर्व एमएलसी परवेज अली, बसपा नेता नवैद अयाज व फरहान खान के अलावा कांग्रेस नेता डा.मेराज हुसैन भी शामिल रहे। कोट में श्री धार्मिक रामडोल कमेटी के अध्यक्ष कपिल शर्मा ने पदाधिकारियों संग तथा भाजपा नेता एवं पूर्व चेयरमैन अतुल कुमार जैन ने भी जुलूस का स्वागत किया। सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासनिक अमला अलर्ट रहा। सीओ सिटी शक्ति कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने भारी पुलिस बल के साथ जुलूस में शामिल रहकर माहौल पर नजर बनाए रखी।



अमरोहा। ईद मिलादुन्नबी पर निकले जुलूस में शामिल बच्चे।



जोया। कस्बे में निकले ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में शामिल नागरिक।



## जोया व डिडौली में शान के साथ निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** ब्लॉक के 39 गांव के लोग जुलूस मे शामिल रहे। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद रजा रुयते हिलाल कमेटी जोया के बैनर तले निकाला गया जश्ने ईद-ए-मिलादुन्नबी का जुलूस बड़े ही शान-ओ-शौकत और अमन-ओ-चौन के माहौल में निकाला गया। जुलूस में हाथों में धार्मिक झंडे लिए बच्चे, नौजवान और बुजुर्ग बड़ी तादाद में शामिल हुए। सरकार की आमद मरहबा या मुस्तफा और नबी की शान में ईद ए मिलादुन्नबी के जुलूस पर फूलो से स्वागत किया और गूंजते नारों से गलियां और बाजार रौनक से भर उठे। जुलूस की शुरुआत जोया मदरसे से होकर संभल चौराहे पर जाकर अन्य क्षेत्र से आने वाले जुलूस को एक साथ इकट्ठा कर संभल चौराहे से इकबाल नगर होते हुए जोया अमरोहा रोड और जोया की गलियों से गुजरते हुए जोया बाजार पहुंचा। इस मौके पर मौलाना आसिफ ने मुल्क की तरक्की, भाईचारे और बाढ़ प्रभावित इलाकों की आवाम की भलाई के लिए दुआएं कराई गईं। नगर और ग्रामीण इलाकों से हजारों की तादाद में लोग इस जश्न में शामिल हुए। डिडौली पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण बना रहा। इस मौके पर मुख्य रूप से हजरत मौलाना अहसान, हजरत मौलाना जमील, मुफ्ती कारी मेहराज, मौलाना अरकान, मुफ्ती आसिफ, हाफिज, समसुल हसन, मौलाना आफताब ,हाजी नासिर, मौलाना रागिब, हाजी नजरुल हाफिज दूल्हा, मोहम्मद जाकिर, कारी आबिद हुसैन, पूर्व चौयरमेन मोहम्मद यामीन,पूर्व चैयरमेन जाहिद, चौयरमेन नगर पंचायत हाजी जुबैर अहमद, महबूब अली विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री, परवेज अली पूर्व एमएलसी, पूर्व सांसद दानिश अली,मासुदुल प्रधान, साजिद, साकिर आदि, लोग शामिल रहें

## जोशो खरोश से निकला ईद मिलाद उन नबी का जुलूस

### पैगम्बर मौहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने की अपील, फिजा में गूंजे हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर व क्षेत्र में ईद-मिलाद-उन-नबी के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलुस निकाल कर मिठाई आदि वितररण कर खुशियां मनाईं।

नगर गजरौला में तहफ्फुज ए सुन्नियत फाउंडेशन द्वारा ईद-मिलाद-उन-नबी के मौके पर शान ए शौकत के साथ जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें रसूल के नारों से खुशनुमा माहौल पैदा हो गया। मौहल्ला जलानगर नई बस्ती से जुलूस प्रारंभ हुआ जो कि बस्ती, इंदिरा चौक, स्टेशन चौक से होकर नूरानी मस्जिद नई बस्ती में जाकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर नूरानी मस्जिद के इमाम कारी मंसूर ने नाते पाक गाकर गाया। मोहल्ला आजाद नगर वासियों ने मिठाई वितरण कर तंजीम व इमामों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जुलूस में जाफर मलिक, आरिफ अल्वी, जमालुद्दीन, नौशाद शेख एडवोकेट, मोहम्मद उमर, मोहम्मद अनवर, सरफराज, मोहम्मद आदिल, डॉ.रियाज, मोहम्मद आरिफ, गुलाम रसूल, मोहम्मद इमरान, कलुआ ठेकेदार, आरिफ, मेहरबान अली, मोहम्मद शहजाद, वकील अहमद, कारी मंसूर आदि सम्मिलित रहे। वहीं नगर के चौपला स्थित दारुल उलूम रजविया फैजान-ए-मदीना, से ईद-मिलाद-उन-नबी का एक शानदार जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल आशिक-ए-रसूल का जोश और उमंग देखने लायक था। यह जुलूस मदरसे से निकलकर इंदिरा चौक, सुल्ताननगर, अलीपुर, नवादा रोड से होता हुआ वापस मदरसे में पहुँचा।

**पुलिस प्रशासन की रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**

वहाँ पर तमाम मोमिनों की सलामती और मुल्क की अमन-ओ-तरक्की के लिए हजरत कारी हमीद अली लतीफी ने खास दुआ फरमाई। इस मौके पर दारुल उलूम के प्रिंसिपल हजरत मुफ्ती मोहम्मद वकास रजा खान जामेई ने कहा कि आज हम जिस मुबारक दिन को मना रहे हैं, उसी पाक हस्ती के सदके अल्लाह तआला ने पूरी कायनात को पैदा फरमाया। कहा कि यदि उनकी तालीम को इस फसादी दौर में अपनाया जाए तो दुनिया से अमीरी गरीबी, ऊँच नीच, भेद भाव और हर तरह की नफरतें मिट जायेंगी। इस मौके पर मौलाना मोहम्मद सलमान रजा, मौलाना मुफ्ती महमूद नईमी, मुफ्ती शाकिर, मौलाना मोहम्मद तारिक रजा आफाक, मोहम्मद आलमगीर मिस्बाही, फहीम, अख्तर, मुखवा, अमजद आदि मौजूद रहे। इस तरह थाना क्षेत्र में 16 स्थानों पर ईद-मिलाद-उन-नबी के जुलूस निकाले गए। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने भ्रमण करके शांति सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखी। बीट आरक्षी व चौकी क्षेत्र की पुलिस भी मुस्तैद रहे।




गजरौला। ईद मिलाद उन नबी का जुलूस निकालते लोग

## धूमधाम से निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद मिलादुन्नबी का जुलुस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। जुलुस में नबी पाक की शान में नाते पाक पढ़ी जा रही थी। जगह जगह जुलूस का स्वागत किया गया। जुलुस में शामिल लोगों के लिए जगह-जगह खाने-पीने का कार्यक्रम भी था।

नारे तकबीर अल्लाहू अकबर, नबियों का दामन नहीं छोड़ेंगे, नारे रिसाला या रसूल अल्लाह के तेज आवाज में नारे लगाते हुए शाह विलायत की दरगाह से ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का निर्धारित समय पर शुभारंभ कर दिया गया। जुलूस संभल बस स्टैंड चौराहा, पुराना डाकखाना, कंकर वाला कुआं, लालबाग ऊंचा, कुरेशियान, मनिहारान, मैंन बाजार, होली वाला हिरन वाला, मनापुर, मोहल्ला कायस्थान, आखून चौक, मोहल्ला चमन, काला शहीद, रहरा रोड होते हुए हजरत खान जादा की दरगाह पर जाकर जुलूस का समापन हो गया। जुलूस में युवा घोड़े पर सवार होकर मौला करीम व रसूल पाक के नारे लगाते हुए चल रहे थे। अन्य वाहनों व ई रिक्शाओं पर भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग सवार होकर धार्मिक नारेबाजी करते हुए चल रहे थे।ऊटों पर सवार युवा नारेबाजी करते हुए चल रहे थे तथा जुलूस की शान बढ़ा रहे थे। जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया। भारी संख्या में निकाले गये जुलूस में माहौल पूरी तरह धार्मिक बना हुआ था। जुलुस में शामिल लोगों के लिए जगह-जगह खान-पान की भी व्यवस्था की गई थी। जुलूस में सीओ दीप कुमार पंत प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल, क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह, अंसार अहमद, राजा टाटा, बाबर खान, जैनल आबेद्दीन खान, सलीम खान, अकील पहलवान, तालिब खां, हाजी शहजाद खां, इकतेदार खां, समीर खान, बदर कुरैशी, डॉक्टर अफसर अली, चमन अंसारी, शाहनवाज अंसारी, युसूफ कुरैशी, आराश खान, कारी आकिब खान समीर खान एडवोकेट आदि मौजूद थे।



## मुहम्मद साहब ने दुनिया को दिया भाईचारे का पैगाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** मोहल्ला कुरैशियान स्थित मदरसा बशीरुल उलूम से मदरसे के प्रिंसिपल कारी आबिद अली रजवी के नेतृत्व में जुलूस मुहम्मदी प्रारंभ हुआ। यहां से यह जुलूस हुसैनी चौक पहुंचा, जहां पर अंजुमन गुलमान ए मुस्तफा, अंजुमन यंग गुलामान ए मुस्तफा, अंजुमन आशिकाने मुस्तफा, अंजुमन फिदायान ए मुस्तफा, अंजुमन नूर उन्नबी, अन्जुमन गुलामान ए गौसो रजा, अंजुमन गुलामान ए पंजेतन का जुलूस भी इस जुलूस में शामिल हो गया। यहां से यह जुलूस मोहल्ला कुरेशियान होता हुआ मोहल्ला पठानान पहुंचा, जहां पर अंजुमन गुलशन ए मदीना व मदीना मस्जिद का जुलूस भी इस जुलूस में शामिल हो गया। यहां से यह जुलूस मोहल्ला चांदनी चौक, भाटो वाला कुआं, मैन बाजार, मोहल्ला महल, टीपू चौक होता हुआ दरगाह हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० में पहुंचा। वहां पर सलातो सलाम के बाद मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई गई। लोगों को तबर्रुक तकसीम किया गया। जुलुस में कांठ विधायक कमाल अख्तर, कारी आबिद अली, कारी फहीम रजा, मुफ्ती नाजिर रजा, मुफ्ती अख्तर रजा, मौलाना आरिफ रजा, कारी मुरसलीन, हाफिज अफसर अली, कारी इरशाद, कारी शाकिर, मौलाना आसिफ रजा बाकरी, कांठ विधायक कमाल अख्तर, रहीमुद्दीन साबरी, अथर अहसान, चमन हैदर बाकघ्री, अलाउद्दीन सैफी, दिलशाद हुसैन, शाकिर मसऊदी, इरशाद सलमानी, मेराज अली, निजामुद्दीन सैफी, शहाबुद्दीन सैफी, डॉ० नदीम मलिक, नाजिम अलवी, आकिल मसऊदी, वसीम अल्वी, मौ० अजीम, शकील अल्वी, अनस कुरैशी, जावेद कुरेशी, बब्बन हुसैन, फहीमुद्दीन फहमी, कुंवर अदनान महल, बब्बी चौधरी, सूफी अनीस, वसीम कुरेशी, शकील ठेकेदार, डॉ० साहिल आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। जुलूस में खाना ए काबा, रोजा ए रसूल की शबीह विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं



## पत्नी पर चाकू से किया जानलेवा हमला

### पति व देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** विवाद के चलते पति ने भाई के साथ मिलकर पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। मामले में पति व भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी पुलिस पकड़ से दूर है।

मोहल्ला इकबाल नगर में बाबू खान का परिवार रहता है। उनकी बेटी रुखसार शादी मुरादाबाद जनपद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला ततारपुर अगवानपुर रहने वाले शादाब के साथ हुई थी। इन दिनों दोनों परिवारों के बीच विवाद चल रहा है। आरोप है कि बृहस्पतिवार को रुखसार अपनी माता मोबीना बेगम के साथ ई-रिक्शा में सवार होकर अमरोहा से जोया आ रही थी। जैसे ही जियारत के पास पहुंची तभी शादाब ने ई-रिक्शा को रूकवा लिया और रुखसार को नीचे उतार लिया। शादाब इस दौरान रुखसार को गालियां देने लगा। तभी शादाब आपका छोटा भाई शोएब भी आ गया। आरोप है कि दोनों ने जान से मारने की नियत से रुखसार की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में रुखसार गंभीर रूप से घायल हो गई। इस दौरान रुखसार को राह चलते लोगों ने बचाया। दोनों भाई वारदात को अंजाम देकर वहां से भाग निकले। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। गंभीर रूप से घायल रुखसार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में रुखसार की तहरीर पर शादाब, उसके भाई शोएब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सभी केन्द्रों पर रहेगा पुलिस का पहरा, सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

## जनपद में पीईटी परीक्षा आज, कड़े रहेंगे सुरक्षा प्रबंध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले में आज से अभ्यर्थियों का रैला उमड़ेगा। शनिवार से पीईटी परीक्षा कड़ी सुरक्षा में सम्पन्न कराई जायेगी। सभी केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। दो दिन में सम्पन्न होनी वाली इस परीक्षा में 25 हजार 344 अभ्यर्थी हिस्से लेंगे। सभी केन्द्रों पर परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से होगी। जबकि स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट भी निरीक्षण करेंगे। प्रशासन ने परीक्षा के लिये सीटिंग प्लान तैयार कर दिया है।

शनिवार से जिले में पीईटी परीक्षा का आयोजन हो रहा है। इसके लिये प्रशासन पिछले कई दिन से तैयारियों में लगा था। परीक्षा के लिये 14 केन्द्र बनाये गये है। सभी पर नजर रखने के लिये सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है। परीक्षा में शामिल होने आने वाले अभ्यर्थियों को केन्द्र तलाश करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिये प्रमुख चौराहे पर पुलिस व यातायात पुलिस की तैनाती की गई है। इसके अलावा जाम की समस्या न बने इसके लिये भारी वाहनों का प्रवेश भी नगर में प्रतिबंधित कर दिया गया है। आटो व ई-रिक्शा गांधी मूर्ति की तरफ नहीं जाने दिये जायेंगे। सभी केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के लिये पेयजल व प्रकाश की उचित व्यवस्था की गई है। सीटिंग प्लान पूरा कर लिया गया है। देर सांय तक दूर दराज के क्षेत्रों से अभ्यार्थियों का यहां पहुंचना भी जारी रहा। परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिये लगाये गये स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट को खास निर्देश दिये गये है कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण सम्पन्न कराई जाये। जहां भी कोई गड़बड़ी मिले उसकी सूचना तुरंत अधिकारियों को दें। भारी वाहनों का प्रवेश नगर में पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। इन वाहनों को निकलने के लिये डायवर्ट प्लान भी लागू कर दिया गया है। अधिकांश भारी वाहनों को बाईपास से गुजारा जायेगा, जो लगातार दो दिन जारी रहेगा। डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद ने अपने अधिनस्थों को आदेश दिये कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण व सुचिता के साथ सम्पन्न कराई जाये। परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों के लिये जोया पुल के नीचे, रेलवे माल गोदाम, जेएस हिन्दू इंटर कालेज के मैदान समेत कई स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पहली पाली सुबह दस से 12 जबकि दूसरी दोपहर तीन से पांच बजे तक चलेगी। सभी परीक्षा केन्द्रों के बाहर महिला पुलिस की भी तैनाती की जायेगी। किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में आपत्तिजनक सामग्री नहीं ले जाने दी जायेगी।

**नगर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित**

● भारतीय जर्सी को स्पान्सर करना अब और महंगा ●

# बीसीसीआई ने बढ़ाई तय कीमत

● बोर्ड ने बनाया 400+ करोड़ रुपये की आमदनी का प्लान

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) टीम इंडिया के लिए नया स्पान्सर ढूंढने के लिए जोरआजमाइश कर रहा है। हालांकि, अब ऐसा करने वाली कंपनियों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई रिजर्व प्राइस को बढ़ाने जा रहा है। ड्रीम11 हाल ही में स्पान्सरशिप से पीछे हट गया था और उसने बीसीसीआई के साथ अपने करार को तोड़ लिया था। 2023 में बायजू को रिप्लेस करते हुए ड्रीम11 ने बीसीसीआई के साथ तीन साल का करार किया था। उस समय ड्रीम11 ने कुल 358 करोड़ रुपये का करार किया था, जिसमें घरेलू मैचों के लिए प्रति मुकाबला तीन करोड़ और विदेशी मैचों के लिए एक करोड़ रुपये तय थे। इंग्लैंड दौरे तक टीम इंडिया की जर्सी पर ड्रीम-11 का लोगो दिखाई देता था, लेकिन हाल ही में पारित आनलाइन गेमिंग बिल 2025 के कारण कंपनी को अपने संचालन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा और उसने अनुबंध से बाहर निकलने का फैसला किया। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने नए स्पान्सर के लिए रिजर्व प्राइस बढ़ा दिया है। अब घरेलू सीरीज (द्विपक्षीय) के लिए प्रति मैच 3.5 करोड़ रुपये और आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट्स जैसे बहुराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए लगभग 1.5 करोड़ रुपये रिजर्व प्राइस रखा गया है। पहले यह दरें कम थीं। पहले घरेलू सीरीज (द्विपक्षीय) के लिए प्रति मैच 3.17 करोड़ और आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट्स जैसे बहुराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए 1.12 करोड़ रुपये रिजर्व प्राइस रखा गया था। इसका मतलब है कि बीसीसीआई अब कम से कम 10 प्रतिशत ज्यादा कमाई द्विपक्षीय सीरीज से और लगभग तीन प्रतिशत ज्यादा कमाई बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स से करना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस नए बेस प्राइस से बीसीसीआई को 400 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई हो सकती है। हालांकि, यह आंकड़ा इससे भी कहीं ज्यादा हो सकता है, क्योंकि स्पान्सरशिप के लिए प्रतिस्पर्धा हमेशा ऊंची रहती है। बीसीसीआई ने मंगलवार को राष्ट्रीय टीम के लीड स्पान्सर राइट्स के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (आईईओआई) जारी किया। इसके तहत बोली लगाने वाली कंपनियों को विस्तृत शर्तें और नियम उपलब्ध कराए जाएंगे। आईईओआई डाक्यूमेंट्स खरीदने की अंतिम तारीख 12 सितम्बर रखी गई है। बोली लगाने के लिए दस्तावेज जमा करने की अंतिम तारीख 16 सितम्बर तय की गई है। स्पान्सर बनने की इच्छुक कंपनियों को आईईओआई डाक्यूमेंट खरीदने के लिए पांच लाख रुपये के साथ-साथ जीएसटी की नान-रिफंडेबल फीस देनी होगी। भुगतान की पुष्टि होने के बाद ही डाक्यूमेंट्स शेयर किए जाएंगे। बीसीसीआई ने साफ किया है कि केवल डाक्यूमेंट खरीदने से कोई कंपनी बोली लगाने की हकदार नहीं हो जाती। पात्रता मानकों को पूरा करना अनिवार्य होगा।

# भांबरी-वीनस की जोड़ी हारी

● सेमीफाइनल में हारकर यूएस ओपन में भारत का अभियान समाप्त



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की जोड़ी को यूएस ओपन के सेमीफाइन में ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। पुरुष युगल वर्ग के सेमीफाइनल में गुरुवार को भांबरी और वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को दो घंटे 53 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की जोड़ी से 6(2)-7(7), 7(7)-6(5), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के शुरुआती सेट में, भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष युगल टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और वीनस ने आठवें गेम में ओलंपियन नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की सर्विस तोड़ी।

हालांकि, भांबरी-वीनस अगले गेम में अपनी सर्विस गंवाकर इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे, जिससे टाई-ब्रेकर तक का रास्ता तय हुआ, जिसे इंडो-न्यूजीलैंड जोड़ी ने आसानी से जीत लिया। दूसरे सेट में भी भांबरी-वीनस ने शुरुआती गेम में स्कुप्स्की-सैलिसबरी की सर्विस तोड़ी, लेकिन चौथे गेम में ब्रेक पॉइंट को भुनाने में नाकाम रहीं। यह चूक भांबरी-वीनस के लिए महंगी साबित हुई क्योंकि स्कुप्स्की- सैलिसबरी ने अगले ही गेम में वापसी की और कड़े मुकाबले में टाई-ब्रेकर जीत लिया। स्कुप्स्की- सैलिसबरी ने तीसरे सेट के पहले गेम में सर्विस तोड़ी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा और फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भगदड़ के बाद पहली बार टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा चिन्नास्वामी

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल जीत के बाद 4 जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के बाद चिन्नास्वामी पहली बार क्रिकेट मुक़ाबलों की मेजबानी करेगा। यह स्टेडियम कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के तिम्मप्पिया मेमोरियल ट्रॉफ़ी के मेजबानों में से एक है, जो 16 टीमों वाला एक लाल गेंद के साथ खेला जाने वाला बहु-दिवसीय प्री-सीजन टूर्नामेंट है। चिन्नास्वामी स्टेडियम इस प्रतियोगिता के छह मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें एक सेमीफ़ाइनल और 26 सितम्बर से होने वाला फ़ाइनल शामिल है। हालांकि स्टेडियम में दर्शकों को अनुमति नहीं होगी। टूर्नामेंट में मुंबई, विदर्भ, मप्र, हिप्र, छत्तीसगढ़ सहित कई टीमें शामिल हैं।

### एशियाई बेसबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा चीन

**फ़ूज़ौ, वार्ता।** आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि 2025 एशियाई बेसबॉल चैंपियनशिप दक्षिण-पूर्वी चीन के फ़ुज़ियान प्रांत के पिंग्टन में 22 से 28 सितम्बर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी। इस चैंपियनशिप में जापान, दक्षिण कोरिया, चीनी ताइपे, फिलीपींस, हांगकांग, पाक, फ़िलिस्तीन और मेजबान चीन शामिल होंगे। बीस बार विजेता जापान, 2023 का सेमीफाइनलिस्ट दक्षिण कोरिया और 2019 में विजेता और 2023 में उपविजेता चीनी ताइपे इस साल की चैंपियनशिप में प्रबल दावेदार हैं, जिसका विजेता 2026 में होने वाले अंडर-23 बेसबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा।

# नीरज चोपड़ा-अरशद नदीम विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में करेंगे प्रतिस्पर्धा

● विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितम्बर तक टोक्यो में आयोजित होगी



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा और चोट से उबर चुके पाकिस्तानी एथलीट अरशद नदीम इस महीने के आखिर में टोक्यो में होने वाली 2025 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

नदीम के चिकित्सक असद अब्बास ने गुरुवार को बताया कि पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं। अब्बास ने टेलीकॉम एशिया को बताया कि अरशद पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और मैंने उनके ठीक होने और प्रगति पर नजर रखी है। मुझे यकीन है कि वह नीरज और भाला फेंक स्पर्धा में भाग लेने वाले अन्य सभी एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार होंगे। उल्लेखनीय है कि विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितम्बर तक टोक्यो में आयोजित होगी। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का क्वालीफिकेशन 17 सितम्बर को और फाइनल अगले दिन होगा। जापान नेशनल स्टेडियम में नीरज चोपड़ा बनाम अरशद नदीम पेरिस 2024 के बाद उनका पहली बार आमना-सामना होगा। पेरिस 2024 के बाद से नदीम ने केवल एक बार प्रतिस्पर्धा की है, मई में कोरिया गणराज्य के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 86.40 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में पिछले महीने डायमंड लीग जीतने वाले जर्मनी के जूलियन वेबर, दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट के भी भाग लेने की उम्मीद है।

# आर्यना-अमांडा के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

● सबालेंका ने जेसिका को हराकर तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका और उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा बीच यूएस ओपन में महिला एकल वर्ग में खिताबी भिड़ंत होगी। बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता और मानसिक शक्ति का परिचय देते हुए एक सेट से पिछड़ने के बाद चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार रात दो घंटे तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में बेलारुस की सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमे. रिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी पेगुला को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। पेगुला ने न्यूयॉर्क के शोरगुल में उत्साहित दर्शकों के बीच पहला सेट जीतकर पासा पलटने की चेतावनी दी। अमेरिकी खिलाड़ी ने पेगुला ने सबा. लेंका की सहज गलतियों का फायदा उठाया और दो बार सर्विस ब्रेक करके 6-4 से पहला सेट अपने नाम कर लिया।

इसके बाद बेलारूसी खिलाड़ी ने ऑफ-कोर्ट ब्रेक के बाद नए दृढ़ संकल्प के साथ वापसी की। उन्होंने अपने ग्राउंडस्ट्रोक की तीव्रता बढ़ाई और दूसरे सेट को 6-3 से जीत के साथ मैच को निर्णायक बना दिया। अंतिम सेट में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ने दबाव के क्षणों में अपना धैर्य बनाए रखा। अपने तीसरे मैच पॉइंट पर, उन्होंने राहत और जश्न की गर्जना के साथ जीत पक्की कर ली। 27 वर्षीय खिलाड़ी की इस जीत ने उन्हें सेरेना विलियम्स (2011- 2014) के बाद लगातार तीन यूएस ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बना दिया है। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि यह वाकई एक कड़ा मुकाबला था। उसने अविश्वसनीय टेनिस खेला और मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। मैं बस अंदर ही अंदर प्रार्थना कर रही थी और अच्छे की उम्मीद कर रही थी। शनिवार को होने वाले चैंपियनशिप मैच में सबालेंका का सामना उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा ने अपने करियर के सबसे उल्लेखनीय उलटफेरों में से एक की कहानी गढ़ते हुए रोमांचक मुकाबले में जापान की नाओमी ओसाका को 6-7(4), 7-6(3), 6-3 से हराकर पहली बार यूएस ओपन फाइनल में जगह बनाई।

# यॉर्कशायर से छोटी अवधि के लिए जुड़ेंगे मयंक अगवाल



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल शेष काउंटी चैंपियनशिप मुक़ाबलों के लिए यॉर्कशायर के साथ छोटी अवधि के अनुबंध पर जुड़ेंगे। समरसेट के खिलाफ़ 8 सितम्बर को होने वाले मुक़ाबले से पहले अग्रवाल के यॉर्कशायर के साथ जुड़ने की उम्मीद है और 2025-26 रणजी ट्रॉफी सीजन के लिए भारत लौटने से पहले वह कुल तीन मुकाबले खेलेंगे। इससे पहले वह कर्नाटक के महाराजा टी-20 ट्रॉफ़ी का हिस्सा थे। वहीं उन्हें आईपीएल में देवदत्त पड्डिक्कल के विकल्प के तौर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने दल में शामिल किया था। 34 वर्षीय को इंग्लैंड का अनुभव है। वह 2021-22 के दौरे और 2023 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फ़ाइनल के भारतीय दल के हिस्से के रूप में इंग्लैंड की यात्रा कर चुके हैं।

2021-22 के दौरे पर अग्रवाल भारत के लिए पारी की शुरुआत करने के दावेदार थे लेकिन उन्हें सीरीज के पहले मैच से पहले चोट लग गई जिसके चलते वह बाहर हो गए। अग्रवाल दो बार ए टीम के साथ भी इंग्लैंड का दौरा कर चुके हैं। कर्नाटक के सभी प्रारूपों के कप्तान अग्रवाल के पास प्रथम श्रेणी का काफ़ी अनुभव है। उन्होंने 180 पारियों में 43.98 की औसत, 18 शतक और 44 अर्द्धशतकों के साथ 8050 रन बना चुके हैं। अग्रवाल ने भारत के लिए 36 टेस्ट पारियों में 41.33 की औसत और चार शतकों की बदौलत 1488 रन बनाए हैं।

# नीव से शिखर तक का दूसरा बैच रवाना

● यह एक नेतृत्व यात्रा है जो जमीनी स्तर से शुरू होकर महानता की ओर बढ़ती है

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 'नींव से शिखर तकश के दूसरे बैच को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस समारोह में एम3एम फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी एवं अध्यक्ष डॉ. ऐश्वर्य महाजन( भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के उप महानिद. ेशक मयंक श्रीवास्तव, और फिट इंडिया मूवमेंट के निदेशक नदीम भी उपस्थित थे। इस अवसर पर, एम3एम फाउंडेशन की चेयरपर्सन एवं ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया ने अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए बताया कि 'नींव से शिखर तकश एक पर्वतारोहण पहल से कहीं बढ़कर है। यह एक नेतृत्व यात्रा है जो जमीनी स्तर से शुरू होकर महानता की ओर बढ़ती है। ये युवा लड़कियां न केवल चोटियों पर चढ़ रही हैं( वे बाधाओं को तोड़ रही हैं और जो संभव है उसे फिर से लिख रही हैं। बैच 2 के साथ, हमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा की महत्वाकांक्षी बेटियों को यह अवसर प्रदान करने पर गर्व है। हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना है कि सपने देखने वाली हर लड़की को शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से आगे बढ़ने के लिए उपकरण, प्रशिक्षण और आत्मविश्वास दिया जाए।

बैच 2 में, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा की 11 वंचित लड़कियों का एक नया समूह अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान, मनाली में एक निष्शुल्क बुनियादी पर्वतारोहण पाठ्यक्रम से गुजरेगा। भारत की फिट इंडिया एम्बेसडर के मार्गदर्शन में, लड़कियों को रॉक क्राफ्ट (चढ़ाई, रैपलिंग, जुमा. रिंग), स्नो और आइस क्राफ्ट (सीढ़ियां काटना, आइस एक्स अरेस्ट, क्रैम्पन का उपयोग), रस्सी का काम (गांठ बनाना, लंगर डालना, नदी पार करना) और जीवन रक्षा कौशल (तंबू लगाना, आश्रय बनाना, ऊंचाई पर रहना) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ, उन्हें नेतृत्व विकास सत्रों में भी शामिल किया जाएगा, जो टीम वर्क, अनुशासन और लचीलेपन पर जोर देंगे-उन्हें न केवल पहाड़ों पर चढ़ने के लिए, बल्कि आत्मविश्वास और शक्ति के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करेंगे।

यह पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की भावना से गहराई से जुड़ी हुई है, जिसका उद्देश्य किशोर लड़कियों को संरचित शारीरिक चुनौतियों, मार्गदर्शन और जीवन कौशल से सशक्त बनाना है। बैच 2 का शुभारंभ कुरुक्षेत्र में बैच 1 के सफल शुभारंभ के बाद हुआ है।

# केकेएफआई ने 24 खो-खो खिलाड़ियों के सीआईएसएफ में चयन पर जताई खुशी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खो-खो के लिए गौरव का क्षण है जब 24 खिलाड़ियों -12 पुरुष और 12 महिला - का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में हेड कांस्टेबल के पद पर खेल कोटा के माध्यम से किया गया। उक्त खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित बीएचईएल परिसर में आयोजित भर्ती ट्रायल्स को सफलतापूर्वक पार किया। चयनित सभी खिलाड़ी देशभर के विभिन्न राज्यों-महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, हरियाणा, ओडिशा और अन्य से हैं और अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेलों, द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं और इस वर्ष आयोजित पहले खो-खो विश्व कप 2025 जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर शानदार प्रदर्शन किया है। कई खिलाड़ी, जिन्होंने इस भर्ती ट्रायल को पास किया, वे अल्टीमेट खो-खो लीग - सीजन 1 और 2 में भी हिस्सा ले चुके हैं और शीर्ष स्तर के परफ़ॉर्मर के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं।

सीआईएसएफ में उनका शामिल होना, भारत के सबसे पुराने और ऊर्जावान पारंपरिक खेलों में से एक खो-खो की बढ़ती पहचान और उत्कृष्टता व अवसर के खेल के रूप में उभरने का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए भारतीय खो-खो महासंघ ( केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु ने कहा कि हमारे युवा खो खो खिलाड़ियों को मेरिट सूची में स्थान बनाते हुए देखना बेहद सुखद है। खो-खो की बढ़ती पहचान खिलाड़ियों के लिए करियर के नए मार्ग बना रही है।

# मेसी ने दो गोल दागकर प्रशंसकों को दी भावुक विदाई

● कोलंबिया, पैराग्वे और उरुग्वे ने विश्व कप में जगह पक्की की

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** कोलंबिया, पैराग्वे और उरुग्वे ने अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है, जबकि लियोनेल मेसी ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर के अंतिम दिन अर्जेंटीना के प्रशंसकों को भावुक विदाई दी।

मेसी ने दो गोल दागे जिससे अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 3-0 से हरा दिया, जो संभवत: 38 वर्षीय मेसी का आखिरी घरेलू विश्व कप क्वालीफायर था और गुरुवार को होने वाले मैचों के पूरे दौर का मुख्य कार्यक्रम था। अल्बीसेलेस्टे के कप्तान ने वार्मअप के दौरान अपने आंसू रोके रखे जब प्रशंसक उनका नाम पुकार रहे थे, फिर उन्होंने गोलकीपर राफेल रोमो के ऊपर से शॉट मारकर मौजूदा विश्व चैंपियन को बढ़त दिला दी। स्थानापन्न खिलाड़ी लुटारो मार्टिनेज ने निको गोंजालेज के कट-बैक से डाइलवग हेडर के जरिए स्कोर 2-0 कर दिया, जिसके बाद मेसी ने थियागो अल्माडा के साथ मिलकर तीसरा गोल दागा। मेसी ने स्वीकार किया कि ब्यूनस आयर्स के मोनुमेंटल स्टेडियम में हुई इस रात की विदाई का महत्व था। उन्होंने कहा कि अपने लोगों के साथ इस तरह से खेल खत्म करना, यही मेरा हमेशा से सपना रहा है। यह (संन्यास) ऐसी चीज नहीं है जिसे मैं पसंद करता हूं, चाहता हूं या उम्मीद करता हूं। मुझे खेलना पसंद है और मैं नहीं चाहता कि यह कभी खत्म हो, लेकिन मुझे यह भी पता है कि वह क्षण नजदीक आ रहा है। असुनसियन में, इक्वाडोर के साथ घरेलू मैदान पर गोलरहित ड्रॉ ने पैराग्वे को 16 सालों में पहली बार विश्व कप में जगह दिलाई।

# इंग्लैंड को हराकर द. अफ्रीका ने वनडे सीरीज में बनाई अजेय बढ़त

**लॉर्ड्स, वार्ता।** ब्रीत्जके (85) और ट्रिस्टन स्टब्स (58) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद नांद्रे बर्गर (तीन विकेट) और केशव महाराज (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को पांच रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 331 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में जेमी स्मिथ (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद जो रूट ने बेन डकेट के साथ दूसरे विकेट के लिये 65 रन जोड़े। 13वें ओवर में केशव महाराज ने बेन डकेट (14) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी सफलता दिलाई। जेकब बेथेल व रूट संघर्ष किया।

# एशिया कप में भारत की विस्फोटक शुरुआत



**चीन, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड को 11-0 से रौंद कर एशिया कप में विजय के साथ अपने अभियान की विस्फोटक शुरुआत की। भारतीय टीम के लिए मुमताज खान ने (सातवें, 49वें), उदिता ने (30वें, 52वें) और ब्यूटी डुंग डुंग ने (45वें, 54वें) मिनट में दो-दो गोल किए, जबकि संगीता कुमारी ने (10वें), नवनीत कौर ने (16वें), लालरेम्सियामी ने (18वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) मिनट में गोल किए। पहले क्वार्टर में मुमताज खान (सातवें मिनट) और संगीता कुमारी (10वें मिनट) के दो मैदानी गोलों से भारत ने शुरुआत से ही अपना दबदबा बना लिया। दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपनी आक्रामकता और बढ़ाते हुए तीन और गोल दागकर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर ने (16वें मिनट) और मिडफील्डर लालरेम्सियामी नें (18वें मिनट) लगातार दो मैदानी गोल दागे और उसके बाद उदिता ने (30वें मिनट) में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके पहले हॉ का समापन शानदार तरीके से किया। दूसरे हॉ में भी भारत ने थाईलैंड के सर्कल के अंदर लगातार हमले किए और तीसरे क्वार्टर में उसे चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से ब्यूटी डुंग डुंग नें (45वें मिनट) में अपना पहला गोल दागा। मैच के आखिरी क्वार्टर में भारत ने लगातार पांच गोल दागकर अपने पहले मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज की। मुमताज खान (49वें मिनट), उदिता (52वें मिनट) और शर्मिला देवी (57वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए, जबकि ब्यूटी डुंग डुंग (54वें मिनट) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें मिनट) ने फील्ड गोल किए। भारतीय टीम शनिवार को जापान से भिड़ेगी।

### गतिरोध के बावजूद ब्लू टाइगर्स ने प्लेऑफ में जगह पक्की की

**ताजिकिस्तान, वार्ता।** भारत ने आज हिसोर सेंट्रल स्टेडियम में अफग़ानिस्तान के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप बी मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ खेलकर सीएएफए नेशंस कप 2025 के तीसरे स्थान के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। हालांकि, ब्लू टाइगर्स का भाग्य अंतिम सीटी बजने के तुरंत बाद तय नहीं हुआ। उन्हें ईरान और ताजिकिस्तान के बीच दूसरे ग्रुप मुकाबले के नतीजे के लिए देर शाम तक इंतज़ार करना पड़ा। यह मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा, जिससे भारत का ग्रुप उपविजेता बनना तय हो गया। आज के नतीजे के साथ, ईरान तीन मैचों में सात अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा, जबकि नए मुख्य कोच खालिद जमील के नेतृत्व में भारत चार अंकों (एक जीत, एक ड्रॉ, एक हार) के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

# सम्पादकीय

शनिवार, 6 सितम्बर 2025

## ट्रम्प की हताशा

रूस से तेल खरीद को लेकर अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ तो लगा दिया, लेकिन देखने में आ रहा है कि इस फैसले से वह भारत से ज्यादा स्वयं परेशान दिखाई दे रहा है। यह आए दिन अमेरिकी प्रशासन से आए बयानों से भी झलकता है। शुक्रवार को भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्वीट पर पोस्ट में एक तस्वीर शेयर की है, इस तस्वीर में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन, पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग नजर आ रहे हैं।

यह तस्वीर चीन में हाल ही में संपन्न हुए शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान की है। जहां तीनों नेता मिले थे। ट्रम्प ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि उन्हें लगता है कि हमने भारत और रूस को गहरे अंधकार में चीन के हाथों खो दिया है। पोस्ट में वह यह भी कहते नजर आ रहे हैं कि ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और स्मृद्ध हो। जाहिर है, पुतिन, जिनपिंग और पीएम मोदी की तिगड़ी से डोनाल्ड ट्रम्प काफी परेशान नजर आ रहे हैं। जहां तक बात भारत की है, जब साप्ताहिक प्रेस कान्फ्रेंस में शुक्रवार को इस पोस्ट को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सवाल पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि इस पोस्ट पर उनकी कोई टिप्पणी नहीं है। असल में भारत से टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति अपने घर में भी घिरते जा रहे हैं। कई अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति ट्रम्प को भारत के साथ संबंध सुधारने की नसीहत दी है। इसमें पूर्व अमेरिकी एनएसए जॉन बोल्टन, पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलविन और पूर्व विदेश मंत्री कैम्बेल शामिल हैं। इन तमाम लोगों का कहना है कि भारत पर टैरिफ लगाकर अमेरिका ने जहां चीन को बड़ा मौका दिया है कि वह विश्व मंच पर अपनी पहचान बनाए, वहीं उसने अपने एक रणनीतिकार दोस्त को भी खोने का काम किया है, क्योंकि नेताओं की नजर में भारत ही एक ऐसा देश है जो चीन की मनमानी को रोक सकता है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प के करीबी पीटर नवारो के बयान जिस तरह भारत के संबंध में आ रहे हैं, उनको सख्ती से खारिज किया है। विदेश मंत्रालय ने साफ किया है कि नवारो के बयान न केवल गलत हैं बल्कि भयावह भी हैं। विदेशी मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि भारत-अमेरिका के रिश्ते गहरे हैं और इन्हें भ्रामक बयानों से प्रभावित नहीं किया जा सकता। भारत का यह भी कहना है कि भारत और अमेरिकी व्यापक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। यह लोगों के बीच मजबूत रिश्तों पर आधारित है। जायसवाल ने संबंधों को आगे बढ़ाने की बात भी कही और उन्होंने क्वाड को जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया शामिल हैं साझा हितों पर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण मंच बताया। मतलब साफ है कि भारत अपने विकल्प तलाश कर रहा है, जोकि उसका अधिकार है, क्योंकि हर राष्ट्र को अपने हितों के अनुरूप आगे बढ़ने का हक है, लेकिन भारत किसी भी गुट में शामिल नहीं है, जैसीकि ट्रम्प कह रहे हैं। भारत की विदेश नीति स्वतंत्र और अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप है।

### व्यक्ति को सक्षम बनाती है शिक्षा




भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवश्यक है, समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करते हैं, शिक्षा व्यक्ति को सक्षम बनाती है, शिक्षा की शक्ति से गरीब से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी उन्नति के आसमान को छू सकते हैं, बच्चों की उड़ान को बल देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, शिक्षकों का सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि उनके विद्यार्थी उन्हें जीवन भर याद रखें और परिवार, समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें, विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है, एक अच्छे शिक्षक में भावनाएं और बुद्धि दोनों होती हैं।

**द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

## सरकारी स्कूलों को जिंदा रहने दें 'प्लीज'



पवन सिंह



सरकारी स्कूलों को जिंदा रहने दीजिए प्लीज। न बंद करिए न ही किसी दूर के विद्यालयों में समाहित करिए। इन बच्चों को कोई स्कूल बस लेने नहीं आती। कोई स्कूल का रिक्शा लेने नहीं आता। इनके मां-बाप कार, स्कूटर, बाइक से छोड़ने नहीं आते। इन बच्चों से कांपती हुई छत मत छीनिए। टूटा हुआ बाथरूम चलेगा। पानी भी वे स्कूल के बाहर किसी हैंडपंप से पी लेंगे। आप सोने से धर्म स्थलों के गुंबद सजाएं और लाखों दीए जलाएं। कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन ये टूटे हुए स्कूल, इन बच्चों के लिए छोड़ दीजिए। नेचर के न्याय से डरिए। आप क्रूरतम हो जाइए, यह भी चलेगा, लेकिन स्कूल चलने दीजिए। ये बच्चे आपसे कभी कुछ नहीं मांगते। आप चाहें तो ड्रेस और स्कूल बैग भी मत दीजिए। मत दीजिए स्वेटर। यह फटी कमीज और झोला लेकर भी चले जाएंगे। आप धार्मिक यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाइए या हाइवे के ऊपर हाईवे बनाइए, लेकिन इन बच्चों से स्कूल मत छीनिए सर।

इन बच्चों ने कभी आपसे कोई शिकवा-शिकायत नहीं की। कभी आपके खिलाफ सड़कों पर नहीं उतरे। कभी आपके खिलाफ नारे नहीं लगाए। बंद कर दीजिए मिड-डे-मील भी। यह अपने घर से रोटी, नमक और प्याज ले आएंगे। पहले भी लाते थे, लेकिन आप से खाना नहीं मांगेंगे। स्कूल क्यों बंद कर दिए साहेब। जिन अफसरों की सलाह पर यह पाप हुआ है। वे एक दिन इस अपराध का प्रकृतिजनित दंड जरूर भोगेंगे। बंद स्कूलों के गेटों पर रोते हुए बच्चों के वीडियो भी आप की आंखों को नम नहीं कर सके। स्कूलों में मास्टर नहीं जाते। या कम जाते हैं तो यह प्रशासनिक लापरवाही थी। कुछ इस तरह के मानक बनाते कि मास्टर का घर और स्कूल 20-25 किलोमीटर के क्षेत्रफल में होता। गांव के लोगों की समितियां बनाकर मास्टर की उपस्थिति पर नजर रखते, लेकिन सीधे स्कूल ही बंद कर दिए। अब तो उत्तर प्रदेश सरकार ने कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को बंद करने का आदेश जारी कर ही दिया है। स्कूलों को सम्बद्ध करने से 27,000 परिषदीय विद्यालय बंद होंगे या बंद हो गए हैं और करीब 1 लाख 35 हजार सहायक शिक्षक व 27 हजार प्रधानाध्यापक के पद खत्म। शिक्षामित्रों व रसोइयों की सेवाएं भी खत्म। कक्षा 8 तक के सरकारी स्कूलों को एक बेहद शर्मनाक निर्णय के तहत निपटाने का खेल पूरा हुआ। ऐसा नहीं है कि यह खेल उत्तर प्रदेश में ही खेला गया। देश में पिछले 10 सालों में तमाम स्कूल निपटा दिए गए। उत्तर प्रदेश में परिषदीय स्कूलों की कुल संख्या 1 लाख 32 हजार है। जिन स्कूलों में भी छात्रों की संख्या 50 से कम है वो किसी और स्कूल के साथ मर्ज हो जाएंगे मर्ज हो रहे हैं। अब अगर स्कूलों के रास्ते में कोई नदी, हाईवे, रेलवे ट्रैक, नाला। आ रहा है तो वे स्कूल भी मर्ज हो जाएंगे। केवल लखनऊ में ही ऐसे 445 प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूलों की विलय प्रक्रिया शुरू हो रही है। ASER 2024 रिपोर्ट के अनुसार सरकारी स्कूलों में शिक्षा पर व्यय GDP का सिर्फ 4.6% है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति NEP 2020 द्वारा निर्धारित 6% के लक्ष्य से काफी कम है। जबकि विश्व में शिक्षा पर सबसे ज्यादा जीडीपी खर्च करने वाले देशों में सोलोमन द्वीप समूह लगभग 12.6%, ग्रीनलैंड 10.5%, नामीबिया 9.64% व बोलीविया 9.84% के नाम सामने आते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका ने वर्ष, 2020 में अपने सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 6.05 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च किया था और आज भी उसका शिक्षा पर बजट जबरदस्त है। सऊदी अरब ने भी वर्ष, 2023 में शिक्षा पर अपने जीडीपी का 7.81 प्रतिशत खर्च किया, जो आज भी लगभग इसके आसपास ही है। चिली जैसा छोटा सा देश उच्च शिक्षा पर जीडीपी का 2.4 प्रतिशत खर्च करता है। स्वीडन व ऑस्ट्रेलिया भी उन देशों की फेहरिस्त में शामिल हैं जो शिक्षा पर अच्छा-खासा बजट खर्च करते हैं। अपने देश में विगत 10 सालों में (2014-15 से 2023-24 तक) सरकारी स्कूलों की संख्या में 8% की कमी आई है। जबकि इसके विपरीत निजी स्कूलों की संख्या इन्हीं 10 सालों में 14.9% बढ़ी है। यह डाट लोकसभा में खुद ही सरकार प्रस्तुत कर चुकी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष, 2014-15 और 2023-24 के बीच सरकारी स्कूलों की संख्या 11 लाख 7 हजार 101 से घटकर 10 लाख 17 हजार 660 रह गई। इसके विपरीत निजी स्कूलों की जो संख्या 2 लाख 88 हजार 164 थी वह इसी बीच बढ़कर 3 लाख 31 हजार 108 हो गई।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार हिंदूवादी प्रयोगशाला वाले दो सबसे महत्वपूर्ण राज्यों मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश में क्रमशः 29 हजार 410 व 25 हजार 126 स्कूल निपट गए। अन्य राज्यों में क्रमशः जम्मू कश्मीर में 21.4%, ओडिशा में 17.1%, अरुणाचल प्रदेश में 16.4%, नागालैंड में 14.4%, झारखंड में 13.4%, गोवा में 12.9% और उत्तराखंड में 8.7% सरकारी स्कूल कम हो गए। मैंने कहीं एक लेख पढ़ा था जो आज भी याद है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन में क्लेमेंट एटली के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी की सरकार बनी। एटली ने लगभग हर मद को घटा दिया लेकिन शिक्षा के बजट को कम नहीं किया। उल्टा शिक्षा के बजट को यह कह कर बढ़ा दिया कि युद्ध से जो नुकसान हुआ है वह एक दिन पूरा हो जाएगा लेकिन अगर एक पीढ़ी शिक्षा से वंचित हो गई तो इसका नुकसान कोई नहीं भर पाएगा। यही कारण है कि औद्योगिक क्रांति करने वाला पहला देश भी ब्रिटेन बना और वह ग्रेट ब्रिटेन इस लिए बना क्योंकि उसने शिक्षा के साथ समझौता नहीं किया।

अब तो उत्तर प्रदेश सरकार ने कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को बंद करने का आदेश जारी कर ही दिया है। स्कूलों को सम्बद्ध करने से 27,000 परिषदीय विद्यालय बंद होंगे या बंद हो गए हैं और करीब 1 लाख 35 हजार सहायक शिक्षक व 27 हजार प्रधानाध्यापक के पद खत्म। शिक्षामित्रों व रसोइयों की सेवाएं भी खत्म। कक्षा 8 तक के सरकारी स्कूलों को एक बेहद शर्मनाक निर्णय के तहत निपटाने का खेल पूरा हुआ। ऐसा नहीं है कि यह खेल उत्तर प्रदेश में ही खेला गया। देश में पिछले 10 सालों में तमाम स्कूल निपटा दिए गए। उत्तर प्रदेश में परिषदीय स्कूलों की कुल संख्या 1 लाख 32 हजार है। जिन स्कूलों में भी छात्रों की संख्या 50 से कम है वो किसी और स्कूल के साथ मर्ज हो जाएंगे मर्ज हो रहे हैं। अब अगर स्कूलों के रास्ते में कोई नदी, हाईवे, रेलवे ट्रैक, नाला। आ रहा है तो वे स्कूल भी मर्ज हो जाएंगे। केवल लखनऊ में ही ऐसे 445 प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूलों की विलय प्रक्रिया शुरू हो रही है। ASER 2024 रिपोर्ट के अनुसार सरकारी स्कूलों में शिक्षा पर व्यय GDP का सिर्फ 4.6% है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति NEP 2020 द्वारा निर्धारित 6% के लक्ष्य से काफी कम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## क्या आंतों में छिपा है अवसाद का राज

**सबसे बड़ी रुकावट तो यह है कि कंपनियां इसमें भारी निवेश नहीं करना चाहतीं क्योंकि दवा कंपनियां दवाइयों पर तो पेटेंट ले सकती हैं, उन्हें आसानी से बेच सकती हैं और मुनाफा कमा सकती हैं। लेकिन प्रोबायोटिक्स या डाइट प्लान को इस तरह बेचना मुश्किल है। अवसाद या मानसिक समस्याओं से पीड़ित लोगों के सूक्ष्मजीव संसार पर आधारित इलाज एक नया नजरिया है। यह मानसिक बीमारियों को देखने की धारणाओं को भी बदल सकता है। अब मानसिक रोगों को सिर्फ दिमाग की गड़बड़ी नहीं, बल्कि शरीर, सूक्ष्मजीवों और मन के बीच जटिल संवाद का नतीजा माना जा सकता है।**

अवसाद आज दुनिया की सबसे आम मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है, जो व्यक्ति के सोचने, महसूस करने और जीने के तरीके को प्रभावित करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 28 करोड़ लोग यानी करीब 5 प्रतिशत वयस्क अवसाद से पीड़ित हैं।

गौरतलब है कि लंबे समय से अवसाद और चिंता को दिमाग की रासायनिक प्रक्रिया, जीन या जीवन की परिस्थितियों से जोड़ा जाता रहा है। लेकिन अब शोध से यह पता चला है कि हमारी आंतों में मौजूद सूक्ष्मजीव संसार - यानी बैक्टीरिया, फफूंद और अन्य सूक्ष्मजीवों का विशाल संसार - हमारे मूड को नियंत्रित करने में बड़ी भूमिका निभाता है। शुरुआत में वैज्ञानिकों ने बस एक सह-सम्बंध देखा थारू जिन लोगों को अवसाद या चिंता थी, उनके आंतों में पाए जाने वाले सूक्ष्मजीव स्वस्थ लोगों से अलग थे। फिर 2016 के दो अलग-अलग अध्ययनों में जब अवसाद से पीड़ित मनुष्यों की विष्ठा चूहों की आंत में डाली गई, तो चूहों में भी अवसाद जैसे लक्षण दिखने लगे। वे आनंद या खुशी का अनुभव करने में रुचि खो बैठे, उनमें चिंता जैसी हरकतें दिखीं और उनके मस्तिष्क की रासायनिक प्रक्रियाएं भी बदल गई। इस खोज से यह स्पष्ट हुआ कि मानसिक बीमारियां सिर्फ जीन या किसी सदमे से नहीं होतीं, बल्कि सूक्ष्मजीवों के जरिए भी 'स्थानांतरित' हो सकती हैं। इससे एक नया सवाल उठारू अगर अस्वास्थ्यकर सूक्ष्मजीव बीमारी फैला सकते हैं, तो क्या स्वस्थ सूक्ष्मजीव हमें फिर से स्वस्थ बना सकते हैं?

### जवाबों की ओर पहला कदम

इससे प्रेरित होकर, युनिवर्सिटी ऑफ कैलगरी की मनोचिकित्सक वैलेरी टेलर ने मनुष्यों पर परीक्षण शुरू किए। उन्होंने बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी बीमारियों से शुरुआत की जिन्हें ठीक करना सबसे मुश्किल माना जाता है। उनका सोचना था कि अगर उस मामले में विष्ठा सूक्ष्मजीव प्रत्यारोपण फीकल माइक्रोबायोटा ट्रांसप्लांट कारगर साबित होता है, तो यह अन्य बीमारियों में भी मदद कर सकता है। शुरुआती अध्ययनों में दिखा कि आंतों के सूक्ष्मजीव संसार में बदलाव से मूड बेहतर हो सकता है। हालांकि FMT हर व्यक्ति पर एक जैसा असर नहीं करता, लेकिन कुछ मरीजों के लिए यह जिंदगी बदल देने वाला साबित हुआ। लेकिन एक समस्या है FMT से यह स्पष्ट नहीं हो पाता कि कौन-से विशेष सूक्ष्मजीव इसके लिए जिम्मेदार हैं। यह किसी खास बैक्टीरिया को नहीं बल्कि पूरे सूक्ष्मजीव संसार का पुनर्गठन करता है। शुरुआत के लिए तो ठीक है, लेकिन बहुत सटीक नहीं। इसी कमी को दूर करने के लिए वैज्ञानिक अब साइकोबायोटिक्स पर काम कर रहे हैं - यानी ऐसे फायदेमंद बैक्टीरिया प्रोबायोटिक्स के रूप में जो मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करते हैं। कुछ छोटे मानव परीक्षण बताते हैं कि इलाज के लिए अपने आप में इनकी क्षमता सीमित है, लेकिन साइकोबायोटिक्स अवसादरोधी दवाइयों का असर बढ़ा सकते हैं।

इस सम्बंध में वैज्ञानिकों का ध्यान आहार पर भी रहा है। हमारा आहार हमारी आंत के सूक्ष्मजीव संसार को गहराई से प्रभावित करता है। 2017 में ऑस्ट्रेलिया में हुए एक मशहूर अध्ययन में पाया गया था कि मेडिटेरेनियन डाइट जिसमें फल, सब्जियां, दालें, मछली और साबुत अनाज अधिक हों अपनाने से प्रतिभागियों में अवसाद के लक्षण काफी कम हुए। भोजन से शरीर को प्रोबायोटिक्स मिलते हैं। ए ऐसे तत्व हैं जिन पर अच्छे बैक्टीरिया पनपते हैं और इस तरह एक स्वस्थ सूक्ष्मजीव समुदाय विकसित होता है। शुरुआती नतीजे उत्साहजनक हैं, लेकिन यह क्षेत्र अभी नया है और इसमें कई सवाल बाकी हैं। जैसे, मानसिक स्वास्थ्य के लिए कौन-से खास सूक्ष्मजीव सबसे ज्यादा जरूरी हैं? फायदा सूक्ष्मजीवों की विविधता से होता है या कुछ खास सूक्ष्मजीवों की उपस्थिति या अनुपस्थिति से? कितने समय तक सूक्ष्मजीव संसार में बदलाव बने रहने चाहिए ताकि लक्षणों में सुधार दिखे? प्रोबायोटिक्स का असर इसलिए है कि वे अवसादरोधियों की क्षमता बढ़ाते हैं या वे एक बिल्कुल अलग प्रक्रिया से काम करते हैं? वैज्ञानिक भविष्य में मानसिक स्वास्थ्य की ऐसी चिकित्सा की कल्पना कर रहे हैं, जिसमें इलाज का तौर-तरीका मरीज की आंतों के सूक्ष्मजीवों के अनुसार तय किया जाएगा।

**स्रोत फीचर्स**

## हाईटैक सिटी गुरुग्राम में जलभराव का दोषी कौन



रजनीश कपूर

आज केगुरुग्राम, जिसे 'मिलेनियम सिटी' और 'साइबर सिटी' जैसे गौरवशाली नामों से नवाजा जाता है, हर साल मानसून के आगमन के साथ एक जलमग्न नरक में तब्दील हो जाता है। महज दो घंटे की बारिश इस शहर को घुटनों तक पानी में डुबो देती है। सड़कों पर घंटों लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है। करोड़ों रूपए की कीमत वाले आलीशान घरों में रहने वाले लोग बुनियादी सुविधाओं के अभाव में त्रस्त हो उठते हैं। यह विडंबना है कि एक ओर गुरुग्राम भारत के सबसे महंगे रियल एस्टेट बाजारों में से एक है, जहां लोग भारी-भरकम टैक्स और किराए चुकाते हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी विभागों की लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी के कारण यह शहर हर बारिश में डूब जाता है। इस संकट ने न केवल शहर की छवि को धूमिल किया है, बल्कि निवासियों के बीच गुस्सा और निराशा को भी बढ़ावा दिया है।

हाल ही में, प्रसिद्ध लेखक और उद्यमी सुहेल सेठ ने एक सार्वजनिक मंच पर हरियाणा सरकार और स्थानीय प्रशासन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने गुरुग्राम की स्थिति को 'शर्मनाक' करार देते हुए कहा, ह्गुरुग्राम खत्म हो चुका है। आप कल्पना भी नहीं कर सकते। इसकी शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस स्थिति को संभाल नहीं पा रहे। बीजेपी को गंभीर आत्ममंथन की जरूरत है। वे 11 साल से इस राज्य को चला रहे हैं, अब नेहरू को दोष नहीं दे सकते। सेठ की यह टिप्पणी न केवल गुरुग्राम की बदहाल स्थिति को उजागर करती है, बल्कि सरकारी एजेंसियों की जवाबदेही की कमी को भी रेखांकित करती है।

सुहेल सेठ ने अपनी एक अन्य टिप्पणी में कहा, क्या नालों की सफाई के लिए रॉकेट साइंस चाहिए? नहीं, बिल्कुल नहीं। उनकी यह बात सटीक है। गुरुग्राम जैसे शहर, जो गूगल, मेटा और सैमसंग जैसे बड़े कॉरपोरेट्स का घर है, को बुनियादी ढांचे के मामले में इतना पिछड़ा होना न केवल शर्मनाक है, बल्कि यह एक गंभीर प्रशासनिक विफलता को भी दर्शाता है। निवासियों का गुस्सा जायज है, क्योंकि वे अपनी मेहनत की कमाई से भारी टैक्स और किराए चुकाते हैं, लेकिन बदले में उन्हें बारिश में डूबता शहर और घंटों का ट्रैफिक जाम मिलता है।

गुरुग्राम में जलभराव की समस्या कोई नई बात नहीं है। हर साल मानसून के दौरान शहर की सड़कें नदियों में बदल जाती हैं, और प्रमुख मार्ग जैसे गोल्फ कोर्स रोड, सोहना रोड, और दिल्ली-जयपुर हाईवे पर घंटों तक ट्रैफिक रेंगता रहता है। 1 सितंबर 2025 को, महज चार घंटे की बारिश में 100 मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई, जिसने शहर को पूरी तरह ठप कर दिया। नेशनल हाईवे-48 पर 7 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। लोग घंटों तक सड़कों पर फंसे रहे। सोशल मीडिया पर निवासियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिसमें गोल्फ कोर्स रोड जैसे पॉश इलाकों में गहरे पानी में डूबी गाड़ियां और फंसे हुए लोग दिखाई दिए।



गुरुग्राम में जन्में और वहीं पर बसे एक सफल उद्यमी और समाज सेवी शरद गोयल ने हाल ही में एक चौनल में दिए इंटरव्यू में कहा कि इस संकट का मूल कारण है शहर की अनियोजित शहरीकरण और सरकारी विभागों का आपसी तालमेल का अभाव। आज गुरुग्राम अनियंत्रित निर्माण और बुनियादी ढांचे की कमी का शिकार है।

गुरुग्राम की पुरानी भौगोलिक संरचना में कई प्राकृतिक जलाशय और नाले थे, जो बारिश के पानी को संचित करते थे। लेकिन तेजी से हुए निर्माण ने इन जल निकायों को नष्ट कर दिया। वे आगे कहते हैं कि जनता बारिश और जल भरवा से त्रस्त होती है लेकिन जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि कभी भी ऐसे मौकों पर सड़क पर दिखाई नहीं देते। नेताओं को छोड़िए निगम के अधिकारी भी ईद का चांद बने हुए हैं जो केवल अनियमितताओं के चलते ही हरकत में आते हैं। अपने गैर जिम्मेदाराना रवैए के लिए कभी भी जनता के बीच नहीं दिखाई देते।

सरकारी विभागों के बीच जवाबदेही का अभाव इस समस्या को और गंभीर बनाता है। म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ऑफ गुरुग्राम एमसीजी, हरियाणा अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी हुडा और गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी जीएमडीए जैसे विभिन्न निकाय एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हैं, लेकिन कोई भी पूर्ण रूप से समस्या का समाधान नहीं करता। गुरुग्राम हो या देश अन्य कोई शहर, सभी को इंदौर से सबक लेना चाहिए जहां के अधिकारी और जनता सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियां पूर्णतः निभाते हैं और सुखी रहते हैं। समाधान के लिए दीर्घकालिक और टिकाऊ शहरी नियोजन की जरूरत है। प्राकृतिक जल निकायों को पुनर्जनन, आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कुओं का निर्माण और अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही, सरकारी विभागों के बीच बेहतर तालमेल और जवाबदेही सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता है। हर वो अधिकारी जो गुरुग्राम जैसे क्षेत्र में तैनाती पाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाता है वो यहां आते ही काम करने से क्यों बचता है? यदि किसी भी अधिकारी पर काम न करने पर तबादले की तलवार लटका दी जाए या कुछ आलसी अधिकारियों का तबादला कर दिया जाए तो इससे बाकी अधिकारियों के बीच एक सही संदेश जाएगा।

गुरुग्राम को 'मिलेनियम सिटी' का दर्जा बनाए रखने के लिए केवल आलीशान इमारतें और कॉरपोरेट कार्यालय पर्याप्त नहीं हैं, इसे एक ऐसा शहर बनाना होगा जो अपनी जनता को बुनियादी सुविधाएं और सम्मानजनक जीवन प्रदान कर सके। जब तक ए कदम नहीं उठाए जाते, तब तक गुरुग्राम हर मानसून में डूबता रहेगा और निवासियों की निराशा बढ़ती रहेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# डिनर डिप्लोमेसी में 'ट्विस्ट': ट्रम्प की पार्टी में मस्क आउट

## ट्रम्प की डिनर पार्टी में शामिल हुए दिग्गज टेक बिजनेसमैन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार रात व्हाइट हाउस में टेक बिजनेसमैन के लिए डिनर रखा। इसमें गूगल सीईओ सुंदर पिंचाई, मेटा सीईओ मार्क जुकरबर्ग, ओपन एआई सीईओ सेम आल्टमैन, समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए।

हालांकि, टेस्ला सीईओ एलन मस्क को न्योता नहीं दिया गया। ट्रम्प ने कहा: ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था, जब इतने सारे बुद्धिजीवी एकसाथ मिले हों। उन्होंने इस टीम को 'हाई आईक्यू ग्रुप' कहकर संबोधित किया। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक यह डिनर प्रेसिडेंट हाउस के रोज गार्डन में होना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण यह स्टेट डाइनिंग रूम में किया गया। ट्रम्प के साथ डिनर में प्रथम महिला मेलानिया भी शामिल हुईं। उनके बगल में बिल गेट्स बैठे नजर आए। वहीं ट्रम्प के बगल में मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग बैठे थे। बिल गेट्स ने मेलानिया की अध्यक्षता वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एजुकेशन प्रोग्राम की सराहना की। बिल गेट्स ने मेलानिया की अध्यक्षता वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एजुकेशन प्रोग्राम की सराहना की। मस्क कुछ महीने पहले तक ट्रम्प के सलाहकार थे, लेकिन अब दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं। इस डिनर में जेरेड इसाकमैन भी रहे। इसाकमैन ही वह शख्स हैं जिनकी वजह से मस्क और ट्रम्प के बीच दूरियां आनी शुरू हुईं। इसाकमैन मस्क के करीबी सहयोगी रहे हैं। उन्हें ट्रम्प ने स्पेस एजेंसी नासा की लीडरशिप के लिए चुना था। जब ट्रम्प और मस्क के बीच दूरी आ गई, तो इसाकमैन का नामिनेशन रद्द कर दिया गया। डिनर का आयोजन व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिक्षा पर बनी नई टास्क फोर्स की बैठक के बाद हुई। टास्क फोर्स का मकसद अमेरिकी युवाओं के लिए एआई शिक्षा का विकास करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेलानिया ट्रम्प ने की। मेलानिया ने कहा कि एआई अभी शुरुआती दौर में है, इसलिए इसके साथ वैसा ही व्यवहार करना होगा जैसा बच्चों के साथ किया जाता है। इसे सतर्कता के साथ जिम्मेदार बनाना होगा। मेलानिया ने कहा कि हम एक खास समय में जी रहे हैं। बच्चों को इस भविष्य के लिए तैयार करना हमारी जिम्मेदारी है। पिछले महीने, मेलानिया ने के-12 ग्रेड के छात्रों के लिए एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता शुरू की, जिसमें एआई का उपयोग करके चुनौतियों का समाधान करने को कहा गया। हालांकि, उन्होंने एआई के नुकसान पर भी ध्यान दिया। मेलानिया ने इस साल एआई-जनरेटेड डीपफेक इमेज का इस्तेमाल कर आनलाइन यौन शोषण करने वालों के खिलाफ कानून बनाने की मांग की थी।



ट्रम्प के साथ डिनर में प्रथम महिला मेलानिया भी शामिल हुईं, उनके बगल में बिल गेट्स बैठे नजर आए



चेन्नई। अमेरिका द्वारा भारत पर हाल ही में लगाए गए टैरिफ बढ़ोतरी के विरोध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ पोस्टर लेकर प्रदर्शन में भाग लेते वामपंथी दलों के कार्यकर्ता

## इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा 'पेंटागन'

### ट्रम्प देंगे इसको नया नामः युद्ध मंत्रालय

**वाशिंगटन।** अमेरिकी के पेंटागन को युद्ध मंत्रालय और रक्षा मंत्री को युद्ध मंत्री के नाम से जाना जाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नया कानून बनाने जा रहे हैं जिसके अंतर्गत ये दोनों नाम बदल दिए जाएंगे।

नया नाम रक्षा मंत्रालय, एक द्वितीयक पद के रूप में इस्तेमाल होगा और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को युद्ध मंत्री के नाम से जाना जाएगा। सरकार को इस पर कानून बनाने के लिए पहले अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी चाहिए होगी। नाम बदलने के तर्क में कहा गया है कि 'युद्ध मंत्रालय' नाम 'रक्षा मंत्रालय' की तुलना में कहीं अधिक तत्परता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। रक्षा शब्द से केवल रक्षात्मक क्षमताओं पर ही ध्यान जाता है। विदित हो कि अमेरिकी सशस्त्र सेवाओं की देखरेख करने वाले पेंटागन को 1947 तक युद्ध मंत्रालय ही कहा जाता था।

> ■ सरकार को इस पर कानून बनाने के लिए पहले अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी चाहिए होगी
> ■ रक्षा शब्द से केवल रक्षात्मक क्षमताओं पर ही ध्यान जाता है

## संक्षिप्त समाचार

### युगांडा में एमपॉक्स के मामले 8001 पहुंचे, 50 की मौत

**कंपाला।** युगांडा में पिछले चौबीस घंटों में खतरनाक बीमारी एमपॉक्स के कारण दो लोगों की और मौत होने से इससे मरने वालों का आंकड़ा 50 पर पहुंच गया। साथ ही 15 नए मामले दर्ज किए गए जिससे इस बीमारी से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़कर 8001 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि नए मामले भले ही सामने आए हों लेकिन इस बीमारी का संक्रमण ढलान पर है। सप्ताह के आधार पर सामने आए मामलों को देख कर यह कहा जा सकता है कि संक्रमण की घटनाओं में कुल मिलाकर कमी आई है।

### श्रीलंका बस हादसे में कम से कम 15 मरे

**कोलंबो।** श्रीलंका के उवा प्रांत में एला-वेल्लावेया मार्ग पर गुरुवार रात एक बस दुर्घटना में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इस दुर्घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा तब हुआ जब एक बस सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। अस्पताल के एक प्रवक्ता ने बताया कि घायलों में कुछ की स्थिति बेहद गंभीर है। बस में सवार यात्री एक समूह में थे और वे छुट्टियां मना कर वापस लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि दुर्गम इलाके में पुलिस, सेना, अग्निशमन विभाग और स्थनीय लोगों के साथ बचाव कार्य चल रहा है।

### इटली के मशहूर डिजाइनर जियोर्जियो अरमानी का निधन

**रोम।** इटली के मशहूर फैशन डिजाइनर और अरमानी ग्रुप के संस्थपक जियोर्जियो अरमानी का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बीबीसी के मुताबिक वह इतालवी शैली और लालित्य के आदर्श थे, जिन्होंने आधुनिक दर्शकों के लिए पुरुषों और महिलाओं के परिधानों को डिजाइन किया था। अरमानी को दुनिया भर के फैशन में सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक माना जाता था। वह अपनी आखिरी सांस तक बिजनेस और डिजाइन के काम में सक्रिय रहे।

## रूस और यूक्रेन युद्ध पर भारत की यूएन में दो टूक

**न्यूयार्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कहा है कि वह रूस-यूक्रेन जंग को जल्द ही खत्म करने के लिए राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थई प्रतिनिधि पार्वथनेनी हरीश ने कहा कि भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि निर्दोष लोगों की जान नहीं जानी चाहिए।

युद्ध के मैदान में इसका कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता। भारत ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि जंग खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है, चाहे यह रास्ता कितना भी कठिन क्यों न लगे। स्थई शांति के लिए दोनों देशों की भागीदारी और प्रतिबद्धता अहम है। जंग का जल्द ही अंत होना सभी के हित में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मौकों पर कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। भारत इसके लिए कूटनीतिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। भारत इस दिशा में हाल के सकारात्मक घटनाक्रमों का स्वागत करता है। हमने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में हुई समिट का समर्थन किया। हम अलास्का समिट में हुई प्रगति की सराहना करते हैं। हम वाशिंगटन डीसी में यूक्रेनी राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं के साथ ट्रम्प के कूटनीतिक प्रयासों की भी सराहना करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिलहाल की स्थिति को लेकर राष्ट्रपति पुतिन, राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूरोपीय नेतृत्व के संपर्क में हैं।

> ■ राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार फिर दोहराई पीएम मोदी की बातः ये युग युद्ध का नहीं

## इजरायल के हवाई हमले में हूती के 12 सदस्य मारे गए

**यरूशलम।** इजरायल सेना के पिछले हफ्ते सना में एक सैन्य ठिकाने पर किए गए हवाई हमलें में हूती समूह के 12 सदस्य मारे गए। सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि पिछले गुरुवार को हुए हमलों में यमन की राजधानी में एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया गया, जिसका इस्तेमाल हूती समूह के वरिष्ठ कमांडर करते थे, जहां सैन्य अधिकारी और सरकारी मंत्री मौजूद थे। बयान में इन अधिकारियों के नाम नहीं बताए गए, लेकिन हूती ने पिछले हफ्ते पुष्टि की थी कि हूती सरकार के प्रधानमंत्री अहमद गालिब अल-रहावी भी मारे गए लोगों में शामिल थे। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गुरुवार को इजरायल पर हुए हालिया हूती हमलों का कड़ा जवाब देने का संकल्प लिया।

## वेनेजुएला ने अमेरिकी वॉरशिप के ऊपर उड़ाया एफ-16 फाइटर जेट

### तनाव बढ़ाः ताकत दिखाने की कोशिश न करें, अंजाम बुरा होगा

**कराकस।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। वेनेजुएला के दो एफ-16 लड़ाकू विमानों ने गुरुवार को कैरेबियन सागर में अमेरिकी वारशिप यूएसए जेसन डनहम के ऊपर से उड़ान भरी।

अमेरिका ने इस कदम की आलोचना की और कहा कि वेनेजुएला ताकत दिखाने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी रक्षा विभाग ने देर रात जारी बयान में वेनेजुएला को चेतावनी दी कि वे आगे ऐसी उकसावे वाली हरकत की तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। डनहम एक गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रायर वॉरशिप है, जिसे अमेरिका ने पिछले सप्ताह वेनेजुएला के पास तैनात किया था। अमेरिका के मुताबिक, यह जहाज ड्रग्स और आपराधिक संगठनों को निशाना बनाने के लिए तैनात किया गया है। 40 साल पहले अमेरिका और वेनेजुएला के बीच संबंध काफी अच्छे थे। साल 1982 में वेनेजुएला और अमेरिकी कंपनी लाकहीड मार्टिन के बीच 24 एफ-16 फाइटर जेट्स को लेकर करार हुआ था। इनकी डिलिवरी 1982 से 1985 के बीच हुई। यह पहली बार था जब किसी लैटिन अमेरिकी देश को एफ-16 दिए गए। शुरुआत में इन विमानों का रखरखाव और अपग्रेड भी अमेरिका ही करता था। 2000 के बाद जब ह्यूगो शावेज और फिर निकोलस मादुरो वेनेजुएला की सत्ता में आए, तब अमेरिका से इसके के रिश्ते बिगड़ गए। अमेरिका ने 2006 में वेनेजुएला पर हथियार प्रतिबंध लगा दिया, जिस कारण वेनेजुएला अब अपने एफ-16 के लिए अमेरिकी स्पेयर पार्ट्स नहीं खरीद सकता था। इसके चलते ज्यादातर एफ-16 जेट धीरे-धीरे खराब हो रहे हैं और इनका इस्तेमाल सीमित हो गया है। आधिकारिक तौर पर वेनेजुएला के पास अब 5 से 6 एफ-16 हैं जो उड़ने के काबिल हैं। बाकी या तो स्टोरेज में हैं या कबाड़ बन चुके हैं।

### अमेरिका ने किया खबरदार



वेनेजुएला ने इन्हें अपग्रेड कराने के लिए रूस और ईरान से मदद लेने की कोशिश भी की, लेकिन एफ-16 अमेरिकी तकनीक है, इसलिए इसे पूरी तरह से अपग्रेड करना मुश्किल हो गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ड्रग कार्टेल पर सख्ती के लिए यह नौसैनिक अभियान शुरू किया था। इसी वजह से दोनों देशों के रिश्तों में और तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने राष्ट्रपति मादुरो पर आरोप लगाया है कि वह ड्रग कार्टेलों से मिले हुए हैं और उनकी मदद से अमेरिका और उसके इलाको में नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं।

## अफगान में नौ घंटे में पांच बार कांपी धरती

### जमीन से 50 किमी की गहराई में लगे इन झटकों के बाद अफगानिस्तान में दशहत का माहौल

**काबुल।** अफगानिस्तान में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बीते नौ घंटे में यहा भूकंप के पांच झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह 7.46 बजे 4.6 तीव्रता का भूकंप आया।

इससे कुछ ही देर पहले यहां 5.2 तीव्रता के झटके लगे थे। इससे पहले गुरुवार आधी रात के बाद करीब 3:16 बजे 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले रात 11.58 बजे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.1 मापी गई। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी (एनसीएस) के मुताबिक काबुल से 118 किलोमीटर दूर भूकंप आया। जमीन से 50 किमी की गहराई में लगे इन झटकों के बाद अफगानिस्तान में दहशत का माहौल है। बता दें कि 4.1 तीव्रता के भूकंप से चंद मिनट पहले भी धरती कांपी थी, जिसकी तीव्रता 5.8 मापी गई। इस तरह 24 घंटे से भी कम समय में चार झटके लगे और पांच घंटे के भीतर तीन बार धरती कांपी। इससे करीब आधे घंटे पहले लगे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.8 मापी गई। भूकंप के झटके काबुल से पूर्वी दिशा में लगभग 133 किमी दूर आए। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की गहराई 160 किमी रही। इससे पहले आज दिन में भी भूकंप के झटके महसूस किए थे। जिसकी तीव्रता 4.8 थी। भूकंप 135 किलोमीटर की गहराई में आया था। बता दें कि 4 सितम्बर की सुबह 10:40 बजे भी भूकंप आया था, जिसमें अब तक 2200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, बुधवार देर रात भी यहां 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप दर्ज किया गया था, जिससे आफ्टरशाक का खतरा बढ़ गया था। 'एक्स' पर एक पोस्ट में एनसीएस ने बताया कि अफगानिस्तान में रात 23:53 बजे 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस बीच खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने अफगानिस्तान के भूकंप प्रभावित कुनार और नंगरहार प्रांतों में आपातकालीन सहायता भेजी है, जहां 2205 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 3000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।



> ■ इससे करीब आधे घंटे पहले लगे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.8 मापी गई

## 'बांग्लादेश दरिया-ए-नूर' हीरे वाली तिजोरी खालेगा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका के एक स्टेट बैंक की लंबे समय से बंद पड़ी तिजोरी को खोलने का आदेश दिया है। इस तिजोरी को 117 साल पहले (1908 में) सील की गई थी। इस तिजोरी में दुनिया की सबसे कीमती रत्नों में से एक 'दरिया-ए-नूर' हीरा बंद होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि यह हीरा वहां है भी या नहीं, क्योंकि दशकों से इसे देखा नहीं गया है। दरिया-ए-नूर को 'कोहिनूर की बहन' कहा जाता है। कोहिनूर अभी ब्रिटेन में मौजूद है। दोनों हीरे भारत से ले जाए गए थे। वर्तमान में दरिया-ए-नूर की कीमत लगभग 13 मिलियन डालर (लगभग 114.5 करोड़ रुपये) आंकी गई है।

## सितम्बर का महीना नेतन्याहू के लिए इम्तिहान जैसा

### फलस्तीन स्वतंत्र राष्ट्र जैसे कई बड़े घटनाक्रम

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए सितम्बर का महीना आसान नहीं होने वाला। वजह है कई बड़े घटनाक्रम, जो इजरायल की राजनीति और कूटनीति को झकझोर सकते हैं।

इसी महीने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा होने जा रही है, जहां फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की मांग उठेगी। दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो यरुशलम पहुंच रहे हैं, यूएई ने लाल रेखा खींच दी है और इजरायली सेना गाजा में बड़े अभियान की तैयारी में जुटी है। यानी, सितम्बर नेतन्याहू के लिए सियासी और रणनीतिक इम्तिहान लेकर आया है। पेरिस, लंदन, ब्रसेल्स, ओटावा और कैनबरा जैसे अहम पश्चिमी शहर फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने की तैयारी में हैं। इसके जवाब में इजरायल के भीतर यह बहस तेज हो गई है कि यहूदा और शमरोन (पश्चिमी तट) के बड़े हिस्से को अपने अधिकार क्षेत्र में शामिल कर लिया जाए। इसी बीच, वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने यहूदा और शमरोन (वेस्ट बैंक) के बड़े हिस्से को इजरायल में मिलाने की योजना पेश कर दी है। इस योजना के मुताबिक बड़े फलस्तीनी शहर रामल्ला, नाबलुस, हेब्रोन, जेरिको, जेनिन और तुल्करम फलस्तीनी अथॉरिटी के अधीन रहेंगे, लेकिन बाकी जमीन इजरायल के अधीन जाएगी। संयुक्त अरब अमीरात ने साफ कहा है कि अगर इजरायल एनेक्सेशन करता है तो अब्राहम समझौता खतरे में पड़ जाएगा। याद रहे कि 2020 में यही समझौता इस शर्त पर हुआ था कि इजरायल अधिग्रहण को रोक देगा।



> ■ इजरायल की राजनीति और कूटनीति को झकझोर सकते हैं

## यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देंगे 26 देश

### यूक्रेन बॉर्डर पर इंटरनेशनल फोर्स तैनात होगी, जेलेंस्की ने ट्रम्प से भी समर्थन मांगा

**पेरिस।** 26 यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को पोस्ट वॉर सुरक्षा गारंटी देने का वादा किया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में एक इंटरनेशनल फोर्स भी तैनात की जाएगी। मैक्रों ने 'कोएलिशन ऑफ विलिंग्स' समिट के बाद प्रेस मीट में ए जानकारी दी।

इस बैठक में ईयू समेत 35 देशों के नेता के शामिल हुए, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समिट के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से भी बातचीत की और गारंटी के लिए समर्थन देने को कहा। मैक्रों ने कहा कि इससे भविष्य में किसी बड़े हमले को रोका जा सकेगा। कुछ देश यूक्रेन के बाहर से भी सहायता देंगे, जैसे कि यूक्रेनी सेना को ट्रेनिंग देना और हथियारों की आपूर्ति करना। हालांकि, मैक्रों ने यह साफ नहीं किया कि कितने सैनिक शामिल होंगे या कौन-कौन से देश इस गारंटी में हिस्सा लेंगे। मैक्रों ने बताया कि सहायता देने वाले देशों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई देश अभी फैसला लेने की प्रक्रिया में हैं। वहीं, अमेरिका की भागीदारी को लेकर अगले कुछ दिनों में अंतिम निर्णय होने की उम्मीद है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने इस समिट में हिस्सा लिया। बैठक से पहले उन्होंने फ्रांसीसी, ब्रिटिश, जर्मन, इतालवी और यूक्रेनी वरिष्ठ राजनयिकों से मुलाकात की। यूरोपीय अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन में शांति अभी दूर की कौड़ी लगती है, लेकिन वे युद्ध खत्म होने के बाद भी किसी भी इमरजेंसी के लिए तैयार रहना चाहते हैं। वे मानते हैं कि, इस प्रयास से यूक्रेन को अपने समर्थन का भरोसा दिला सकते हैं।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acnc) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108